रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

चुनावी समर

रांची, रविवार 12 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 33

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.6 | 27.2 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 23.9 |
| डालटनगंज | 40.6 | 26.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




**राहुल गांधी बोले- 180 पर सिमटेगी भाजपा**



## मैं लिखित में देने को तैयार मोदी फिर नहीं बनेंगे पीएम

**हैदराबाद।** राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी पीएम नहीं, बल्कि एक राजा हैं. मैं यह भी कहता हूं कि कांग्रेस ने भी गलतियां की हैं. गांधी ने दावा किया कि मोदी कुछ फाइनेंसरों का मुखौटा हैं. मोदी जी राजा हैं, मैं सच कह रहा हूं. वह पीएम नहीं, वह एक राजा हैं. उनका मंत्रिमंडल, संसद या संविधान से कोई लेना-देना नहीं है. वह 21वीं सदी के राजा हैं और दो या तीन फाइनेंसरों के सामने हैं जिनके पास वास्तविक शक्ति है. राहुल ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा 180 से अधिक सीटें नहीं जीतेगी. मोदी फिर से भारत के पीएम नहीं बनेंगे. अगर आप चाहें तो मैं लिखित में दे दूंगा हूं कि मोदी वापस नहीं आएंगे. राहुल ने यह भी दावा किया कि उन्हें सत्ता की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है. मैं सत्ता पैदा हुआ और इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है, लेकिन मेरे लिए यह जनता की मदद करने का एक उपकरण मात्र है. जब इंडिया ब्लॉक की सरकार सत्ता में आएगी, तो वे जाति जनगणना का आदेश देंगे. अगर देश मजबूत करना है, तो 90% को शामिल करना ही होगा.

**अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को दिया संदेश**



## उठिए, देश का भविष्य बदलने के आंदोलन का हिस्सा बनिए

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को दिये संदेश में कहा कि चुनाव संविधान, समाजवादी मूल्यों, आरक्षण एवं मान-सम्मान-स्वाभिमान का नया राष्ट्रीय आंदोलन है. अखिलेश ने संदेश में कहा, देश व समाज आपको पुकार रहा है. उठिए, देश के भाग्य और भविष्य को बदलने के आंदोलन का हिस्सा बनिए. साथ ही मतदान से लेकर परिणाम तक, बूथ से लेकर स्ट्रांग रूम तक, गिनती से लेकर जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक सतर्क, सचेत व चौकन्ने रहकर अपने वोट की रक्षा करें. किसी तरह के डर और दबाव मे न आएं, दमनकारी लोगों का नाम-फ़ोटो लेकर चुनाव आयोग को सीधे भेजें. साथ ही हमारी ये अपील याद रखें-मतदान भी, सावधान भी. प्रिय समाजवादियों, यह चुनाव एक ऐतिहासिक है, जो संविधान और मूल्यों की रक्षा-संरक्षा का चुनाव है. पिछले चरणों में आपने गठबंधन को जिताने वाला मतदान कर के और करवा के, बड़ी जीत की नींव रखी है, उसी नींव पर आगामी चरणों में गठबंधन की सरकार की इमारत बुलंद होने जा रही है.

**ममता बनर्जी बोलीं- मैं राजभवन नहीं जाऊंगी**



## राज्यपाल के साथ बैठना भी अब मेरे लिए पाप है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को कथित रूप से छेड़छाड़ के आरोपों से घिरे राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर निशाना साधा. ममता ने हुगली के सप्तग्राम में सभा में राज्यपाल पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों पर मुंह खोला. उन्होंने कहा कि राजभवन बुलाने पर भी वह नहीं जाएंगी. उनके बगल में बैठना भी पाप है. सीएम ने राजभवन द्वारा सामने लाए गए सीसीटीवी फुटेज पर सवाल उठाए. कहा कि राज्यपाल ने प्रेस को बुलाया. कुछ वीडियो संपादित करके दिखाए. पूरा शो किया? मेरे पास भी एक प्रति है. संपादित भी है. मुझे एक और वीडियो मिला है. मामला सामने आने के बाद राज्यपाल ने बिना नाम लिए ममता पर हमला बोला था और कहा था वह दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं करेंगे. ममता ने राज्यपाल पर हमला बोलते हुए कहा, माननीय राज्यपाल, मुझे बताएं कि मुझसे क्या गलती हुई है. मुझे पूरी कहानी नहीं पता है. मुझसे कह रहे हैं, दीदीगीरी नहीं चलेगी. लेकिन आप इस्तीफा कब देंगे? डरें मत, मेरे पास सबूत की कॉपी है.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,200 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### 1 जून से बेंगलुरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू



**कोलकाता।** इंडिगो ने एक जून से देवघर और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है. कंपनी ने कहा कि सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी. उड़ान संख्या 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी. वापसी की उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलुरु में उतरेगी.

### यमुनोत्री में भारी भीड़ फंसे हजारों श्रद्धालु

**यमुनोत्री।** चारधाम यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को हजारों यात्री फंस गये हैं. पहले ही दिन करीब 45 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए. बता दें कि यमुनोत्री में भीड़ से बुरा हाल है, यहां तक कि पैर रखने के लिए भी जगह लोगों को नहीं मिल रही. पैदल मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़े से दर्शन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. और यात्री जहां-तहां फंस गये हैं.

### तीसरे चरण में 65.68% वोट पड़े: चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अद्यतन आंकड़े के अनुसार, तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ. आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी. निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद आठ मई को भी मतदान प्रतिशत का यही आंकड़ा बताया था. इससे पहले, 2019 के संसदीय चुनावों के तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत 68.4 था.

### पंजाबी कवि सुरजीत पातर का निधन

**लुधियाना।** प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर का शनिवार की सुबह निधन हो गया. वह 79 वर्ष के थे. उनके परिजनों ने यह जानकारी दी. कवि पातर के निधन पर देश भर के कवियों, बुद्धिजीवियों और नेताओं ने शोक जताया है.




**पीएम ने चतरा के सिमरिया में की चुनावी जनसभा, बोले**

# झारखंड में लोस के बाद विस चुनाव भी जीतेंगे

**रवि भारती। रांची/चतरा**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडी के लोगों ने झारखंड में सिर्फ अफीम उद्योग लगाया है. राज्य सरकार इसे संरक्षण दे रही है. इंडी गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है. हर घर नल का जल पहुंचाने के लिए योजना शुरू की गयी है, लेकिन झारखंड सरकार इसे रोकने में लगी है. झामुमो-कांग्रेस का एक ही एजेंडा है. न काम करेंगे और न करने देंगे. भ्रष्टाचार ही इनका मुख्य काम है. कांग्रेस के सांसद के पास से 300 करोड़ से अधिक कैश मिले. गिनने में मशीनें हांफने लग गयीं.

पीएम मोदी शनिवार को चतरा के सिमरिया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है. गरीब आदिवासियों की बेटियों की इज्जत लूटी जा रही. कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी व एससी का आरक्षण छीनने पर लगा है. धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध किया. आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति आपके वोटों ने बनाया. आदिवासियों ने राजकुमार राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बना दिया. पीएम ने दावा किया एनडीए झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगा. यही नहीं इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी एनडीए का परचम लहरायेगा.

**शाहजादे की पार्टी को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी :** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि शाहजादे और उनकी पार्टी को इस बार उनकी उम से भी कम सीटें मिलेंगी. कांग्रेस के शहजादे आज कल नया फॉर्मूला लेकर आ रहे हैं. वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे. कितनी जमीन है. इसकी भी जांच की जाएगी. वे ऐसा कानून लाने वाले हैं. आप की जमीन भी हड़प लेंगे. आज एक ही विश्वास के साथ देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार. तीन चरणों में ही जनता ने ऐसा सबक सिखाया है कि वे विलय करके मान्य विपक्ष के लिए जगह ढूंढ़ रहे हैं. मैं देशवासियों को एडवांस में बधाई देता हूं. मैं अभी ओडिशा से आ रहा हूं. उससे पहले तेलांगना में था. ओडिशा, आंध्र, तेलंगाना में मैं साथियों को बड़ी जिम्मेवारी के साथ कहता हूं कि इस चुनाव के साथ जहां विधानसभा के चुनाव भी चल रहे हैं. वहां विधानसभा में भी भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी.



**बोले पीएम**

- आदिवासियों ने ही राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया था
- भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है यहां की इंडी गठबंधन की सरकार
- झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीतेंगे एनडीए के उम्मीदवार

### कांग्रेस और उसके साथियों ने मान ली है अपनी हार

मोदी ने कहा कि पहले तीन चरणों के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने हार स्वीकार कर ली है. इंडी गठबंधन के एक बड़े नेता का तीन दिन पहले एक बयान आया. मेरे हिसाब से उनका ये बयान बहुत ही सोचा-समझा है. और बहुत ही निराशा से पैदा करने वाला है. बयान है कि इंडिया अलायंस के साथ जुड़ी जो क्षेत्रीय पार्टियां हैं, सबको कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए. झामुमो जैसे छोटे दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए. मैं सोच रहा था कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा. उनमें इतनी हताशा, निराशा घर कर गई है कि 4 जून के बाद अपनी पार्टी का अस्तित्व मिटाने की सोच रहे हैं.वो क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं. तीन चरणों के रुझान के बाद मुझे समझ आया कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा. उनके मन में पक्का हो गया है कि कांग्रेस और उसके साथी मिलकर भी विपक्ष को जितनी सीटें चाहिए, वो 10 फीसदी होती है, इतनी भी नहीं आएंगी. पीएम मोदी ने कहा कि चतरा से कालीचरण सिंह व हजारीबाग से मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजयी बनाएं.

### झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार

**संवाददाता। रांची**



असम के सीएम हिमंता बिश्व शर्मा ने कहा है कि देश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी. सब मिलकर झारखंड के कल्याण, अस्मिता और झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे. वे शनिवार को तमाड़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने तमाड़ की जनता को मोबाइल के स्पीकर से ही संबोधित किया. इसकी वजह यह रही कि उन्हें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए चुनावी सभा में बोकारो से हेलीकॉप्टर से तमाड़ आना था. पर मौसम खराब होने के कारण नहीं आ सके. बाद में उन्होंने मोबाइल स्पीकर से ही जनसभा को संबोधित किया. हिमंता ने कहा कि अर्जुन मुंडा देश के आदिवासी समाज के सबसे बड़े नेता हैं. खूंटी के लिए तो काम करते ही हैं, असम सहित अन्य क्षेत्रों में भी जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं. देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन मुंडा का जीतना जरूरी है. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मंत्री के पीएस के घर से ईडी को 35 करोड़ रुपये मिलता है, तो आप समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा. अर्जुन मुंडा जीत कर आएंगे तो मंत्री बनेंगे. उसके बाद झारखंड में भी भाजपा की सरकार बन जाएगी. हिमंता ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं. झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है, उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है.

**जेल से निकलने पर अरविंद केजरीवाल ने की सभा, कहा**

# मोदी का वन मिशन वन नेशन-वन लीडर

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से निकलने के दूसरे दिन शनिवार को दिल्ली के लोगों को संबोधित किया. उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी तानाशाह हैं. उनका एक ही मिशन है- वन नेशन-वन लीडर. यह बेहद खतरनाक मिशन है. वह देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं. जितने विपक्ष के नेता है, उन्हें जेल भेज देंगे और भाजपा के नेताओं को निपटा देंगे. इन्होंने लालकृष्ण आडवाणी को किनारे किया, मुरली मनोहर जोशी को साइड किया, वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, रमन सिंह, मनोहर लाल खट्टर सबका राजनीतिक कैरियर खत्म कर दिया. अब अगर चुनाव जीत कर दुबारा सत्ता में आए, तो दो माह के भीतर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किनारे लगा देंगे. योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर केजरीवाल ने उन कयासों को हवा दे दी है, जो यूपी में चल रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि अगला नंबर योगी को निपटाने का है. इससे पहले केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की. फिर सभा को संबोधित किया. करीब 20 मिनट के भाषण में केजरीवाल पूरे फॉर्म में दिखे. उन्हें सुनने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे. वहां मौजूद भीड़ का जोश देख कर यह समझा जा सकता है कि केजरीवाल का क्रेज आज भी बरकरार है.

### नहीं देंगे इस्तीफा

अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद भी इस्तीफा नहीं देने के उठते सवालों पर कहा कि मुख्यमंत्री का पद उनके लिए मायने नहीं रखता. उन्होंने इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी छोड़ कर 10 सालों तक झुग्गी-झोपड़ी में वहां रहने वालों के लिए काम किया है. पहली बार जब दिल्ली की जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया, तब 49 दिनों के भीतर उन्होंने पद त्याग दिया था. मोदी तानाशाह हैं. सरकार गिराने के लिए जेल भेजा गया. अगर मैं इस्तीफा दे देता तो कल को ये दूसरे राज्य के सीएम को गिरफ्तार कर लेंगे. फिर उनकी सरकार गिरा देंगे. हम यह नहीं होने देंगे। - शेष पेज 11 पर



### मोदी सरकार नहीं बनेगी

केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता में वापस नहीं आ रही. केंद्र में इंडिया की सरकार बन रही है. और आप उसका हिस्सा होगा. केजरीवाल ने सवाल किया, क्या भाजपा का हरियाणा में सीटें बढ़ रही हैं, भीड़ ने नहीं कहा. फिर केजरीवाल ने कहा राजस्थान, कर्नाटक, एमपी, बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल, झारखंड, यूपी में इनकी सीटें कम हो रही हैं, तो फिर वो जीतेंगे कहां से. केजरीवाल ने दावा किया कि एनडीए को 220-230 से अधिक सीटें नहीं आएंगी.

### भाजपा का पीएम कैंडिडेट कौन

अरविंद केजरीवाल ने मोदी पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग पूछते हैं कि इंडिया का पीएम कैंडिडेट कौन है. मैं पूछता हूं भाजपा का पीएम कैंडिडेट कौन है. नरेंद्र मोदी अगले साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे. सत्ता में आने के बाद मोदी ने खुद यह नियम बनाया था कि 75 साल से अधिक के उम्र वाले मार्गदर्शन मंडली में जाएंगे. इसलिए मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे. और अमित शाह को सत्ता सौंप देंगे.

### केजरीवाल की फिरकी में फंसे शाह!

**सुरजीत सिंह**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं पूछता हूं भाजपा का पीएम कैंडिडेट कौन है. नरेंद्र मोदी अगले साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे. सत्ता में आने के बाद मोदी ने खुद यह नियम बनाया था कि 75 साल से अधिक के उम्र वाले मार्गदर्शन मंडली में जाएंगे. इसलिए मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे और अमित शाह को सत्ता सौंप देंगे. कुछ घंटे बाद गृह मंत्री अमित शाह ने केजरीवाल का जवाब दिया. कहा, भाजपा के प्रधानमंत्री की चिंता छोड़े. आगे भी नरेंद्र मोदी ही सत्ता संभालेंगे. भाजपा के संविधान में 75 साल की उम्र.. जैसा कुछ भी नहीं है.

ठीक है. अमित शाह सही बोल रहे हैं. भाजपा के संविधान में यह नहीं लिखा है कि अगर कोई नेता 75 साल का हो जाएगा, तो वह रिटायर हो जाएगा. लेकिन यह भी सच है कि वर्ष 2014 में मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने 75 साल की उम्र पार कर चुके नेताओं को न तो मंत्री बनाने और ना ही पार्टी में पद देने की बात कही थी. इसी के तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शन मंडल में भेजा गया था. साथ ही शांता कुमार, बीसी खंडूरी, हुकुमदेव यादव, कड़िया मुंडा, बिजया चक्रवर्ती जैसे नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था. कुछ दिनों बाद 75 साल की उम्र पूरी होने पर ही कलराज मिश्रा, नजमा हेपतुल्ला को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था. यह बात भाजपा में भी किसी से छिपी नहीं है. हालांकि यह भी सच है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कई वैसे नेताओं को टिकट दिया गया था, जिनकी उम्र 75 वर्ष से अधिक थी.

बहरहाल, अरविंद केजरीवाल द्वारा 75 साल की उम्र का मुद्दा उठाने और अमित शाह के जवाब के बाद आम लोगों के बीच यह संदेश तो गया ही है कि कायदे-कानून दूसरों के लिए हैं, खुद के लिए नहीं. और इस बात को आम लोग जितना समझेंगे, भाजपा के नेता-कार्यकर्ता भी उतना ही समझेंगे. वैसे अमित शाह के बयान के बाद आप सांसद संजय सिंह ने नरेंद्र मोदी को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि उन्हें बताना चाहिए कि उनके लिए अलग नियम क्यों ? -शेष पेज 11

# हिंदुओं को डराने के अलावा भाजपा का कोई एजेंडा नहीं



**शिवानंद तिवारी**
राजद के वरिष्ठ नेता

*नरेंद्र मोदी सरकार की क्या योजना है, यह भाजपा नहीं बता रही है. भाजपा की बनावट ऐसी कि हिंदू-मुसलमान के अलावा वह दूसरा कुछ कर नहीं सकती है.*

**चुनावी टिप्पणी**

क्या देश की मूल भूत समस्याओं को लेकर भाजपा के पास कोई दृष्टि नहीं है. क्या मुसलमानों से हिंदुओं को डराकर उनको अपने पक्ष में ले आने के सिवाय भाजपा का कोई एजेंडा नहीं है. पिछले दस वर्षों में आपने क्या किया, इसकी कोई जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी या गृह मंत्री अमित शाह जी नहीं दे रहे हैं. आगे क्या करेंगे, इस पर प्रधानमंत्री सहित किसी भी भाजपा नेता का बयान नहीं आया है. देश बहुत गंभीर समस्याओं से घिरा हुआ है. बेरोजगारी चरम पर है? प्रति वर्ष 2.4 करोड़ युवा काम के लिए तैयार होते हैं. लेकिन संगठित क्षेत्र में प्रति वर्ष सिर्फ केवल 50 लाख नौकरियां निकलती हैं. सबसे ज़्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र की हालत खराब है. नोट बंदी, करोना में लॉकडाउन, जीएसटी का नासमझी के साथ इस्तेमाल, इन सबकी वजह से सबसे ज़्यादा रोजगार पैदा करने वाले असंगठित क्षेत्र की कमर टूट गई है. लोगों के पास काम नहीं है, इसलिए जेब में पैसे नहीं हैं. यही वजह है कि बाजार में मंदी है.

इन समस्याओं से निपटने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की क्या योजना है, यह भाजपा नहीं बता रही है. भाजपा की बनावट ऐसी कि हिंदू-मुसलमान के अलावा वह दूसरा कुछ कर नहीं सकती है. दूसरी ओर देश की समस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन भविष्य के लिए अपनी योजनाएं बता रहा है. उस योजना से सहमत या असहमत होना अलग बात है. लेकिन भाजपा ने अभी तक इंडिया गठबंधन की भविष्य की योजनाओं पर कोई चर्चा नहीं की है. इस चुनाव अभियान में सबसे पीड़ादायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भाषण है. प्रधानमंत्री जी ने कुर्सी पर बैठने के पहले संविधान की किताब पर हाथ रख कर शपथ ली थी कि मैं भय और पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना सभी प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार न्याय करूंगा. क्या प्रधानमंत्री जी अपनी शपथ के अनुसार देश की सम्पूर्ण आबादी को एक नजर से देख रहे हैं? बल्कि प्रधानमंत्री जी जिस भाषा में जैसी बात बोल रहे हैं, उस पर शर्मिंदगी का ही एहसास होता है. जिस देश में गौतम बुद्ध, महावीर, विवेकानंद, महात्मा गांधी, सुभाष, अबुल कलाम आजाद, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जन्म लिया है, उस देश के प्रधानमंत्री नफरत फैलाने वाली बात जिस भाषा में बोल रहे हैं, उससे सिर शर्म से झुक जाता है. इसलिए, हमलोग कह रहे हैं कि देश को बचाने के लिए इस सरकार को इस चुनाव में पराजित करना ही आपदधर्म और सच्ची देश भक्ति है.

**(लेखक जेपी आंदोलन से निकले समाजवादी और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता हैं)**

# जून में बिजली कट के लिए तैयार रहें


**मांग और सप्लाई में 15 साल में सबसे अधिक, 14 गीगावाट का अंतर**

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

जून में बिजली संकट बढ़ने वाला है. बिजली की मांग और सप्लाई में करीब 14 गीगा वाट की कमी होगी. यह संकट पिछले 15 साल में सबसे बड़ी होगी. इस खबर ने केंद्र से लेकर राज्यों तक में बिजली मंत्रालयों के सामने समस्या पैदा कर दी है. जिसके बाद इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है.

पावर ग्रिडों के मेंटेनेंस करने का काम शुरू कर दिया गया है. साथ ही सप्लाई को ठीक करने की कोशिशें की जा रही हैं. केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने यह तय किया है कि जून में देश के सभी हिस्सों में समान रूप से बिजली की आपूर्ति हो, ताकि किसी खास इलाके, शहर या राज्य को संकट न झेलना पड़े. साथ ही थर्मल पावर कंपनियों से कहा गया है कि वह पूरी क्षमता से उत्पादन जारी रखें. इसके लिए कोयला कंपनियों को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं.

**तेजी से बढ़ रही मांग**




- राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड की क्षमता 442 गीगा वाट है. इसमें 43% बिजली हाइड्रो पावर और सौर ऊर्जा ग्रिड की क्षमता है. शेष बिजली कोयला वाले थर्मल पावर से आती हैं. अभी हर रोज 221.70 गीगा वाट बिजली की जरूरत है.

**बिजली संकट गहराने की दो बड़ी वजहें हैं**

- **पहली** कम बारिश होने की वजह से देश की हाईड्रो पावर परियोजनाएं अपनी क्षमता के मुताबिक उत्पादन नहीं कर रही हैं.
- **दूसरी** यह कि मार्च तक छह गीगावाट बिजली परियोजनाओं को पूरा होना था, जिसे पूरा नहीं किया गया. सभी परियोजनाएं कोयला आधारित हैं.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाई बहन का सहयोग मिलेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. निवेश, यात्रा व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे.

**वृषभ** धन अर्जन के लिए दिन शुभ है. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें.

**मिथुन** परिवार के किसी सदस्य की स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है.

**कर्क** पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. उतार-चढ़ाव बना रहेगा. राहु को शांत करने का प्रयास करें.

**सिंह** उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. आपके थोड़े ही प्रयास से भाग्य का साथ मिलेगा. प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी. घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** आर्थिक नीति में परिवर्तन सफल रहेगा, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. भाई-बंधुओं का सहयोग प्राप्त होगा.

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा. तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी. कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं.

**वृश्चिक** कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा. अतिविश्वास हानि देगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** मित्र व संबंधियों के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा लाभदायक रहेगी. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें.

**कुंभ** समय उपयुक्त है. परीक्षा व प्रतियोगिता में लाभ की स्थिति निर्मित होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सामाजिक कार्य में रुचि बढ़ेगी.

**मीन** माता के सुख में कमी हो सकती है. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. सुख में कुछ कमी होगी. अन्न का दान करें

### झारखंड में भाजपा के तीन, कांग्रेस व झामुमो के एक-एक सहित चार निर्दलीय उम्मीदवार करोड़पति

# पहले चरण के चुनाव में 15 प्रत्याशी करोड़पति

प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड के पहले चरण के चुनाव में 15 उम्मीदवार करोड़पति हैं. इनमें भाजपा से तीन, कांग्रेस से एक, झामुमो से एक और चार निर्दलीय उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक हैं. नामांकन में दाखिल किये गये एफिडेविट में किसी ने पति के नाम पर संपत्ति दिखाई, तो किसी ने पत्नी के नाम पर. ज्वेलरी से लेकर जमीन, जायदाद और बैंक खाता में जमा राशि भी इसी तरह से दर्शायी गयी हैं. एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वॉच की रिर्पोट में इसका खुलासा हुआ है. इन करोड़पति उम्मीदवारों की कुल औसतन संपत्ति करीब 1.75 करोड़ रुपये बताई गई है.




### जानिए किस सीट से कौन उम्मीदवार हैं करोड़पति

**खूंटी लोकसभा**
- अर्जुन मुंडा (भाजपा)- 16 करोड़ 56 लाख 55 हजार 057 रुपये
- अर्पणा हंस (झारखंड पार्टी)- एक करोड़ 85 लाख 64 हजार 229 रुपये
- कालीचरण मुंडा (कांग्रेस)- 54 लाख 07 हजार 803 रुपये
- पास्टर संजय कुमार तिर्की (निर्दलीय)- 04 करोड़ 20 लाख, 90 हजार रुपये

**लोहरदगा लोकसभा**
- चमरा लिंडा (निर्दलीय)- दो करोड़ 84 लाख 79 हजार 905 रुपये
- मणि मुंडा (भागीदारी पार्टी)- एक करोड़ नौ लाख 55 हजार रुपये
- पवन तिग्गा (निर्दलीय)- पांच करोड़ 68 लाख 70 हजार 977 रुपये
- मारयुनियस तिग्गा (निर्दलीय)- एक करोड़ 18 लाख 95 हजार रुपये
- सुखदेव भगत (कांग्रेस)- दो करोड़ 46 लाख 88 हजार 449 रुपये

**पलामू लोकसभा**
- ममता भुईयां (राजद)- दो करोड़ 43 लाख 96 हजार 183 रुपये
- रामवचन राम (बहुजन मुक्ति पार्टी)- 18 करोड़ 56 लाख 50 हजार रुपये
- सानन राम (लोकहित अधिकार पार्टी)- एक करोड़ 59 लाख 20 हजार रुपये
- वीडी राम (भाजपा)- तीन करोड़ 90 लाख 81 हजार 116 रुपये
- वृंदा राम ( पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेट्रिक)- एक करोड़ 12 लाख 82 हजार 848 रुपये

**सिंहभूम लोकसभा**
- गीता कोड़ा (भाजपा)- चार करोड़ 12 लाख 45 लाख 715 रुपये
- जोबा मांझी( झामुमो)- दो करोड़ 28 लाख 60 हजार 659 रुपये

**रामवचन राम के पास सबसे अधिक संपत्ति** | पलामू सीट से किस्मत आजमा रहे बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राम वचन राम की सबसे अधिक 18 करोड़ से अधिक संपत्ति बताई गई है. वहीं दूसरे नंबर पर खूंटी सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की संपत्ति 16 करोड़ से अधिक है. निर्दलीय उम्मीदवारों में खूंटी से पास्टर संजय कुमार तिर्की, लोहरदगा से चमरा लिंडा, पवन तिग्गा, और मारयुनिस तिग्गा भी करोड़पति उम्मीदवारों की सूची में हैं.

# पहले चरण के चुनाव में सिर्फ तीन पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवार

- 11 उम्मीदवार हैं 12वीं पास, एक उम्मीदवार है सिर्फ साक्षर

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 45 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में ताल ठोंक रहे हैं. पहले चरण में खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में चुनाव होना है. इन उम्मीदवारों में से सिर्फ तीन उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट हैं. इनमें अपर्णा देव भगत, आशा कुमारी रूंडा और सुखदेव भगत शामिल हैं. वहीं एक उम्मीदवार महेंद्र बैठा सिर्फ साक्षर हैं. एडीआर की रिर्पोट में इसका जिक्र किया गया है.

पहले चरण के चुनावी अखाड़े में किस्मत आजमा रहे छह उम्मीदवार सिर्फ आठवीं पास हैं. इनमें वीर सिंह देवगम, कामेश्वर बैठा, पास्टर संजय कुमार तिर्की, राम वचन राम, सानिया उरांव और स्टीफन किंडों का नाम शामिल हैं.



**ये हैं ग्रेजुएट उम्मीदवार**

पहले चरण के चुनाव में ताल ठोंक रहे 16 उम्मीदवार ग्रेजुएट हैं. इनमें अर्जुन मुंडा, अर्पणा हंस, बबिता कच्छप, बसंत लोंगा, बिहारी भगत, ब्रजेश तुरी, चमरा लिंडा, गीता कोड़ा, महादेव चंद्र कुंकल, ममता भुईयां, मारयुनिस तिग्गा, पनमानी सिंह, परदेशी लाल मुंडा, रंजीत भगत, बीडी राम और वृंदा राम शामिल हैं.

**ये हैं 10वीं और 12 वीं पास उम्मीदवार**

पहले चरण के चुनाव में सात उम्मीदवार सिर्फ दसवीं पास हैं. इनमें गिरिजानंदन उरांव, जोबा मांझी, मणि मुंडा, पवन तिग्गा, रामचंद्र भगत, सानन राम और संग्राम मार्डी के नाम शामिल हैं. वहीं 12वीं पास उम्मीदवारों में अर्जुन टोप्पो, विश्वा विजय मार्डी, चित्रसेन सिंकू शामिल हैं.

# पहले चरण में 45 प्रत्याशी मैदान में, 13 पर दर्ज है मुकदमा

विनीत आभा उपाध्याय/सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के पहले चरण के लोकसभा चुनाव में 45 प्रत्याशी मैदान में है. जिनमें 13 प्रत्याशियों पर मुकदमें दर्ज हैं. इनमें सिंहभूम में 14 में 04, खूंटी में 07 में 02, लोहरदगा में 15 में 06 और पलामू में कुल 09 प्रत्याशियों में से सिर्फ 01 पर आपराधिक मुकदमा है. गौरतलब है कि चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को आपराधिक पृष्ठभूमि स्वघोषित करने की बाध्यता है. शपथपत्र के अलावा सर्वाधिक प्रसारित तीन समाचार पत्रों में दो बार कैंडिडेट्स द्वारा इसको सार्वजनिक किये जाने का प्रावधान है. इन सबके बीच आपराधिक छवि के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जाने पर सियासत जारी है. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी पर सबसे अधिक आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवार उतारने का आरोप लगाया है. बता दें कि इन चार लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होने हैं.

### पहले चरण के ये हैं वे प्रत्याशी जिनपर दर्ज हैं कोई ना कोई आपराधिक मुकदमा

- **अर्जुन मुंडा-भाजपा-खूंटी:** कांड संख्या-107/2023, धुर्वा थाना रांची. धारा:147, 148,188,109, 353, 332, 427, 323 ऑफ आईपीसी.
- **समीर उरांव-भाजपा :** लोहरदगा कांड संख्या-107/2023,धुर्वा थाना रांची. धारा-147,148,188,109, 353, 332, 427, 323 ऑफ आईपीसी
- **गीता कोड़ा - भाजपा - सिंहभूम:** कांड संख्या-02/2012,लालपुर थाना रांची, धारा-276 सीसी ऑफ आईटी एक्ट 1961
- **सुखदेव भगत-कांग्रेस - लोहरदगा:** कांड संख्या 116/2018, लोहरदगा थाना, धारा-147, 149, 341, 342, 332, 353, 186, 189, 504 ऑफ आईपीसी
- **चमरा लिंडा-निर्दलीय-लोहरदगा :** कांड संख्या 115/ 2023 जगन्नाथपुर थाना रांची, धारा- 341, 323, 353, 427, 504
- **कामेश्वर बैठा-बसपा-पलामू :** पलामू कांड संख्या- 137/2014, 375/2009 गढ़वा थाना, धारा-2,3 ऑफ द प्रिवेंशन ऑफ़ प्रॉपर्टी एक्ट एंड फॉर्मेशन 1985 188 आईपीसी, 144 सीआरपीसी
- **परदेसी लाल मुंडा-बसपा-सिंहभूम :** कांड संख्या-46/2013, चक्रधरपुर थाना, धारा -399, 402 ऑफ आईपीसी, 25(1ए), 25 (2B), 261 आर्म्स एक्ट
- **माधव चंद्र-निर्दलीय-सिंहभूम :** कांड संख्या-मंझरी थाना 50/2022,धारा- 147, 149, 353 आईपीसी. सदर थाना कांड संख्या-111/2019,धारा- 153( ए), 295 (ए),505 (2 ) आईपीसी
- **दामोदर सिंह हांसदा-निर्दलीय-सिंहभूम :** - कांड संख्या-81/2019 चक्रधरपुर आफ पोस्ट धारा 174(ए ) रेलवे एक्ट
- **बबिता कच्छप-निर्दलीय-खूंटी :** कांड संख्या-143/2017, खूंटी थाना, धारा -147, 148, 149, 341, 323, 327, 353, 504, 506, 120(बी) कांड संख्या-04/2020 एससी एसटी थाना, धारा -120(बी), 121(ए), 124 (ए),1 53 (ए)
- **बिहारी भगत- पीपुल्स पार्टी का इंडिया (डेमोक्रेटिक) लोहरदगा :** कांड संख्या-08/2022, जोबांग थाना, धारा-420, 406 ऑफ आईपीसी
- **रामचंद्र भगत- लोकहित अधिकार पार्टी - लोहरदगा :** कांड संख्या- 148/20 23 लोहरदगा थाना, धारा- 379, 188 ऑफ आईपीसी
- **सनीया उरांव- निर्दलीय-लोहरदगा :** कांड संख्या 167/ 2021 गुमला थाना, धारा- 290, 328, 47 एक्साइज एक्ट

### खटारा पेट्रोलिंग वाहनों से छुटकारा

## झारखंड पुलिस को जल्द मिलेंगे 470 नए पेट्रोलिंग वाहन

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड पुलिस को खटारा पेट्रोलिंग गाड़ियों से छुटकारा मिलेगा. सालों से खटारा वाहनों पेट्रोलिंग कर रही झारखंड पुलिस को जल्द 470 बोलेरो वाहन मिलेंगे. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पास प्रस्ताव भेजा है. प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद वाहनों की खरीदारी की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी. बता दें कि झारखंड पुलिस ने इससे पहले 70 बोलेरो वाहन खरीदे थे, जिसे राज्य के अलग-अलग थानों को आवंटित किया गया था.

**आधुनिकीकरण मद की राशि से वाहनों की होगी खरीदारी:** झारखंड पुलिस आधुनिकीकरण मद की राशि से इन वाहनों की खरीदारी करेगी. इसके लिए सरकार के पास पर्याप्त फंड है. झारखंड सरकार ने पिछले दिनों यह घोषणा भी की थी कि पुलिस के संसाधन में रुपयों की कमी बाधक नहीं बनेगी. सरकार के पास पर्याप्त फंड है. जिससे पुलिस के संसाधनों को मजबूत बनाया जाएगा. बता दें कि झारखंड में कुल 606 थाना है, जिनमें 282 थाना नक्सल प्रभावित हैं. 282 थानों में से 155 ए ग्रेड नक्सल प्रभावित और 127 बी ग्रेड श्रेणी में आते हैं.

**47 थानों के पुलिसकर्मियों के पास आज भी एक गाड़ी तक नहीं :** कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखना पुलिस की जिम्मेवारी होती है. कहीं कोई घटना हो जाये तो पुलिस पर घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंचने का दवाब भी होता है. यही वजह है कि राज्य सरकार पुलिस थानों को आधुनिक बनाने के प्रयास में लगी है. लेकिन जानकर हैरानी होगी कि झारखंड में 564 थानों में 47 थाने आज भी ऐसे हैं, जहां पुलिसकर्मियों के पास एक गाड़ी तक नहीं है. इन थानों का काम राम भरोसे चल रहा है. बिना टेलीफोन वाले थाने भी सबसे ज्यादा झारखंड में ही हैं. यहां 211 पुलिस थानों में फोन नहीं है. वहीं 31 थानों में मोबाइल फोन या वायरलेस की सुविधा मौजूद नहीं है.

# खूंटी में अर्जुन के लिए खतरे की घंटी, कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा कमजोर

मुख्य संवाददाता। रांची

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुर्मी वोटरों की नाराजगी का खमियजा उठाना पड़ सकता है. वहीं कांग्रेस का कमजोर सांगठनिक ढांचा उसके उम्मीदवारों के लिए मुसीबत बना हुआ है. खूंटी लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के भाई नीलकंठ सिंह मुंडा खूंटी विधानसभा से भाजपा विधायक हैं. इसको लेकर कांग्रेस उम्मीदवारों को अपने कैडर वोटरों के बीच जबाव देना भारी पड़ रहा है.

वहीं बेलोसा बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी के टिकट खूंटी से लड़ रहीं हैं. खूंटी में ही पत्थलगड़ी आंदोलन हुआ था. बबीता कच्छप आदिवासियों के संवैधानिक आधिकारों के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में है. खूंटी लोकसभा में लगभग 60% से ऊपर आदिवासी वोटर हैं. इसमें मुंडा, उरांव, खड़िया प्रमुख हैं. इलाके में इसाई धर्मावलंबियों का भी तीन विधानसभा क्षेत्रों में प्रभाव है. वहीं अगर शहरी क्षेत्र की बात करें, तो सामान्य व पिछड़ों व अतिपिछड़ों की आबादी है. खूंटी लोकसभा से कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाने के लिए उतरे हैं.

**2019 का परिणाम :** 2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की जीत हुई थी. मोदी लहर के बाद भी मुंडा कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा से महज 1447 मतों से चुनाव जीत पाये थे. वहीं, तीसरे स्थान पर निर्दलीय उम्मीदवार मीनाक्षी मुंडा रही थीं. लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में खूंटी और तोरपा विधानसभा को छोड़ अन्य चार पर झामुमो और कांग्रेस का कब्जा है.

**2019 में किस गठबंधन को कितने वोट मिले**

| विधानसभा | एनडीए | यूपीए/इंडिया | वर्तमान में किस दल के विधायक |
|---|---|---|---|
| तमाड़ | 86351 | 44871 | झामुमो |
| खरसावां | 88852 | 55971 | झामुमो |
| तोरपा | 43964 | 65122 | भाजपा |
| खूंटी | 51410 | 72812 | भाजपा |
| सिमडेगा | 66122 | 71894 | कांग्रेस |
| कोलेबिरा | 44866 | 69798 | कांग्रेस |

### पलामू लोकसभा

2024 का लोकसभा चुनाव पलामू के लिए खास है. इस सीट पर मुख्य मुकबला भाजपा और राजद के बीच माना जा रहा है. पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा इस बार बसपा से चुनाव मैदान में ताल ठोक चुके हैं. इससे यहां की लड़ाई त्रिकोणीय संघर्ष का रूप ले चुकी है. भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के पक्ष में प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभा कर चुके हैं. वहीं राजद उम्मीदवार ममता भुईयां के पक्ष में तेजस्वी यादव ने भी चुनावी सभाएं की है.

भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम का शुरुआती समय से भाजपा के एक गुट विरोध भी करता रहा है, इस चुनाव में मतदाताओं का मिजाज समझ पाना पहले भी आसान नहीं है. राजनीतिक खेमे में जातिगत ध्रुवीकरण हो रहा है. इस बार 'साईलेंट मतदाता' खेमा भी मुखर है. हालांकि, ग्रामीण मतदाता चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित नहीं दिख रहे हैं. इन सब परिस्थितियों के बीच मतगणना के दिन ही पता चलेगा कि चुनावी ऊंट किस करवट बैठता है. इस बार के लोकसभा चुनाव में पलामू सीट से कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं.

**2019 चुनाव का परिणाम:** 2019 के लोकसभा चुनाव में विष्णु दयाल राम को पलामू लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी. उन्होंने राजद प्रत्याशी घूरन राम को 4,77,509 मतों के अंतर से हराया था. इस चुनाव में भाजपा को कुल 7,55,559 मत और राजद को 2,78,053 मत मिले थे. वहीं तीसरे स्थान पर बासपा की अंजना भुईयां रही थीं. उन्हें 53,597 वोट मिले थे. इस बार पलामू से नौ उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं.

**2019 में किस गठबंधन को कितने वोट मिले**

| विधानसभा | एनडीए | यूपीए/इंडिया | वर्तमान में किस दल के विधायक |
|---|---|---|---|
| डाल्टनगंज | 1,45,935 | 46,842 | भाजपा |
| विश्रामपुर | 1,18,583 | 39,379 | भाजपा |
| छतरपुर | 1,00,026 | 39,565 | भाजपा |
| हुसैनाबाद | 94,858 | 39,410 | राकांपा |
| गढ़वा | 1,37,947 | 60,694 | झामुमो |
| भवनाथपुर | 1,55,791 | 51,077 | भाजपा |

### सिंहभूम लोकसभा

सिंहभूम लोकसभा सीट में इस बार वोटरों का नजरिया बदला हुआ है. 2019 में कांग्रेस की गीता कोड़ा ने चुनाव में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही है. वहीं इंडिया गठबंधन की तरफ से झामुमो ने जोबा माझी को खड़ा किया है. आदिवासी बहुल सिंहभूम सीट में उड़िया व कुर्मी मतदाताओं का भी अच्छा प्रभाव है. सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के लिए फिलहाल सबसे बड़ा मुद्दा ईचा खरकई डैम परियोजना है.

इस परियोजना को रद्द करने के लिए विस्थापित लोगों द्वारा पिछले कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है. इस परियोजना से 126 गांव के लोग विस्थापित होंगे. चुनाव का समय आते ही यह मुद्दा उठता है. भाजपा की सरकार के समय भी यह योजना चलती रही और अब झामुमो नीत सरकार में भी चल रही है. इसको लेकर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों ने आंदोलन भी किए हैं. अब चुनावी फिजां में गीता कोड़ा व जोबा मांझी ने भी आश्वासन दिया है कि इस बार जीतने से परियोजना को रद्द कर दिया जाएगा.

**2019 चुनाव का परिणाम:** 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की गीता कोड़ा को 431,815 वोट लकर चुनाव जीता था. वहीं, दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को 359,660 वोट मिले थे. तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी पुष्पा सिंकू रही थी. उन्हें 15,224 वोट मिले थे. इस बार सिंहभूम सीट से कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

**2019 में किस गठबंधन को कितने वोट मिले**

| विधानसभा | एनडीए | यूपीए/इंडिया | वर्तमान में किस दल के विधायक |
|---|---|---|---|
| सरायकेला | 1,40,603 | 77,644 | झामुमो |
| चाईबासा | 37,982 | 91,678 | झामुमो |
| मझगांव | 29,092 | 88,418 | झामुमो |
| जगनाथपुर | 44,148 | 57,056 | कांग्रेस |
| मनोहरपुर | 52,152 | 58,264 | झामुमो |
| चक्रधरपुर | 55,182 | 58,485 | झामुमो |

### लोहरदगा लोकसभा

लोहरदगा लोकसभा के इस चुनावी दंगल में एनडीए से भाजपा ने समीर उरांव और इंडिया की तरफ से कांग्रेस ने सुखदेव भगत को चुनाव मैदान में हैं. वहीं, निर्दलीय चुनाव लड़ रहे झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने मुकाबला त्रिकोधीय कर दिया है. कांग्रेस के सुखदेव भागत 2019 का विधानसभा में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ा था. इस कारण लोहरदगा के पुराने कांग्रेसी सुखदेव भगत पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं.

लोहरदगा, सिसई और गुलमा विधानसभा में सुखदेव भागत को लेकर कई बातें कही जा रही हैं. चमरा लिड़ा के चुनाव में खड़े होने पर भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के वोटों में भी सेधमारी होने की संभावना है. चमरा लिंडा का प्रभाव सरना वोटरो पर भी है, जिसका नुकसान भाजपा को होगा. वहीं युवा वोटर भी लिंडा के साथ नजर आ रहे हैं. लोहरदगा लोकसभा में खनन कार्य से होने वाले दुष्प्रभाव और बॉक्साइट परिवहन से लोहरदगा शहर प्रभावित होने का मुद्दा इस चुनाव खास है. इसके साथ पलायन, विस्थापन, बेरोजगारी जैसे मुद्दे महत्वपूर्ण है.

**2019 चुनाव का परिणाम:** 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत को 371,595 वोट लाकर चुनाव जीता था. कांग्रेस के सुखदेव भगत 361,232 मिले थे. वह दूसरे स्थान पर रहे. तीसरे स्थान पर जेएचकेपी के देवकुमार धान रहे. उन्हें19,546 वोट मिले थे. इस बार चुनाव में लोहरदगा सीट से 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. लोहरदगा सीट में तीन प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है.

**2019 में किस गठबंधन को कितने वोट मिले**

| विधानसभा | एनडीए | यूपीए/इंडिया | वर्तमान में किस दल के विधायक |
|---|---|---|---|
| मांडर | 91,442 | 90,254 | कांग्रेस |
| सिसई | 61,504 | 71,978 | झामुमो |
| गुमला | 62,628 | 69,313 | झामुमो |
| बिशुनपुर | 73,255 | 59,946 | झामुमो |
| लोहरदगा | 68,577 | 80,698 | कांग्रेस |

**विश्लेषण**

### ईडी की रडार पर आ चुके हैं झारखंड के अफसर, तीन जेल गए, एक पर यौन शोषण का भी लगा आरोप

# भ्रष्टाचार के आरोपों और विवादों से भी नाता रहा है झारखंड के ब्यूरोक्रेट्स का



रवि भारती। रांची

झारखंड में राजनेता ही नहीं, बल्कि ब्यूरोक्रेट्स भी भ्रष्टाचार के आरोपों और विवादों से जुदा नहीं हैं. 10 आइएएस भ्रष्टाचार की वैतरणी में फंस चुके हैं. इनके कारण सरकार की छवि खराब हुई. इसमें अपर मुख्य सचिव रैंक से लेकर डीसी रैंक तक के अफसर शामिल हैं. तीन अफसर जेल भी गए. वहीं एक अफसर पर यौन शोषण का भी आरोप लगा. ईडी की भी रडार पर आए.



**केके खंडेलवाल:** अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर केके खंडेलवाल अब रिटायर हो चुके हैं. उनके खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना में निगरानी जांच संख्या एएस 01/99 के तहत विभिन्न आरोप हैं. इस मामले में पुलिस अधीक्षक निगरानी ने अन्वेषण ब्यूरो, पटना से 13 बार पत्राचार भी किया है.



**अनिल कुमार:** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, छवि रंजन के बाद पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी आइएएस अनिल कुमार को जेल हुई. संचिका गायब करने के मामले अनिल कुमार ने साहिबगंज कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जहां से उन्हें मंडल कारा भेजा गया. अनिल कुमार नवंबर 2022 से फरार चल रहे थे.



**सैयद अहमद रियाज:** आइएएस सैयद अहमद रियाज पर यौन शोषण का आरोप लगा है. उन पर खूंटी में बतौर एसडीएम रहते हुए एक डिनर पार्टी में इंटर्न का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा. इस मामले में खूंटी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. उन्हें हिरासत में लेने के बाद निलंबित भी किया गया था.



**मनोज कुमार:** नगर निगम में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रहते हुए मनोज कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखंड, रांची में पीई संख्या 17/15 अंकित हुई थी. कुमार के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई के लिए उनके प्रशासी विभाग के प्रधान सचिव को ब्यूरो द्वारा चार मई 2017 को ही लिखा गया था.



**के श्रीनिवासन:** आइएएस के श्रीनिवासन पर कैबिनेट नोट में छेड़छाड़ करने का आरोप लगा. इसके बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस भी भेजा गया. झारखंड सरकार के नोटिस का के श्रीनिवासन ने जवाब नहीं दिया, जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और फिलहाल वह अपनी पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं.



**पूजा सिंघल:** झारखंड कैडर की निलंबित आइएएस पूजा सिंघल पर खूंटी जिले की उपायुक्त रहते 18 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला करने का आरोप लगा. इसके अलावा साहिबगंज में हुए अवैध पत्थर खनन में भी शामिल होने का आरोप है. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिंघल 11 मई 2022 से सलाखों के पीछे हैं.




**राजीव अरुण एक्का:** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का 1994 बैच के आइएएस हैं. वे अब रिटायर हो चुके हैं. उन पर आरोप लगा कि नेताओं और नौकरशाहों के काले धन के निवेशक विशाल चौधरी से इनके काफी घनिष्ठ संबंध है. इस मामले में ईडी छापेमारी भी कर चुकी है.



**प्रदीप कुमार:** 1991 बैच के आइएएस अधिकारी प्रदीप कुमार जेल की हवा खा चुके हैं. फिलहाल जमानत पर हैं और रिटायर हो चुके हैं. इन पर आरोप है कि स्वास्थ्य सचिव रहते हुए इन्होंने 130 करोड़ रुपये का दवा घोटाला किया. करीब पौने दो करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का भी इन पर आरोप लगा है.



**छवि रंजन:** आइएएस छवि रंजन जमीन घोटाले में फंसे हैं. इन पर आरोप है कि इन्होंने रांची के उपायुक्त पद पर रहते हुए सेना की 4.55 एकड़ जमीन को गलत तरीके से बेच दिया. कई जमीनों की रजिस्ट्री, उसके म्यूटेशन भी गलत तरीके से कराने का आरोप है. फिलहाल छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं.



**विनय चौबे:** सीएम के सचिव रहे विनय चौबे 1999 बैच के अफसर हैं. इनसे शराब घोटाला में रायपुर में पूछताछ हो चुकी है. ईडी ने झारखंड के उत्पाद सचिव और बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी विनय चौबे को बुलाया था. नई शराब नीति के तहत कारोबार की वजह से झारखंड सरकार को भारी राजस्व घाटा हुआ था.



## झामुमो ने जयप्रकाश वर्मा को पार्टी से किया निलंबित

- बसंत लोंगा और चमरा लिंडा पर पहले ही हो चुकी है कार्रवाई

**रांची।** बसंत लोंगा और चमरा लिंडा के बाद झामुमो ने पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने इस आशय का पत्र जारी किया है, जिसमें जयप्रकाश वर्मा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने की जानकारी दी गयी है. साथ ही जयप्रकाश वर्मा पर गठबंधन के विपरित कार्य करने का आरोप लगाया है. बताया जा रहा है कि जयप्रकाश वर्मा कोडरमा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे हैं, जिसकी वजह से पार्टी ने उनके खिलाफ यह कार्रवाई की है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 12 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 33 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### कल्पना सोरेन ने पलामू के चिनिया प्रखंड में राजद उम्मीदवार ममता भुईयां के समर्थन में की चुनावी जनसभा, कहा

# संविधान बदलने की सोच रखनेवाली तानाशाही ताकतों को वोट की चोट से दें जवाब

**प्रमुख संवाददाता। गढ़वा/रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि संविधान बदलने की सोच रखने वाली तानाशाही ताकतों को पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता वोट की चोट से जवाब देगी. इस चुनाव में पलामू लोकसभा की जनता अपनी उस उम्मीदवार को चुनेगी जो उनके हक-अधिकार, उनकी बात संसद तक पहुंचाएगी. आप सभी से आग्रह है कि 13 मई के दिन ममता जी को अपना आशीर्वाद देकर इंडिया गठबंधन को मजबूत करें.

वे शनिवार को पलामू के चिनिया प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई मैदान में राजद उम्मीदवार ममता भुईयां के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहीं थीं. कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा की बात और भाजपा की चाल कदम-कदम पर बदलते रहती है. झूठे सपने दिखा कर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है. उन्होंने जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग वोट की चोट कर तानाशाही ताकतों को जबाव दें. जनसभा को इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुईयां, डॉ. यासिन अंसारी, जेपी मिंज, शंभु राम, राजकिशोर यादव, सत्यनारायण यादव, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष फरीद खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, दीपमाला आदि ने भी संबोधित किया.

कार्यक्रम का संचालन जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया. मौके पर झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, माले नेत्री सुषमा मेहता, जिप अध्यक्ष शांति देवी, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, करीब अंसारी, गुलाब सिंह, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

**जुमलेवाली सरकार को देना है करारा जवाब**



### जनसैलाब बता रहा- जनता ने बेटी व बहू को स्वीकार कर लिया है

कल्पना ने कहा कि पलामू की बेटी व बहू को जनता ने स्वीकार कर लिया है. यह जनसैलाब दिखा रहा है कि यहां पर छाप ऐसी पड़नी चाहिए, जो कि कभी नहीं मिटे. उन्होंने कहा कि आपके सांसद ने यहां अपना मुंह भी नहीं दिखाया. आपकी बेटी आपके पास रहेंगी. जुमलेवाली सरकार को करारा जवाब देना है. जो सांसद बने हैं, उन्होंने आपकी आशाओं और आकांक्षाओं को बर्बाद किया है. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने जिन उद्देश्यों के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनके सपनों को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरा कर रहे थे. लेकिन, लोकसभा चुनाव को लेकर इनलोगों ने खेला खेला है.

### हक मांगा तो हेमंत को जेल भेज दिया

कल्पना ने कहा कि हेमंत जी ने जब अपनी एक लाख 26 हजार करोड़ के राजस्व की मांग की, तो इनलोगों को दर्द हो गया और उन्हें जेल भेज दिया. 20 वर्षों तक झारखंड में भाजपा ने शासन किया है, लेकिन आज भी झारखंड का हाल जस का तस है. केंद्र की सरकार हमारे झारखंड का पैसा रोक कर दूसरे राज्यों को दे देती है. हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों को अबुवा आवास दिया. केंद्र सरकार ने ने हरा कार्ड कटवा दिया, पेंशन के लिए लोग तड़प रहे थे, तो झारखंड सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना चलाई.

### झारखंड को लूटने के लिए हथकंडा अपना रही केंद्र सरकार

कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड गरीब नहीं है. यहां की धरती के नीचे अथाह खजाना भरा हुआ है. झारखंड के इसी खाने पर केंद्र की गिद्ध नजर लगी हुई है. केंद्र सरकार झारखंड को लूटने के लिए हर हथकंडा अपना रही है. उन्होंने कहा भाजपा के लोग अपने काम करेंगे नहीं और दूसरे के कामों का श्रेय लेने की होड़ मचाये रखते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अभी वक्त है, सभी लोग एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखायें. लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को जीतायें. यदि लोकतंत्र नहीं बचेगा, तो हम सभी का सारा अधिकार लूट जाएगा.

### जनसभा के बाद कल्पना ने एक्स पर किया पोस्ट

जनसभा को संबोधित करने के बाद कल्पना सोरेन ने एक एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "मां गढ़देवी की पावन धरती गढ़वा में आज पलामू लोकसभा क्षेत्र से राजद की उम्मीदवार ममता भुइयां जी के चुनावी कार्यक्रम में शामिल हुई. भाजपा ने 20 साल तक पलामू प्रमंडल को संसाधनों और मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा था. हेमंत जी ने पलामू प्रमंडल समेत राज्य के लिए कई लोक-कल्याणकारी योजनाएं चलायी, तो डर कर तानाशाही ताकतों ने उन्हें जेल में डाल दिया.

### तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंकने का वक्त: मिथिलेश

झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंकें. लोकतंत्र एवं संविधान का अपमान करने वालों को सबक सिखायें. यह लड़ाई झारखंड की आन, बान और शान की लड़ाई है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड की आवाज को दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया, तब कल्पना झारखंड की आवाज बन कर सामने आयीं.

### 399 पीस जिलेटिन एक देसी पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार



**चांडिल।** अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा गांव के टोला डीटांड स्थित एक घर से पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ, हथियार व कारतूस बरामद किया है. मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है. उसकी पहचान वासुदेव महतो के रूप में हुई है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को शनिवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि सरायकेला-खरसावां एसपी को नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंडा गांव के डीटांड टोला निवासी वासुदेव महतो के घर विस्फोटक पदार्थ व अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी. छापेमारी में वासुदेव के घर से एक प्लास्टिक बोरे में रखा 399 पीस जिलेटिन, एक देसी पिस्तौल, 7.65 एमएम की चार कारतूस लोडेड मैगजीन बरामद हुआ. पुलिस ने वासुदेव महतो का मोबाइल भी जब्त किया है.

- पुलिस ने मैगजीन, चार कारतूस व मोबाइल भी जब्त किया

### ब्रीफ खबरें

### नक्सलियों ने सैडल गेट क्षेत्र में की पोस्टरबाजी

**किरीबुरु।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने किरीबुरु थाना अंतर्गत सैडल गेट क्षेत्र में चुनाव बहिष्कार संबंधित पोस्टर-बैनर चिपकाया है. मामले की जानकारी मिलते ही किरीबुरु पुलिस ने अहले सुबह जाकर सभी पोस्टरों को हटा लिया है. जानकारी के मुताबिक, सुबह जब कुछ लोग किरीबुरु-बड़ाजामदा मार्ग पर टहल रहे थे, तब उनकी नजर नक्सलियों द्वारा चस्पा किये गये पोस्टरों पर पड़ी. बताया जा रहा है कि बाइक सवार नक्सली रात के अंधेरे में यह पोस्टर लगाकर सारंडा के जंगल गांव होते अन्यत्र निकल गये.

### पलामू में 320 आर्म्स लाइसेंस रद्द किये गये

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पलामू जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 320 आर्म्स लाइसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया है. यह कार्रवाई जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने की है. इस सूची में कई राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी समेत अन्य लोग शामिल हैं. कई ऐसे लोग भी हैं जिनके पास दो-दो आर्म्स का लाइसेंस था. इन लाइसेंसधारियों ने न तो अपने शस्त्र का भौतिक सत्यापन कराया था और न ही शस्त्र को स्थानीय थाने में जमा कराया था.

**सत्ता का महासंग्राम : झारखंड में पहले चरण के लिए प्रचार का शोर थमा**

# चार लोस क्षेत्र में मतदान कल

**शुभम किशोर। रांची**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है. झारखंड में भी चौथे चरण के साथ लोकसभा के चुनावी महापर्व का आगाज होगा. झारखंड के पहले चरण में लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होने हैं. इन चारों सीटों में राज्य के 10 जिले और 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं. शनिवार की शाम इस चरण के प्रचार का शोर थम गया. मतदान सोमवार को होगा. इन चार लोकसभा क्षेत्र से 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. इनमें सिंहभूम के चार, लोहरदगा के 15, पलामू के नौ और खूंटी के सात प्रत्याशियों की किस्मत सोमवार को ईवीएम में कैद होगी.

**पलामू में सबसे अधिक और खूंटी में सबसे कम मतदाता :** चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड के पहले चरण के चुनाव में 64 लाख 37 हजार 460 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. इसमें 32 लाख 29 हजार 480 पुरुष और 32 लाख 07 हजार 938 महिला मतदाता हैं. सबसे अधिक मतदाता पलामू में 22 लाख 38 हजार 460 है. वहीं लोहरदगा में 14 लाख 36 हजार 351, सिंहभूम में 14 लाख 41 हजार 841 और खूंटी में सबसे कम 13 लाख 20 हजार 808 मतदाता अपनी भागीदारी निभायेंगे.

**ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र :** झारखंड में पहले चरण के चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं. लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम, इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 7595 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से 639 शहरी तथा 6956 ग्रामीण क्षेत्र में हैं.

## 64 लाख मतदाता करेंगे 45 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

### किस लोकसभा में कितने मतदान केंद्र

चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक, सिंहभूम लोकसभा में 1716 मतदान केंद्र बनाये गये हैं. इस क्षेत्र के मझगांव, जगरनाथपुर और मनोहरपुर में सभी मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं. वहीं, खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 1705 मतदान केंद्र बनाये गये हैं. इसमें से मात्र 83 शहरी क्षेत्र और 1622 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं. लोहरदगा में 1748 मतदान केंद्रों में शहरी क्षेत्र में मात्र 76 मतदान केंद्र हैं. वहीं पलामू में 2427 मतदान केंद्र बनाये गये हैं. इनमें 230 शहरी क्षेत्र में हैं.





- वेब कास्टिंग के जरिए मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेगा चुनाव आयोग

### किस लोकसभा में कितने प्रत्याशी

#### सिंहभूम लोकसभा

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| दामोदर सिंह हांसदा | निर्दलीय |
| बिसवा विजय मार्डी | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया |
| सुधा रानी बेसरा | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| परदेशी लाल मुंडा | बहुजन समाज पार्टी |
| दुर्गा लाल मुर्मू | निर्दलीय |
| माधव चंद्रा कुनकल | निर्दलीय |
| जोबा मांझी | झामुमो |
| चित्रसेन सिंकु | झारखंड पार्टी |
| बीर सिंह देवगम | राइट टू रिकॉल पार्टी |
| गीता कोड़ा | भाजपा |
| पनमनी सिंह | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) |
| संग्राम मार्डी | निर्दलीय |
| आशा कुमारी | निर्दलीय |
| कृष्णा मार्डी | झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान) |

#### खूंटी लोकसभा

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| अर्पणा हंस | झारखंड पार्टी |
| बसंत कुमार लोंगा | निर्दलीय |
| अर्जुन मुंडा | भाजपा |
| काली चरण मुंडा | कांग्रेस |
| बबीता कच्छप | भारत आदिवासी पार्टी |
| पस्तर संजय कुमार तिर्की | निर्दलीय |
| सावित्री देवी | बहुजन समाज पार्टी |

#### पलामू लोकसभा

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| ममता भुईयां | राष्ट्रीय जनता दल |
| महेंद्र बैठा | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) |
| विष्णु दयाल राम | भाजपा |
| वृंदा राम | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया |
| कामेश्वर बैठा | बहुजन समाज पार्टी |
| सनम राम | लोकहित अधिकार पार्टी |
| राम वचन राम | बहुजन मुक्ति पार्टी |
| गणेश रवि | निर्दलीय |
| ब्रजेश कुमार तुरी | राष्ट्रीय समानता दल |

#### लोहरदगा लोकसभा

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|
| महेंद्र उरांव | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| चमरा लिंडा | निर्दलीय |
| रामचंद्र भगत | लोकहित अधिकार पार्टी |
| समीर उरांव | भाजपा |
| स्टेफन किंडो | निर्दलीय |
| बिहारी भगत | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| सनिया उरांव | निर्दलीय |
| मैरिएनस तिग्गा | निर्दलीय |
| पवन तिग्गा | निर्दलीय |
| मनी मुंडा | भागीदारी पार्टी (पी) |
| सुखदेव भगत | कांग्रेस |
| अर्जुन टोप्पो | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) |
| गिरजानंद उरांव | बहुजन समाज पार्टी |
| रंजीत भगत | निर्दलीय |
| अर्पण देव भगत | निर्दलीय |



# धनबाद में फिर से बोले सरयू राय- प्रिंस के खिलाफ मैं हूं न

**अमित सिन्हा। धनबाद**

- ढुल्लू महतो व गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ खोला मोर्चा
- कहा- ढुल्लू ने रैयतों की जमीन मुक्त करवाना मेरी जिम्मेवारी

जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने एक बार फिर गैंगस्टर प्रिंस खान और भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को निशाने पर लिया है. उन्होंने धनबाद के व्यवसाइयों को प्रिंस खान से नहीं डरने की बात कही. बोला कि प्रिंस खान के खिलाफ वे कल भी मोर्चा ले रहे थे और आज भी उसी तरीके से खड़े हैं. प्रिंस से डरने की जरूरत नहीं है. आने वाले दिनों में गैंगस्टर धनबाद की जेल में होगा.

होटल खालसा के मालिक शेरा सिंह के धनबाद छोड़ने की बात को लेकर प्रिंस खान की चर्चा पर उन्होंने कहा कि किसी को भी धनबाद छोड़ कर जाने की जरूरत नहीं है. यहां के एक-एक लोग के साथ वे खुद खड़े हैं. बताते चलें कि प्रिंस खान के खिलाफ सरयू राय ने कई बार खुल कर मोर्चा लिया है. यहां तक कि प्रिंस खान ने भी उन्हें बुरे परिणाम की धमकी भी दी थी. जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुआ था. इससे पूर्व भी प्रिंस के खिलाफ सत्याग्रह पर बैठे कृष्णा अग्रवाल के समर्थन में सरयू राय धनबाद आकर शामिल हुए थे. झारखंड सरकार समेत केंद्र के बड़े नेताओं से बातचीत कर प्रिंस के खिलाफ ईडी में मुकदमा दर्ज करवाया था. इसके बाद भी सरयू राय प्रिंस के खिलाफ लगातार बोलते रहे हैं और धनबाद की जनता को भरोसा दिलाते रहे हैं कि वे गैंगस्टर और माफियाओं के खिलाफ उनके साथ खडे.हैं.



**रैयतों की कब्जा की गई जमीन दिलाएंगे वापस :** सरयू राय के निशाने पर इन दिनों भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी हैं. ढुल्लू के खिलाफ उनके बयान इन दिनों कोयलांचल की राजनीति में छाये हुए हैं. एक बार फिर उन्होंने ढुल्लू के खिलाफ बयान दिया है. कहा कि ढुल्लू द्वारा कब्जा की गई 200 एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त करा कर रैयतों को वापस दिलाएंगे. इससे पूर्व भी सरयू राय ने ढुल्लू महतो के गांव चिटाही जाकर कई परिवारों से मुलाकात की थी. ये वे लोग थे, जिन्होंने विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ जमीन कब्जा करने की बात सरयू राय से कही थी. इससे पूर्व चिटाही के आठ परिवार धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धरना दे चुके हैं. इन लोगों ने ढुल्लू के खिलाफ बेमियादी धरना दिया था. आरोप था कि ढुल्लू महतो ने न सिर्फ इनकी दुकानों को बंद कर दिया है, बल्कि इनके घरों की बिजली-पानी भी बंद करा दी है.

### गिरिडीह के बिरनी में पीएम की जनसभा 14 को

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को गिरिडीह के बिरनी में रैली करेंगे. पीएम की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे. सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी. पीएम के कार्यक्रम को लेकर अभेद सुरक्षा व्यवस्था की गई है. इससे पूर्व गिरिडीह के जमुआ में पीएम मोदी आये थे. जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायपेयी 1965 से 1998 तक छह बार गिरिडीह आये थे. पहली बार वर्ष 1965 में जनसंघ के प्रत्याशी कमल पंत राम के प्रचार करने गिरिडीह आये थे.

**तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो को मारी टक्कर**

# दो की मौत, आधा दर्जन गंभीर



- एक विवाह समारोह से वापस घर लौट रहे थे ऑटो सवार
- फोरलेन पर रास्ता बदलने के दौरान ट्रेलर ने मारी टक्कर

**संवाददाता। चांडिल**

टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगु गांव के समीप शुक्रवार रात लगभग 12 बजे घटी सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई. वहीं, करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए. इनमें कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है. मृतकों की पहचान ऑटो चालक विनोद कर्मकार और ऑटो सवार महिला नंदिनी लोहार के रूप में हुई है. महिला की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई.

वहीं, घायलों में प्रमिला लोहार, रेणू लोहार, गुरुवारी लोहार, वकील समेत अन्य शामिल हैं. इधर, सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एनएचएआई के एंबुलेंस से अस्पताल भेजा. मिली जानकारी के अनुसार, चिलगु के सामने ऑटो चालक फोरलेन सड़क पर रास्ता बदल रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी. बता या जा रहा था जमशेदपुर के बिरसानगर और मानगो से कुछ लोग ऑटो पर सवार होकर एक विवाह समारोह में शामिल होने चांडिल प्रखंड के भादुडीह पहुंचे थे. समारोह से देर रात वापस लौटने के दौरान चिलगु के पास दुर्घटना घटी.



## ब्रीफ खबरें

### लगातार 34वें सप्ताह फूड फॉर हंगर कार्यक्रम

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 34वें सप्ताह शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप फूड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान स्व. सत्यनारायण प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर जरुरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया. मौके पर स्वेता अग्रवाल ने कहा कि पिता की द्वितीय पुण्यतिथि पर 200 लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया. उन्होंने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है. मौके पर मंजू अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, तेजस्व अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, साम्भवी अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

### वज्रपात से किसान घायल, 13 मवेशी मरे

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत सढ़ाबे गांव निवासी किसान अदला उरांव वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गये. जबकि उसके 13 मवेशी की मौत हो गई. किसान अदला उरांव कोयल नदी के किनारे अपने खेत के पास मवेशी चरा रहा था. इसी बीच दोपहर तेज हवा व बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में वह आ गया. जिससे वह घायल हो गया, कुछ दूरी में चर रहे उसके दो गाय व ग्यारह बकरी भी वज्रपात की चपेट में आ गई, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

### भारी मतों से जीतेंगे राजग प्रत्याशी राम

**मेदिनीनगर।** पलामू की जनता ने मन बना लिया है. एनडीए प्रत्याशी वीडी राम भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे. उक्त बातें आजसू पार्टी के पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कही. उन्होंने कहा कि 13 मई को हमारे कार्यकर्ता हर गांव से जनता को मतदान करने के लिये अभी से ही प्रेरित कर रहे हैं. झारखंड में इंडिया गठबंधन को तो वोट मांगने का नैतिक अधिकार भी नहीं है. जब लाखो झारखंडी अलग राज्य के आंदोलन में अपनी सब कुछ न्योछावर कर रहे थे तो राष्ट्रीय जनता दल के लालू यादव अपनी लाश पर झारखंड राज्य का निर्माण करा रहे थे.

### मतदाता जागरुकता पर हुई प्रतियोगिता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शीतेश कुमार पाठक व आरती कुमारी ने मदर्स डे पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें चारों सदनों के 48 बच्चों ने भाग लिया. बता दें कि मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है. प्रतियोगिता में पलक सिंह व समूह ने प्रथम, चैताली व समूह ने द्वितीय तथा सुशीला व समूह तथा अर्पण व समूह में तृतीय स्थान अर्जित किया.

### जब तक बिजली,पानी नहीं तब तक वोट नहीं

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड के दुरूप पंचायत का दौना ग्राम अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है. वर्षों उग्रवाद की तपीश यहां के ग्रामीणों ने झेली है. हालांकि अभी उग्रवाद की तपीश थोड़ी कम अवश्य हुई है. लेकिन इस गांव में पानी की समस्या विकराल ही. ग्रामीण आज भी नदी का दूषित पानी पीने को विवश हैं. ग्रामीणों ने 20 मई को होने वाली चतरा लोकसभा की वोटिंग का बहिष्कार करने की योजना बनायी है. कहा कि जब तक पानी और बिजली नहीं मिलेगी तक तक वोट नहीं करेगें. ग्रामीण बताते हैं कि गांव में हर घर जल मिशन के तहत जलमीनार तो लगाया गया है.

### जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे- वैसे चुनाव का बुखार चढ़ता जा रहा

# एक प्रत्याशी ऐसा भी,जो कंधे पर तख्ती ले प्रचार कर रहा है

**आशीष टैगोर। लातेहार**



जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे- वैसे चुनाव का बुखार चढ़ता जा रहा है. प्रत्याशियों के प्रचार वाहन अब सड़कों पर नजर आने लगे हैं. इन वाहनों में प्रत्याशियों को विजयी बनाने को ले कर विशेष प्रकार के पेरोडी गाने बजाये जा रहे हैं. इन सब चकाचौंध के बीच एक ऐसा भी प्रत्याशी नजर आ रहा है जो अपने कंधों पर एक तख्ती ले कर लोगों से उसे विजयी बनाने के लिए वोट अपील कर रहा है. हम बात कर रहे हैं श्रीराम सिंह डाल्टन की. श्रीराम डाल्टन और उनकी पत्नी मेघा डाल्टन शुक्रवार की देर शाम शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के समीप अपना चुनाव प्रचार करते दिखाई पड़े. बड़े ही सौम्य व मृदुआ वाज में उन्होने लोगों से उनके पक्ष मे वोट करने की अपील की. मूलरूप से पलामू ताल्लुख रखने वाले श्रीराम सिंह का नाता बॉलीवुड से भी है. उन्हें उनकी शॉर्ट फिल्म द लास्ट बहुरूपिया के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुका है. उनकी पत्नी मेघा डाल्टन एक मशहूर सिंगर है. शुभम संदेश के वरीय संवाददाता आशीष टैगोर ने राह चलते उनसे बातचीत की. प्रस्तुत है प्रमुख अंश.

**सवाल-** राजनीति में आने की मुख्य वजह क्या है.

**जवाब-** मै समाज के लिए कुछ करना चाहता हूं. नेतरहाट क्षेत्र में जल, जंगल और जमीन बचाने की आवाज बुलंद करता रहा हूं. मैंने वाराणसी विश्वविद्यालय से तालिम हासिल की है. मेरी दिली ख्वाहिश है कि हमारे क्षेत्र में भी शिक्षा के लिए इस प्रकार के विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए. हमारे क्षेत्र मे नेतरहाट विद्यालय एक अच्छा विद्यालय है. वहां से काफी होनहार छात्र पढ़ कर निकलते हैं. नेतरहाट में पढ़ाई का एक माहौल है. वह क्षेत्र ध्वनि व अन्य प्रदूषण से दूर है. छात्र प्रकृति की गोद में शिक्षा ग्रहण करते हैं. मैं चाहता हूं कि नेतरहाट क्षेत्र में एक बीएसयू के तर्ज पर एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये. दूसरी प्राथमिकता मेरी स्वास्थ्य है. झारखंड में रिम्स ही एक मात्र बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है. हालांकि मेरे माता और पिता दोनो की मृत्यु रिम्स में ही हुई है.

**सवाल-** क्या बेरोजगारी और पलायन को आपने अपना मुद्दा बनाया है.

**जवाब-** मेरी तीसरी प्राथमिकता रोजगार है. देश दुनिया में झारखंड के मजदूरों को सस्ते मजदूर के रूप मे देखा जाता है. झारखंड के मजदूरों को उनके काम के हिसाब से सही दाम नहीं मिलता है. रोजगार के अभाव में झारखंड के युवा यहां से पलायन कर रहे हैं. बहुत ही दुख होता है जब देखता हूं कि जिस मां बाप ने अपने बच्चों का लालन पालन कर बड़ा किया, जब माता पिता को बच्चों की जरूरत होती है तब वे यहां से काम की तलाश में पलायन कर जाते हैं. क्षेत्र में रोजगार की ऐसी व्यवस्था हो कि लोग यहां से पलायन नहीं करें. इसके लिए प्रयास करना चाहता हूं.

**सवाल-** आप 22 साल मुंबई में रहे, अचानक मुंबई की चकाचौंध को छोड़ कर इस ओर कैसे आना हुआ.

**जवाब-** मेरा फेमिली बैकग्राउंड पलामू ही रहा है और मैने कभी अपनी मिट्टी से कटाव महसूस नहीं किया. मैने तय किया था कि 40-45 की अवस्था के बाद शिक्षा व अन्य चीजें ग्रहण कर लूंगा तो अपनी मिट्टी में लौट कर लोगों के लिए कुछ करूंगा. यही सोंच कर मैं यहां आया हूं.

### लोस चुनाव : सभी इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये रवाना हुए

# तैयारियां पूरी, 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी हुई रवाना

**संवाददाता ।मेदिनीनगर**





पलामू संसदीय सीट पर चुनाव को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है. 13 मई को आयोजित मतदान को लेकर शनिवार को 213 बूथों के लिये जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी की रवानगी हुई. इनमें डालटनगंज विधानसभा के 47, विश्रामपुर के 12,छत्तरपुर के 97 व हुसैनाबाद के 57 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी शामिल हैं. इसी तरह आज कुल 852 मतदानकर्मी चुनाव कराने के लिए गए यह सभी इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये रवाना हुए हैं. अगले दिन यह लोग वोट करने बूथ पर जाएंगे. मतदानकर्मियों के रवानगी के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उन्हें कई बिंदुओं पर ब्रीफ किया. इससे पूर्व, जीएलए कॉलेज परिसर में विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर लगाये गये थे जहां संबंधित बूथों के कर्मियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया. इसके बाद उसका मिलान किया गया. प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे. सामग्री वितरण कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन व चारों विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी की देख-रेख में शुरू हुआ. चारों विधानसभा हेतु अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे, जहां कई तरह के कागजी प्रक्रिया के पश्चात उन्हें मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया. पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था.

### लोहरदगा में हेलीकॉप्टर से मतदान केंद्र के लिए 14 पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा. इस फेज में 13 मई को मतदान होगा. लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे. लोहरदगा जिला के दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुल 14 मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टिंयां शनिवार को रवाना हुई. रवाना होने से पूर्व पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम का मिलान किया. सभी मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गय. कुल 14 मतदान केंद्रों में से 03 मतदान केंद्रों के लिए 03 पोलिंग पार्टियों को बीएस कॉलेज स्टेडियम से हेलीकॉप्टर के माध्यम से उनके बूथ तक पहुंचाया गया. बाकी के मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां समाहरणालय परिसर लोहरदगा से निर्धारित वाहनों में रवाना हुई.

### गढ़वा : मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश : डीसी



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन 13 मई को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है. उपायुक्त ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (बी) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-सरकारी/ निजी/ व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है. उक्त अधिनियम के अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जायेगी. यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं के उल्लंघन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी.

### वीडी राम ने चैनपुर प्रखंड के गांवो में किया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा, लिधकी, पतरिया, बोकेया, कटुवल, कोशियारा, पथरा आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने स्वयं तथा केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से अपने लिए मत मांगा. सांसद श्री राम ने कहा कि मोदी सरकार किसी जाति धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करती. उनके लिए देश के सभी जाति धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार हैं और उनके नज़र में सिर्फ चार जातियाँ-गरीब, युवा, महिला और किसान हैं. उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है. उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार पुनः सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा.

### अपराधियों ने शिक्षक का कर लिया अपहरण सूझबूझ से बचाई जान

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ताल पंचायत के मुक्ता जंगल के पास से सरकारी शिक्षक बसंत राम का अपराधियों ने अगवा का प्रयास किया. लेकिन वे सूझबूझ दिखाते हुए अपराधियों के चंगुल से भाग निकले. शिक्षक बसंत राम ने घटना के संबंध में बताया कि अपराधियों ने उनकी बाइक की डिक्की में रखी चुनाव सामग्री व अन्य कागजात को फेंक दिया. जानकारी के अनुसार बसंत राम उत्क्रमित मवि होइयों में पदस्थापित हैं और शुक्रवार की सुबह करीब 6:30 बजे प्रत्येक दिन की तरह विद्यालय में शिक्षण कार्य कराने जा रहे थे. इसी क्रम में मुक्ता जंगल के पास रास्ते में तीन लोगों ने उन्हें रोका और दो लोग उन्हें पकड़कर कुछ दूर ले गये. उन्होंने अपराधियों की मंशा समझते हुए लघुशंका की बात कही. दोनों अपराधियों ने उन्हें छोड़ दिया. इसके बाद बसंत भागते हुए मुख्य सड़क पर पहुंचे. उनके विद्यालय के शिक्षक बाइक से आते दिखे. उन्होंने आवाज देकर उन्हें रोका ,घटना की जानकारी दी.

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस के पक्ष में चंदवा में जनसंपर्क अभियान




**चंदवा (लातेहार)।** चतरा लोकसभा के महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने की अपील ले कर झामुमो एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रखंड के जमीरा पंचायत के तूपी गांव एवं चकला पंचायत के पूर्णा टोली व नवाटोली आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता,संविधान एवं आरक्षण को बचाना है तो भाजपा को हराना और भगाना ही होगा.

### सुख-दुख में साथ रहने वाली पार्टी है भाजपा: पुष्पा



**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के बटसारा ग्राम में भाजपा ने पथ सभा का आयोजन किया. कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता पड़वा मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह व संचालन जिला मंडल महामंत्री वशिष्ठ मेहता ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि भाजपा हर किसी के सुख-दुख में साथ रहनेवाली पार्टी है, जबकि विपक्षी ठग गठबंधन के लोग सिर्फ मौका पर आपके पास पहुंचते हैं. उन्होंने कोरोना कल की याद दिलाते हुए लोगों से कहा कि पूरे देश में कोरोना जैसी महामारी फैली हुई थी.

### एनडीए ने छह उम्मीदवार ओबीसी से दिया है : ब्रह्मदेव



**गुमला।** ओबीसी अधिकार एकता मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने देश भर के पिछड़ी जाति को भाजपा में वोट करने की अपील की है. गुमला के सूढ़ी धर्मशाला में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ब्रह्मदेव प्रसाद ने झारखंड के परिपेक्ष्य में कहा कि लोकसभा के 14 सीट में आठ सीट अनारक्षित हैं और जिसमें एनडीए गठबंधन ने छह उम्मीदवार ओबीसी से दिया है.

### पोस्टल बैलेट वोटिंग कार्य का किया गया निरीक्षण



**लातेहार ।** जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने शनिवार को बनवारी साहु महाविद्यालय सुविधा केंद्र में किये रहे पोस्टल बैलेट वोटिंग कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने वहां आवश्यक निर्देश भी दिया. बता दें कि चुनाव व आवश्यक ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए जिले में पोस्टल बैलेट से बीते शुक्रवार से मतदान शुरू किया गया है. सुविधा केंद्रों पर सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जायेगा. शुक्रवार को जिन अधिकारी व कर्मियों के संसदीय क्षेत्र में चौथे व पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव होना है.

### बीएस कॉलेज में ओपन यूनिवर्सिटी स्टडी सेंटर खुला



**लातेहार ।** शहर के बनवारी साहू महाविद्यालय शनिवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया. इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि समन्वयक डॉ प्रेमसागर केशरी एवं विकास मौर्या के द्वारा संयुक्त रूप से फीटा काट कर किया गया. मौके पर झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय में होने वाले पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गयी. प्राचार्य पीके तिवारी ने बताया कि अध्ययन केंद्र से छात्र व छात्रायें डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स का लाभ उठा सकते हैं. उन्होने महाविद्यालय के लिए इसे एक उपलिब्ध बताया.

### तिलक करो इस मिट्टी से कार्यक्रम की शुरुआत



**गढ़वा।** पं. हर्ष द्विवेदी कला मंच के तत्वावधान में प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम की 167वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर के बंधन मैरेज हॉल में 167 दीप प्रज्जवलित कर तिलक करो इस मिट्टी से.. नामक कार्यक्रम की शुरूआत की गई. इस दौरान प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अतुल्य भूमिका निभाने वाले प्रथम भारतीय जनक्रांति के प्रणेता गढ़वा जिले के चेमो-सनेया के बलिदानी नीलांबर-पीतांबर, रमकंडा के बलिदानी नारायण साव और बड़गड़ के बलिदानी भूखा साव हलवाई की जन्मस्थली से संग्रहित पावन मिट्टी के कलशों का उपस्थित जनों द्वारा पूजन किया गया. फिर सभी लोगों को उस पवित्र मिट्टी से तिलक किया गया.

## चिनियां व रमकंडा से 200 लोग झामुमो में शामिल

**संवाददाता। गढ़वा**



जिले के चिनियां एवं रमकंडा प्रखंड के 200 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये. शनिवार को चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया. पार्टी में शामिल होने वालां में चिनियां प्रखंड के तहते हेताड़कला के जगमोहन कोरवा, रामजतन कोरवा, शिवलाल कोरवा, शिवधारी कोरवा, दिलीप कोरवा, नरेश मिंज, सतनी देवी, चंपा देवी, देवन्ती देवी, बिगनी देवी, रामाधार कोरवा, विरेंद्र कोरवा, जमुनियां टांड, लावादाग से मोहन सिंह, श्रवण सिंह, राजनाथ सिंह, सुनील सिंह, सुखदेव सिंह, रमनी देवी, लक्ष्मनियां देवी, बोधनी देवी, कविता देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, सीता देवी, मानमति देवी, घांसो देवी, रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत से भाजपा पंचायत अध्यक्ष रमण कुमार विश्वकर्मा, विनय प्रसाद, दिलीप बाखला, अमर सिंह, संतोष सिंह, राजेश उरांव, आशिष बाखला, अजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, दिनेश सिंह आदि का नाम शामिल है.

### बदहाल : कुड़ू, किस्को, सेन्हा सहित अन्य प्रखंडों में रहते हैं तुरी समाज के लोग

# नहीं बदली तुरी समाज की तस्वीर, तरक्की कोसों दूर

**हुसैन अंसारी। लोहरदगा**



झारखंड प्रदेश अंतर्गत लोहरदगा जिला के विभिन्न हिस्सों में तुरी समाज आदिम काल से निवास करते आ रहे हैं. देश तरक्की की ऊंचाईयों को छू लिया है, जिसका पूरा विश्व लोहा मानती है.

आज भी जिले के कुड़, किस्को सेन्हा व अन्य प्रखंडों में निवास करने वाले तुरी समाज के लोगों को इस मॉडल भारत में भी सूप, दऊरा पर आत्मनिर्भर रहना पड़ रहा है. इनका एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन सूप दऊरा बेचना और अपने परिवार वालों का गुजर बसर करना है. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि भारत देश आजादी के बाद से अपनी तस्वीर को बदलने में काफी कामयाबी हासिल कर दिखाया है. परंतु आज भी तुरी समाज वालों की तस्वीर आजादी से पूर्व की तरह खड़ा है. किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत खरकी और ग्राम पंचायत हिसरी व ग्राम पंचायत देवदरिया में तुरी समाज के लोग निवास करते हैं. इसी तरह कुड़ प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलगी और चांपी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में निवास करते आ रहे हैं. जिनका एकमात्र रोजगार सूप दऊरा बनाकर स्थानीय बाजारों में बेचकर खुद और अपने बाल बच्चों का पढ़ाई-लिखाई समेत जीविकोपार्जन चलाना माध्यम है. वहीं अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में तुरी समाज की जनसंख्या काफी तादाद में है. यहां पर ग्राम पंचायत सीरम समेत अन्य पंचायतों में समाज की अच्छी खासी जनसंख्या है. इन्हें आजादी के बाद से अपनी एकमात्र हूनर सूप दऊरा बनाकर बेचकर जीविकोपार्जन चलाना मजबूरी बन गया है. उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 साल बीत जाने पर भी इन परिवार वालों को सूप दऊरा पर आत्मनिर्भर रहना पड़ रहा है. उनकी जमीनी हकीकत देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि तुरी समाज की तरक्की में पूर्ण विराम लग गया है.

**प्रारूप C - 1**

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

### आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर - 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **बबीता कच्छप पता – गडामेड़तिया,पो. गड़ामेड़तिया, थाना चितरी, जिला – डुंगरपुर, राजस्थान – 314030**

राजनीतिक दल का नाम : **भारत आदिवासी पार्टी**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **लोकसभा**

* निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **011 खूंटी**

मैं **बबीता कच्छप** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं / करती हूं :

**(A) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.जे.एम. खूँटी | खूँटी थाना कांड सं 143/2017 | लंबित | धारा 147, 148, 149, 341, 323, 327, 353, 504, 506, 120(B) I.P.C. |
| 2. | सत्र न्यायाधीश व्यारा | S.C. 18/21 | लंबित | धारा 121 (A), 124(A) 153(A), 120(B)I.P.C |

**(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय(यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह./- **बबीता कच्छप**

न्यूज अपडेट

## जेएलकेएम प्रत्याशी के लिए चलाया प्रचार अभियान



**चांडिल।** रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से जेएलकेएम उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो के पक्ष में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान जोरों पर चलाया जा रहा है. जेएलकेएम संगठन के सदस्य अलग-अलग टीमों में बंटकर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान चला रह हैं. इस दौरान लोगों से झारखंडी अस्मिता और अपनी पहचान को बचाए रखने के लिए वोट करने की अपील कर रहे हैं.

## आजसू ने गंगदा पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया



**किरीबुरु।** आजसू संगठन ने मुखिया सह आजसू नेता सुखराम उर्फ राजू सांडिल के नेतृत्व में सारंडा के गंगदा पंचायत अन्तर्गत विभिन्न गांवों में मोटरसाइकिल रैली एवं पदयात्रा कर एनडीए प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया. राजू सांडिल ने ग्रामीणों से आग्रह किया की वह सभी गीता कोड़ा को कमल फूल निशान पर वोट डाल उन्हें भारी मतों से विजयी बनाये . केन्द्र की एनडीए सरकार के नेतृत्व में गांव के गरीबों के कल्याण हेतु अनेक जन विकास योजनाएं चलाई जा रही है .

## मलखान सिंह ने गीता कोड़ा के पक्ष में किया जनसंपर्क



**किरीबुरु।** पूर्व विधायक अरविन्द सिंह उर्फ मलखान सिंह ने जगन्नाथपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया. इस क्रम में वह डांगोवापोसी, बडाज़ामदा, बोकना, चिड़िया, मनोहरपुर आदि क्षेत्रों में स्थित अपने पुराने सहयोगियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा को वोट करने की अपील किया.

## झामुमो-राजद ने जोबा के समर्थन में बाइक रैली निकाली



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर में झामुमो-राजद ने जोबा मांझी के समर्थन में बाइक रैली निकाली. बाइक रैली में तकरीबन 200 बाइक सवार समर्थक शामिल रहे. रैली का नेतृत्व झामुमो के नेता रंजीत प्रधान और राजद के प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह कर रहे थे. रैली आदित्यपुर, गम्हरिया और आरआईटी मंडल में घूमी. राजद प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि आज सिंहभूम सीट के लिए प्रचार का अंतिम दिन है.

## आदित्यपुर में गीता कोड़ा के समर्थन में रोड शो



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं को रिझाने में इंडिया और एनडीए गठबंधन अब पूरी ताकत झोंक रही है. शनिवार की शाम यहां चुनाव प्रचार थमने जा रहा है, जिसे देखते हुए सिंहभूम सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में शुक्रवार की देर शाम गम्हरिया से आदित्यपुर तक रोड शो निकाला गया. जिसमें खुले वाहन में सवार गीता कोड़ा ने लोगो से वोट की अपील की. वहीं भाजपा कार्यकर्ता जगह जगह गीता कोड़ा का पटाखे चलाकर और फूल बरसाकर स्वागत किया. गम्हरिया दुर्गा पूजा मैदान से शुरू हुआ रोड शो मुख्य मार्ग होते हुए आरआइटी के मार्ग संख्या 24 ट्रांस्पोर्ट कॉलोनी तक पहुंची थी.

## भाजपा प्रत्याशी को तीन लाख वोट से हराएंगे : विधायक



**घाटशिला ।** कॉलेज रोड स्थित विभूति मंच परिसर में शनिवार को महगठबंधन की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में झामुमो, कांग्रेस, सीपीआई सहित महागठबंधन के विभिन्न दालों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी को तीन लाख मतों से पराजित करना है. वर्ष 2019 में पूरे जिले में उनके विधायक थे इस बार पूरे कोल्हान से भाजपा साफ है.

## तारापद षाड़ंगी डीएवी में मॉक पोल का आयोजन



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड अवस्थित तारापद षाड़ंगी डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को झारखंड सरकार व जिलाधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय परिसर में मतदान का मॉक पोल कराया गया.इस मॉक पोल के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान भी चलाया गया. वहीं इस अभियान में आठ उम्मीदवारों ने भाग लिया. जिसमें सूरज, संतोष, शुभेंदु, प्रद्युम्न,हेड बॉय के लिए नामांकन दर्ज किए और हेड गर्ल के मेघा ,शुचि,श्रृंजिता, दिशा रानी, सुहाना ने नामांकन दाखिल किया.

## भाजपा ने गुवा और बड़ाजामदा में निकाली बाइक रैली



**नोवामंडी।** भाजपा पार्टी ने सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास के नेतृत्व में आज शनिवार को गुवा के विभिन्न क्षेत्रों में विशाल बाइक रैली निकालीं. इस दौरान भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में लोगों से वोट करने का अपील किया.वही बड़ाजामदा क्षेत्र में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू हाजरा पासवान के नेतृत्व में गीता कोड़ा के समर्थन में लोगों से वोट करने का अपील किया. साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहें जनकल्याण योजनाओं की लोगों को दी जानकारी.

### थमा प्रचार का शोर, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, अब घर-घर जनसंपर्क

# अंतिम दिन जनसंपर्क और रोड शो कर लोगों से मांगा वोट

**गीता कोड़ा**

- प.सिंहभूम सीट से कुल 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं
- मुख्य मुकाबला भाजपा और झामुमो प्रत्याशी के बीच है

संवाददाता। चक्रधरपुर

लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन शनिवार को प्रत्याशियों ने अपने-अपने तरीके ताकत झोंक कर प्रचार किया.इस दौरान किसी ने रोड शो को लेकर मोटरसाइकिल रैली निकाली तो किसी ने डोर टू डोर जाकर जन संपर्क किया.सिंहभूम लोकसभा सीट से कुल 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है. इसमें भाजपा से गीता कोड़ा, झामुमो से जोबा माझी, बहुजन समाज पार्टी से परदेशीलाल मुंडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान से कृष्णा मार्डी, झारखंड पार्टी से चित्रसेन सिंकू, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट) पार्टी से पानमनि सिंह, राइट टू रिकॉल पार्टी से बीर सिंह देवगम, अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से विश्व विजय मार्डी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से सुधा रानी बेसरा, निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में आशा कुमारी रुण्डा, दामोदर सिंह हांसदा, संग्राम मार्डी चुनावी मैदन में है. इन प्रत्याशियों ने शनिवार को अपने-अपने तरीके से प्रचार-प्रसार किया.



### महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थकों ने निकाली मोटरसाइकिल रैली, मांगा समर्थन



▪ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में झामुमो व कांग्रेस की ओर से चक्रधरपुर में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई . इस रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये .मोटरसाइकिल रैली के दौरान चक्रधरपुर के कारमेल उच्च विद्यालय के समीप प्रत्याशी जोबा माझी ने कार्यकर्ताओं व समर्थकों का स्वागत करते हुये जोश भरा .इस मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व मुख्य रुप से पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ . विजय सिंह गागराई कर रहे थे . मोटरसाइकिल रैली बंदगांव के हुड़ंगदा, नकटी, कराईकेला, चक्रधरपुर के पवन चौक, इतवारी बाजार, चैनपुर, महुलपानी, गोपीनाथपुर, चारमोड़, टोकलो, झरझरा, केरा बांझीकुसूम होते हुये वापस लौटी . इस मौके पर झामुमो नेता दिनेश जेना, रवि मंडल, समाजसेवी दया सागर केराई,चुन्नु रहमान समेत बड़ी संख्या में झामुमो व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे .

### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर में अंतिम दिन किया रोड-शो

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को सिंहभूम सीट से भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर में रोड शो किया . जहां मोटरसाइकलि रैली के रुप में भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी . रोड शो के दौरान गीता कोड़ा एक वाहन में सवार होकर लोगों का अभिनंदन करते हुये चल रही थी . वहीं उनके साथ वाहन में पूर्व सांसद स्व . लक्ष्मण गिलुवा की पत्नी सह महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य मालती गिलुवा भी मौजूद थी .रोड शो चक्रधरपुर के मारवाड़ी स्कूल के समीप से निकली .इस दौरान जगह-जगह समर्थक प्रत्याशी जोबा माझी पर फूल बरसा रहे थे . रोड शो के दौरान महिला-पुरूष समर्थक मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा में सवार थे . रोड शो मारवाड़ी स्कूल के समीप से निकलकर प्रखंड कार्यालय, पवन चौक, इतवारी बाजार होते हुये पोटका पहुंची . इस मौके पर पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विजय मेलगांडी, विधानसभा संयोजक सुरेश साव, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता,संजय पासवान, विश्व हिन्दू परिषद् के गोनु जयसवाल, अनुप दूबे समेत अन्य मौजूद थे .

## बच्चों ने माताओं संग ऑनलाइन मदर्स डे मनाया



**घाटशिला।** किडजी प्रीस्कूल गोपालपुर के बच्चों की माता के साथ शनिवार को ऑनलाइन मदर्स डे मनाया गया. मां प्रकृति की सबसे सुंदर रचना है. यह एक शब्द नहीं है यह तो एक एहसास है. इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल की संचालिका रश्मि सिंह के द्वारा किया गया. सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसे स्कूल की शिक्षिका कनकलता देव, तथा सुमिता दास के द्वारा गाया गया. सारी माताओं के लिए ड्रेस कोड पिंक साड़ी था जिसे पहनकर माताएं कार्यक्रम में जुड़ी. मदर्स डे पर माताएं अपनी मां के साथ बीते पाल को साझा की. श्रीमती जूही चौधरी, सुचित्रा घोष, श्वेता अग्रवाल, रिंकी दत्ता ने अपनी मां के लिए अलग-अलग गाने गाए. इस कार्यक्रम में अदिका अग्रवाल, आदित्य सिंह, शिवांश पॉल के द्वारा बहुत ही सुंदर कविता पाठ की गई.

## झामुमो के केंद्रीय सचिव ने निकाली बाइक रैली



**आदित्यपुर ।** झामुमो के केंद्रीय सचिव गणेश चौधरी, वरिष्ठ नेता अमृत महतो, छायाकांत गोराई, मंगल हांसदा आदि के नेतृत्व में झामुमो के कार्यकर्ताओं ने गम्हरिया स्थित टायो गेट से आदित्यपुर खरकई पुल तक विशाल बाइक रैली निकाली. गणेश चौधरी ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को तीर कमान निशान पर वोट देने की अपील की और महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी को भारी मतों से जिताने की अपील की. उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बेलगाम है जिसपर केंद्र सरकार का कोई अंकुश नहीं है.

## सर्पदंश से दो लड़कियां अचेत, एक की हालत गंभीर



**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के नानक नगर की रहने वाली 24 वर्षीय खुशी नायक को अपने घर के पीछे सफाई करने के दौरान एक जहरीला सांप ने उसके पैर में डंस लिया. तुरंत ही लोगों ने उसे उठाकर गुवा सेल अस्पताल लाया. जहां डॉक्टरों ने उसकी तुरंत ही प्राथमिक उपचार कर खतरे से बाहर बताया. वही एक और लड़की गुवा के सेवा नगर की रहने वाली 26 वर्षीय सुजाता गोच्छाईत अपने घर पर जमीन पर सोई थी. अचानक से उसके घर पर एक जहरीला सांप ने उसके पैर में काट लिया. तुरंत ही घर के लोगों ने उसे उठाकर गुवा सेल अस्पताल लाया.जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति को बिगड़ते देख तुरंत ही डॉक्टरों ने उसे आईजीएच राउरकेला अस्पताल भेज दिया.

## एमजीएम थाना क्षेत्र से एक टन महुआ शराब जब्त की



संवाददाता। मशेदपुर

जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत काशीडीह गांव के जंगलों में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया है. हालांकि, टीम को देखकर महुआ शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए. टीम महुआ शराब को जब्त कर कार्यालय ले आई जहां आगे की कारंवाई की जा रही है. मौके से कुल 1050 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है जिसे 30 ट्यूब में भरकर रखा गया था.

**इसे लोकसभा चुनाव के दौरान खपाने की तैयारी चल रही थी :** 11 मई की शाम 5 बजे से 13 मई को शाम 5 बजे तक रहेगा ड्राई डे

रामलीला रवानी ने बताया कि पड़ोसी जिले में चुनाव को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले में भी 11 मई की शाम 5 बजे से 13 मई को शाम 5 ही बजे तक ड्राई डे है. इस दौरान सभी शराब दुकानें और बार बंद रहेंगे. शराब की खरीद ब्रिकी नही होगी. अगर कोई शराब को खरीद बिक्री करते पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

### बाप और बेटे मिलकर बना रहे थे शराब

जानकारी देते हुए सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहा है जिसके बाद छापेमारी की गई . यह अवैध कारोबार विधान किस्कू और उसके बेटे जैकब और निमाई किस्कू द्वारा किया जा रहा था जिनके खिलाफ फरार अभियोग दर्ज किया गया है . जब्त महुआ की कीमत 26 हजार रुपये आंकी गई है .

## दुर्घटना में एनएच का काम कर रहा युवक घायल



**चांडिल ।** चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी टीसीआई पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक का नाम रमेश कृष्णधर कुरमते है और वह महाराष्ट्र का रहने वाला है. घायल युवक एनएचएआई के तहत आसनबनी से बालीगुमा तक बनने वाले ओवरब्रिज के लिए मिट्टी जांचने वाले टीम में काम करता है. शुक्रवार की देर रात सड़क किनारे मिट्टी जांचने के लिए ड्रील किया जा रहा था. ड्रील का काम करने के दौरान उसे सड़क पर जा रहे एक बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार दिया. बाइक के धक्के से वह सड़क किनारे गिर गया और बेहोश हो गया. बेहोशी की हालत में उसे इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच में दाखिल किया गया है.

**मौके पर पहुंची पुलिस :** दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना का गश्ती दल मौके पर पहुंची और युवक को धक्का मारने वाले बाइक को पकड़ लिया. पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को छोड़ दिया जबकि उनका बाइक को जब्त कर लिया है.

**FORMAT C-1**

**Declaration about Criminal Cases**

| | |
|---|---|
| Name and address of candidate | Vinod Kumar Singh |
| Name of political | Communist Party Of India (Marxist-Leninist) Liberation |
| Name of Election | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of Constituency | 05-Kodarma |

I **Vinod Kumar Singh**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | A. Pending criminal cases | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and dated | Status of cases | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | Special Judicial Mag. F.C. Ranchi (MP MLA Cases) | Case No 12/21 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly |
| 2 | First Class Judicial Mag., Dhanbad. (MP MLA Cases) | GR 1372/12 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly |
| 3 | Chief Judicial Magistrate, Giridih | GR 428/14 | No charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly |

**B. Details about cases on conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum punishment imposed** |
|---|---|---|---|
| | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the CPI(ML)(L)

| | |
|---|---|
| Name of Political Party: | COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST-LENINIST) (LIBERATION) |
| Name of Election : | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of State/UT : | Jharkhand |

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of candidate | Name of constituency | A: Pending criminal cases | | B: Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description Of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) | Maximum punishment imposed |
| 1 | Vinod Kumar Singh | 05-Kodarma | 12/2021 Special Judicial Mag., F.C., Ranchi (MP MLA cases) | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | | | GR1372/12 First Class Judicial Mag., Dhanbad (MP MLA Cases) | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | | | GR 428/14 Chief Judicial Magistrate, Giridih | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

**कार्यशाला** मानसिक स्वास्थ्य पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

# रैफ बटालियन में मेरी लाइफ पर दी गयी जानकारी

संवाददाता। जमशेदपुर



मिशन-मेरी लाइफ के तहत आर्ट थेरेपी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) 106वीं बटालियन परिसर में किया गया. छह मई से 11 मई तक आयोजित कार्यशाला मनोवैज्ञानिक कल्याण को प्राथमिकता देने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है. कार्यशाला के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के कर्मियों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति की उपचार शक्ति की जांच करने के उद्देश्य से कई गहन गतिविधियों में भाग लिया. कार्यक्रम का निर्देशन जमशेदपुर की अनुभवी कला चिकित्सक अनुश्री भार्गव ने किया था. इसमें पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला, कला-निर्माण सहित आत्म-अभिव्यक्ति, संवाद और उपचार के साधन के रूप में कई कलात्मक माध्यम शामिल थे. लोगों को तनाव और चिंता, संघर्ष समाधान, भावनात्मक प्रबंधन, आत्मसम्मान को बढ़ावा देने और अन्य मानसिक या भावनात्मक चिंताओं को कम करने में मदद करने के लिए कोलाज, क्ले मोल्डिंग और रचनात्मक लेखन का आयोजन किया गया.

### पहले दिन मानसिक स्वास्थ्य की दी गयी जानकारी

कला चिकित्सा कार्यक्रम के पहले दिन मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, लोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से कैसे लाभ उठा सकते हैं और मानसिक मुद्दों से जुड़े कलंक को दूर करने पर जोर दिया गया . कला चिकित्सा पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति आयोजित की गई . इसमें अनुश्री भार्गव ने कला चिकित्सा क्या है, कला चिकित्सा इतिहास, रचनात्मक प्रक्रियाओं का सार और इसके लाभों के बारे में बताया .

### दूसरे दिन ध्यान केंद्रित पर कार्यशाला

दूसरे दिन कार्यक्रम के उद्घाटन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जहां प्रतिभागियों को अपने जीवन को एक पुल के रूप में देखने, पुल में अतीत, वर्तमान और भविष्य की घटनाओं को देखने के लिए आमंत्रित किया गया . प्रतिभागियों ने जीवन के अनुभवों का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वयं के अनूठे पुल बनाए .

### तीसरा दिन खुशी पर केंद्रित था

तीसरा दिन खुशी पर केंद्रित था, जहां प्रतिभागियों को खुद को कुछ ऐसा करने के लिए आमंत्रित किया गया जिससे खुशी या शांति मिले . कुछ प्रतिभागियों ने साझा किया कि वे जो चीजें पसंद करते हैं वे अखबार में कर रहे थे, क्योंकि वे वास्तविकता में ऐसा करने में सक्षम नहीं थे .

## ब्रीफ खबरें

### प्रधानमंत्री की सभा को लेकर लोगों में उत्साह

चौपारण । पीएम नरेंद्र मोदी की चतरा के सिमरिया में आयोजित सभा को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह दिखा. क्या आम, क्या खास सभी पीएम की सभा को लेकर उत्साहित दिखे. विशेषकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी प्रसन्नता थी. पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लगभग पचास किमी दूर सिमरिया पहुंचे. जाने से पहले चौपारण में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि पीएम मोदी के ओजस्वी भाषण के श्रवण मात्र से कार्यकर्ता नई ऊर्जा से ओतप्रोत हो जाते हैं. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए चार सौ सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल करेगी. आमजनों का विश्वास भाजपा के साथ है.

### शिक्षक ने की छात्र की पिटाई, शिकायत दर्ज

**हजारीबाग।** नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल में के एक छात्र की पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है. छात्र का नाम मोहित कुमार है. वह डूमर सरोली में रहता है. यह घटना गुरुवार की है. जानकारी के अनुसार छात्र की गलती यह थी कि उसने नल खुला छोड़ दिया था. इस पर शिक्षक को गुस्सा आ गया. जिसके बाद उसने छात्र की पिटाई कर दी. इस संबंध में छात्र के परिजनों ने सीडब्ल्यूसी के पास पहुंची और पूरी बात बताई. इसके बाद सीडीपीओ ने उन्हें लोहसिंगना थाना भेज दिया. जहां केस दर्ज किया गया. बता दें कि यह गुरुकुल हजारीबाग के नवाबगंज में स्थित है. गुरुकुल पिछले 13 साल से चल रहा है. इसमें 115 छात्र और 108 छात्राएं हैं.

### इंडक्शन कोटा प्रक्रिया को अविलंब पूरा करें

**रामगढ़।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने धनबाद मंडल के रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं के निराकरण को लेकर बरकाकाना का दौरा किया. पिछले दिनों मंडल रेल प्रशासन को अपनी मांग पत्र सौंपे जाने के बाद मंडल प्रशासन ने आठ मई को ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पीएनएम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन को मांगों पर अपना विचार प्रस्तुत करने के लिए बुलाया था. शुक्रवार को बरकाकाना पहुंचे मो ज़्याऊद्दीन ने सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद के साथ बरकाकाना के विभिन्न कॉलोनियों, कंट्रोल कार्यालय, कैरेज कार्यालय, बिजली ऑफिस, रेलवे अस्पताल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा रेलकर्मियों के बच्चों और महिलाओं के लिए ईसीआरकेयू के सहयोग व रेलकर्मियों के श्रमदान से बनाए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया.

### गैस कनेक्शन धारकों से केवाइसी की अपील

**जयनगर।** पथिक समीधा एचपी गैस ग्रामीण वितरक जयनगर के प्रोपराइटर सुरेंद्र भाई मोदी ने कनेक्शन धारियों से अपील की है कि फर्जी गैस कनेक्शन रोकने के लिए ई केवाईसी जरूरी है. अन्यथा उनका सब्सिडी जाना रूक जायेगा. बाद में कंपनी द्वारा उनका गैस कनेक्शन रोक दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए यह जरूरी है. भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय ऑयल कंपनियों के निर्देशानुसार गैस कनेक्शन का केवाईसी जरूरी है. उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था कार्यालय में की गयी है. जहां लाभुक अपनी अंगुलियों का इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस से निशान लगा कर ई केवाईसी करा रहे हैं. बताया कि एजेंसी के गैस डिलीवरी मैन भी गैस की डिलीवरी करते समय आपका ई केवाईसी कर सकता है.

### पेटो में तालाब सुखाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**केरोडारी।** केरेडारी प्रखंड के पेटो पंचायत अंतर्गत एक बड़ा तालाब है. जिस तालाब से पंचायत के लगभग लोगों का स्नान करना, जानवर का पानी पिलाना आदि काम होता है. इस तप्ती जेठ और आषाढ़ की गर्मी में पंचायत में पानी की घोर किल्लत दिखाई दे रही है. ऐसी स्थिति में बड़ा तालाब का पानी विकास के नाम पर तालाब कटवाकर पानी बहा देना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है. ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड में मानसून 15 जून तक लगभग आ ही जाता है. तो क्या एक महीने में तालाब सुखाकर 61 लाख की लागत से होने वाले गहरीकरण का काम पूर्ण होना संभव है. ग्रामीण बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं. ठेकेदार अपनी जेब भरने के लिए गांव के कुछ लोगों को मिलाकर धमकियां दिला रहे हैं.

---

मनीष ने बड़कागांव पहुंचकर सबसे पहले स्व. गुरुदयाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

# मैंने सदैव जनता का साथ निभाया: मनीष जायसवाल

**संवाददाता। हजारीबाग**



**किया जनसंपर्क**

- कार्यकर्ताओं ने मनीष का गर्मजोशी स्वागत किया
- केरेडारी मार्केट में पदयात्रा कर लोगों से समर्थन मांगा

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने क्षेत्र में मतदाताओं से जनसंपर्क किया. इस दौरान मनीष ने बड़कागांव पहुंचकर सबसे पहले यहां स्व. गुरुदयाल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया.

जहां स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी स्वागत किया. यहां से मनीष भाजपा और आजसू कार्यकताओं के साथ बड़कागांव चट्टी, बड़कागांव चौक, बड़कागांव मुख्य बाजार से सूर्य मंदिर तक पदयात्रा कर हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया. इस दौरान बड़कागांव वासियों ने भरपूर समर्थन का विश्वास जताया. यहां से केरेडारी पहुंचे. जहां केरेडारी चौक पर भाजपा आजसू कार्यकर्ताओं ने उनका जबदस्त स्वागत किया और फिर केरेडारी मार्केट क्षेत्र में पदयात्रा कर लोगों से समर्थन मांगा. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, अमर कुमार बाउरी जिंदाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे खूब गुंजायमान हुआ.

यहां से हजारों समर्थकों संग सिमरिया में हजारीबाग और चतरा संसदीय क्षेत्र के संयुक्त महा विजय संकल्प सभा में शामिल हुए और इस सभा को संबोधित किया. मनीष ने कहा कि संसदीय चुनाव की दुदुंभी बजने के पहले और बाद बतौर सदर विधायक मैंने सदैव जनता का साथ निभाया. एनडीए से टिकट की घोषणा के बाद से संसदीय क्षेत्र हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत 70 दिनों से बिना आराम किए 18-20 घंटे जन-जन की बात सुनी. अगर धरातल पर जनसमस्याओं का समाधान करना है, तो लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान अवश्य करें और मुझे संसद भेज कर अपना साथ दें. संसद भवन में उन जनसमस्याओं के निदान के लिए मुखर बन कर आवाज उठाएंगे. जनता से कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं.

## लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के लिए सुविधा ऐप हुआ जारी

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन आयोग ने सुविधा ऐप जारी किया है. चुनाव आयोग ने अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन और अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिस सुविधा वेब एप्लिकेशन को जारी किया है, इसे एनकोर के नाम से भी जाना जाता है. इस ऐप के होने से अब प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को मीटिंग, रैली, माइक, हेलिकॉप्टर, हेलिपैड आदि की अनुमति के लिए निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे. वे सुविधा ऐप से अनुमति ले सकेंगे. वहीं नामांकन की तिथि से मतदान के 48 घंटे पूर्व तक एक्टिव रहेगा सिंगल विंडो. अब समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल/ऐप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी. सम्बन्धित अधिकारियों की ओर से उक्त ऐप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा. सुविधा एप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://www.eci.gov.in/suvidha-candidate) से डाउनलोड किया जा सकता है . नामांकन की तिथि से मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व तक अनुमति प्रदान की जाएगी. अगर राजनीतिक दल ऑनलाइन आवेदन करने ने असमर्थ है तो आदर्श आचार संहिता सेल के काउंटर पर जाकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं.

---

कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक राजीव ने हजारीबाग का दौरा किया

# कांग्रेस के पक्ष में जनता अपना मन बना चुकी है : राजीव रंजन

**संवाददाता। हजारीबाग**



**बोले प्रचारक**

- सभी सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी बड़ी जीत हासिल करेंगे
- देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास हो रहा है
- आज देश में बेरोजगारी व महंगाई की समस्याएं हैं

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टार प्रचारक राजीव रंजन प्रसाद शनिवार को हजारीबाग का दौरा किया. उनके साथ महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत और उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद भी थे. इस दौरान उन्होंने शहर के कई मुहल्लों में विशेषकर कानी बाजार, बाड़म बाजार, न्यू एरिया, जादो बाबू, महावीर स्थान रोड, शिवपुरी, नवाबगंज, ओकनी, अमृतनगर मुहल्ला का दौरा किया. साथ ही कई संगठनों के साथ बैठक किया. इस अवसर पर राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि देश की जनता लोकतंत्र की रक्षा और संविधान बढ़ाने की दृष्टिकोण से अपना मन बना चुकी है. झारखंड के अंदर 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बड़ी जीत हासिल करने जा रही है.

उन्होंने कहा कि आज देश में मूल मुद्दों से भटकाने के दृष्टिकोण से मौजूदा सरकार और उसमें शामिल प्रतिनिधि देश की जनता को गुमराह करने का लाख प्रयास करें परंतु सफलता हासिल नहीं होने वाली है. आज बेरोजगारी व महंगाई की समस्याएं हैं. लोगों के बीच नफरत फैलाई जा रही है. विरोधी पार्टी समाज को बांटने में लगी है. लेकिन लोग उन्हें किनारे कर रहे हैं. उससे निजात दिलाने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में देश की जनता अपना मन बना चुकी है. इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, महिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, अजय अम्बष्टा, सुनील श्रीवास्तव, रूपेश बिहारी सिन्हा, रश्मि बिहारी सिन्हा, प्रो अरुण कुमार सिन्हा, बिपिन बिहारी, शत्रुंजय प्रसाद, संजय कुमार सिन्हा, ललन प्रसाद, अनूप कुमार सिन्हा, सुशील सिन्हा व भिवुति कुमार सिन्हा मौजूद थे. इसके अलावा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष एबीकेम के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, प्रभात कुमार सिन्हा गुड्डू, मनोज सिन्हा, मुकेश सिन्हा, राजीव रंजन सिन्हा, बॉबी करण, अमर सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, विकास सिन्हा, बैजनाथ प्रसाद, मिटलेश प्रसाद, अजय सिन्हा, कांता प्रसाद, अंजनी प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, आशीष श्रीवास्तव, रवि शंकर, निशांत कुमार, देवन्ति देवी, सोनिया देवी, लीलावती देवी, तापो देवी, अलीशा गोंद, ऋचा रंजन, अजय कुमार गोंद, हेमंती कुमारी, गिरिजा देवी, हेमंती देवी, आरती देवी, डॉली सिन्हा, पिंटू सिन्हा, प्रियंवदा, अनिल सिन्हा, पिंटू सिन्हा, अजय कुमार, अजय कुमार, अंजनी कुमार सिन्हा, बिपिन सिन्हा, राकेश कुमार, खुशबू सिन्हा, अनिता देवी, चिन्ता देवी, कलावती देवी, पिंकी देवी, प्रियंका देवी, अनुपम, अनुज, शुभम, राजा सिन्हा, अमित सिन्हा, आशीष श्रीवास्तव व अंजली सिन्हा मौजूद थे.

### जनता के आह्वान पर चुनाव लड़ रहा हूं: जय

**झुमरीतिलैया।** शहर के वृंदा भवन में कोडरमा लोकसभा चुनाव में दमखम आजमा रहे निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा ने एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत किया . सम्मेलन की अध्यक्षता देवेंद्र कुमार मेहता ने किया . मौके पर उपस्थित निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पिछले पांच सालों में एक भी विकास के कार्य नहीं हुए हैं . कोडरमा का मेडिकल कॉलेज का अब तक पूर्ण नहीं होना इसका एक प्रमाण है . साथ ही वर्मा ने कहा कि जनता के आह्वान पर उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है . लगातार क्षेत्र के मतदाताओं का मिल रहा सहयोग बता रहा है कि उनकी जीत शत प्रतिशत तय है . उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है कि इस बार क्षेत्र की जनता ने वैसे लोगों की पहचान कर ली है जो जनता को गुमराह कर अब तक ठगने का प्रयास किया है . पिछले चुनाव मे कार्यों के लिए किये वादों मे एक भी कार्य को अमलीजामा नहीं पहनाया गया .

---

अन्नपूर्णा देवी ने विपक्ष पर निशाना साधा, कहा

## मोदी और भाजपा ने बड़ी लकीर खींची

**संवाददाता। कोडरमा**



झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र की इंदरवा, तिलैया बस्ती, नवादा बस्ती आदि बस्तियों में जनसंपर्क के क्रम में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने विपक्ष पर निशाना साधा. कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विकास की एक बड़ी लकीर खींची है. विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है. भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त-निर्णायक कार्रवाई की है. आज़ादी के बाद से लंबे समय तक काबिज रहे कांग्रेस और उसके साथियों की गलतियां उजागर करते हुए उन्हें सुधारा है.

भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई कार्रवाई में ज्यादातर कांग्रेस, राजद और झामुमो के शीर्ष नेता पकड़े गए. अब आम चुनाव के दौरान अपनी चोरी की सजा से बचने, लूटकर इकट्ठा की गई संपत्ति बचाने और अपनी ऐतिहासिक गलतियों पर पर्दा डालने के लिए सारे चोर इकट्ठा हो गए हैं. इन्होंने अपने बचाव और भाजपा के ऊपर हमले के लिए झूठ को हथियार बना रखा है. अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने पत्थर, बालू और ढ़िबरा को लूट का जरिया बनाया और इसके लिए गरीबों के रोजी रोजगार पर डाका डाला. ढिबरा, बालू, पत्थर ये सभी राज्य सरकार के नियंत्रण में हैं. एक भ्रम फैलाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने ढिबरा चुनने-बेचने पर रोक लगाई है. मैं ऐसा कहनेवालों को इससे संबंधित पत्र या दस्तावेज सार्वजनिक करने की चुनौती देती हूं. कहा कि भाकपा माले और इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि ढिबरा, बालू का कारोबार बंद होने के बावजूद इसका अवैध कारोबार हो रहा है या नहीं.

### कामता गांव से जावा महुआ हुआ बरामद

**रामगढ़।** उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निदेशानुसार शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी अभियान के दौरान गोला थाना अंतर्गत कामता गांव में भैरवी नदी के किनारे संचालित अवैध शराब भट्टियों में सघन व व्यापक छापामारी कर कुल 50 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया. वहीं 1000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया.

## यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण और उपयोगी पहल है: मजीद




**संवाददाता। रामगढ़**

डीएवी बरकाकाना में कार्यशाला का आयोजन हुआ. यह कार्यशाला कैपेसीटी ब्यूल्डिंग प्रोग्राम अंडर द एजेज ऑफ डीएवी सीएमसी अंतर्गत अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, प्रारंभिक शिक्षा विकास कार्यक्रम विषय पर हुआ. इसमें जोन डी अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के 90 शिक्षक मौजूद थे. कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अधिकारी एसके शर्मा द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया. इसके बाद स्कूल प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद, डीएवी पतरातू के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा एवं डीएवी चैनपूर की प्रभारी शकुंतला गिरी के संयुक्त तत्वावधान में औपचारिक रूप शुरुआत की गयी. इसके बाद विभिन्न विषय के विशेषज्ञों ने शिक्षण के कई गुण साझा किये.

---

## केरेडारी में वज्रपात से दो लोगों की मौके पर हुई मौत

**संवाददाता। केरेडारी**

केरेडारी में वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों में एक पगार गांव निवासी 45 वर्षीय कैला राम है. वहीं दूसरा पचड़ा गांव निवासी नरेश राम का बड़ा पुत्र अनिल राम हैं. मिली जानकारी के अनुसार मृतक कैला राम मजदूरी करता था. वह मजदूरी करने बगल के गांव बालेदेवरी गया था. जहां अचानक तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी. इसी दौरान कैला वज्रपात की चपेट में आ गया. जिस कारण उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई. उक्त घटना से परिजन रो रो कर बेहाल है. कैला के अचानक मौत होने से परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया. क्योंकि घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था. इधर घटना के उपरांत मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया.

### बड़कागांव में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**बड़कागांव।** प्रखंड में शनिवार को अचानक बेमौसम तेज बारिश व आकशीय बिजली कड़कने लगी. वहीं आकशीय बिजली कड़कने से बड़कागांव प्रखंड दो अलग-अलग जगहों पर दो लोगों की मौत हो गई. डाडीकलां में आकाशीय बिजली कड़कने से सिंदवारी निवासी 60 वर्षीय खेवानी राणा की मौत हो गई. वहीं चेपाखुर्द निवासी 30 वर्षीय ललिता देवी की मौत हो गयी. इस घटना के बाद दोनों मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. खेमानी के परिजनों ने बताया कि शनिवार को खेमानी सब्जी बेचने के लिए घर से निकले. इस दौरान वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए. जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई.

### मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें : इन्दु

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांजनों का खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन एम्फी थियेटर, झील परिसर हजारीबाग में किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे. इन्दु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने दिव्यांगजनों को संबोधित किया. कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेकर अपने मत का प्रयोग करें एवं अपने परिवार तथा अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें. दिव्यांगजनों ने 'पांव नहीं तो पहियों पे आओ, लेकिन अपनी राय बताओ" का नारा लगाया. इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उनके बीच ट्राई साईकिल रेस, सूई-धागा, बास्केटबॉल, म्यूजिकल चेयर एवं नेत्रहीन दिव्यांगों के बीच दौड़ प्रतियोगिता हुई.

## 750 लीटर स्प्रिट लदा पिकअप वैन जब्त

**संवाददाता। चौपारण**



तस्कर हर दिन तस्करी के लिये नये तरीके खोज रहे हैं पर पुलिस सजग है. चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह तस्करों के हर चाल को नाकाम करने में लगे हैं. इसके लिए बड़ी कार्यवाई कर रहे हैं. इस बार एक पिकअप वैन में सब्जी ढोने वाले कैरेट के नीचे भारी मात्रा में नकली शराब में मिलाने वाला स्प्रिट जब्त किया गया.

थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि रात में गुप्त सूचना मिली कि नकली शराब बनाने के लिए उपयोग किया जाने वाले स्प्रिट को प्लास्टिक गैलनों में भरकर चतरा से एक पिकअप वैन में लोड कर ले जाया जा रहा है. जिसे चतरा-ईटखोरी होते हुए चौपारण के रास्ते बिहार ले जाने की योजना है. इस सूचना से वरीय पदधिकारियों को अवगत कराते हुए आदेशानुसार मैं अपने नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया. छापामारी दल के साथ जिला चेकपोस्ट बेढ़नाबाड़ा के पास पहुंचकर वहां प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं चौपारण थाना के पुअनि मदन मुण्डा के साथ मिलकर ईटखोरी की ओर से आने वाले वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल करने लगा. इसी क्रम में रात में करीब 01:15 बजे ईटखोरी की ओर से एक सफेद रंग का पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया. नजदीक आने पर रूकने का इशारा किया तो पिकअप वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से भगाते हुये बैरिकेटिंग को तोड़ते हुए भगाने लगा.

जिसे पीछा करने पर पिकअप चालक महाराजगंज चौक के पास गाड़ी को खड़ा कर दिया और उतरकर भागने का प्रयास करने लगा. जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया. पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम एजाज अंसारी, थाना-कांके, जिला-रांची बताया. वहीं वाहन की जांच करने पर प्लास्टिक के कैरेट के नीचे छिपा कर रखा 15 प्लास्टिक का गैलन बरामद हुआ. जिसमें स्प्रिट भरा था. जिसे जब्त कर लिया गया. प्रत्येक प्लास्टिक के गैलन में 50-50 लीटर कुल - 750 लीटर स्प्रिट बरामद हुआ. जब्त स्प्रिट थाना लाया गया. वहीं आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. छापामारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

### स्वास्थ्यकर्मियों की मतदान जागरुकता रैली

**चौपारण।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 20 मई को चौपारण प्रखंड में भी मतदान संपन्न होगा. इस बार प्रखंड में कुल 135077 मतदाता हैं. जिसमे 16878 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. प्रखंड में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वास्थ्यकर्मी भी पीछे नहीं है. प्रखंड में मतदान का अलख जगाने को लेकर चिकित्सा प्रभारी के साथ साथ सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने भी सड़क पर उतर कर मतदान के प्रति जागरूक करते दिखे. इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी पहले मतदान, बाद में जलपान, जागरूक मतदाता लोकतंत्र के भाग्य विधाता आदि नारों से लोगों को जागरूक करते रहे. इस सम्बंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप ने बताया कि 11 मई से 17 मई तक मतदान के प्रति जागरुकता कार्यक्रम निर्धारित है. जिसके तहत शनिवार को मेरे नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण से लेकर ब्लॉक गेट तक जागरुकता रैली निकाली गई.

---

**बूथ कमेटी** कमेटी के सदस्यों का कहना है कि चुनाव आता है तो बूथ कमेटी इन्हें याद आते है

# पार्टी की कार्यशैली से बूथ कमेटी सदस्य हैं नाराज

**प्रमोद उपाध्याय/रंजना कुमारी। हजारीबाग**

बूथ कमेटी के सदस्य और वोटर



लोकसभा के इस चुनाव में अब बूथ कमेटी के सदस्य भी नाराज देखे जा रहे हैं. वह अपनी पार्टी पर खूब आरोप लगा रहे हैं. कमेटी के सदस्यों का कहना है कि चुनाव आता है तो बूथ कमेटी इन्हें याद आते हैं. वह कभी मीटिंग करते हैं तो कभी फोन पर बड़े-बड़े सपने दिखाते हैं. लेकिन जैसे ही चुनाव जीत जीते हैं फिर बूथ कमेटी है या नहीं है उन्हें कोई याद नहीं आता है. यहां तक की बूथ कमेटी एजेंट का भी नाम उन्हें नहीं पता होता है.

ऐसे में अब बूथ कमेटी में कोई आना नहीं चाहता है. वे कुछ पैसे का लालच देकर नये लोगों को बैठा देते हैं. जिन्हें कोई अता-पता क्षेत्र का नहीं होता है. ऐसे में बोगस वोट भी होता रहता है. यह मामला हजारीबाग लोकसभा का है. इस क्षेत्र में लगभग 2254 मतदान केंद्र और 17 प्रत्याशी है. इन सभी का एक-एक बूथ एजेंट है. कुल मिलाकर 38 हजार बूथ एजेंट है. कटकमसांडी प्रखंड के पबरा बूथ संख्या 84 के भाजपा के एजेंट शंकर राणा ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए काम करते आ रहे हैं. लेकिन कोई लाभ नहीं है. पांच साल बीत जाने के बाद नेताजी ना कभी बात करते हैं और ना ही पार्टी बात करती है. वह केवल एकदिवसीय होता है. चुनाव होने के बाद सब कुछ भूल जाते हैं. दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शिबू मेहता ने बताया कि बूथ एजेंट को कई लाभ मिलना चाहिए. वह पार्टी के लिए काम करता है. आसपास के वोटर को भी बूथ पर लाकर वोट दिलवाता है. लेकिन नेताजी कमेटी के नाम पर कुछ नहीं करते हैं. ना उन्हें कभी रोजगार दिया जाता है ना ही कभी ठेकेदारी. ऐसे में अब बूथ पर काम करना अच्छा नहीं लगता है.

इस संबंध में सदर प्रखंड के सिल्वरकला के वोटर केशव प्रजापति ने बताया कि 85 वर्ष उम्र हो चुकी है. यह चुनाव नहीं बल्कि त्योहार है. चलना तो मुश्किल है. उसके बावजूद भी कमेटी के लोग अपनी व्यवस्था बनाकर बूथ पर ले जाते हैं और मतदान करवाते हैं. ऐसे में नौजवानों को पार्टी की ओर से प्रोत्साहन राशि के अलावा इन्हें अन्य दिन भी रोजगार देना चाहिए था. इस संबंध में वोटर सुरेश रविदास ने बताया कि बूथ एजेंट का भी बड़ा महत्व है. जब पोलिंग का समय होता है तो ईवीएम मशीन एजेंट के सामने खुलता है और सील भी किया जाता है. गिनती के समय भी उनके सामने ईवीएम मशीन खोला जाता है. ये सारा काम करते हैं. चुनाव के बाद कोई ध्यान नहीं देता है.

## लॉर्ड कृष्णा स्कूल में विद्यार्थियों की आंख की नि:शुल्क जांच



**संवाददाता। हजारीबाग**


अमृत नगर स्थित लॉर्ड कृष्णा 10 2 स्कूल में शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में डॉ मोहनलाल के द्वारा छात्राओं को निशुल्क आंख की जांच करवाई गई. इसमें नवमी, दशमी, 11वीं और 12वीं से लगभग 200 छात्रों ने अपने नेत्र का जांच करवाया. वहीं मौके पर स्कूल प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं शिक्षक उपस्थित थे. इस संबंध में स्कूल प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव ने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर जांच कराना अनिवार्य है. बच्चे देश के भविष्य हैं. इन्हें पढ़ने के दौरान आंखों की सुरक्षा करना हम शिक्षकों का कर्तव्य बनता है. इसलिए स्कूल कैंपस में समय-समय पर डॉक्टर आते हैं और जांच करते हैं.

**इस** समय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है. राजनीतिक दलों के नेता अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं. लोक लुभावन वादों के साथ वे अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं. इस बीच लोगों में यह चर्चा जोरों पर है कि किस प्रत्याशी को वोट किया जाए. यानी हमारा सांसद कैसा हो. क्योंकि अक्षम प्रत्याशी को वोट कर लोगों को यह पछतावा होता है कि हमने सही जन प्रतिनिधि नहीं चुना और हमारी समस्याएं और सपने धरे के धरे रह गए. फिर शिकायतों को सिलसिला शुरू हो जाता है. इससे बचने के लिए जरुरी है कि बहुत सोच समझकर अपने सांसद का चुनाव किया जाए. इस मामले पर राज्य के बुद्धिजीवियों और युवाओं से रायशुमारी के बाद जो तथ्य सामने आए हैं. उसमें सबसे प्रमुख बात यह आयी है कि सांसद का पढ़ा-लिखा और समझदार होना बहुत जरुरी है. उसके अलावे जिस क्षेत्र का वह प्रतिनिधित्व वे कर रहे हैं वहां की विस्तृत जानकारी उन्हें होनी चाहिए. साथ ही मिलनसार, जन सुलभ, जन समस्याओं को समझना, जानना और उसे प्रमुखता के साथ संसद में रखने की क्षमता उनमें होनी चाहिए. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में इस मुद्दे पर युवाओं व बुद्धिजीवियों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.

## हमारा सांसद कैसा हो : बुद्धिजीवियों, युवाओं ने कहा

# सांसद पढ़ा-लिखा व अच्छी समझ वाला होना चाहिए

- मतदाताओं को वोट से पहले प्रत्याशियों को जानना जरूरी
- सोच समझकर सांसद चुनें, ताकि बाद में पछतावा न करना पड़े
- जो बुनियादी सुविधाओं और विकास के कार्यों को प्रमुखता दे
- जो किए वादों पर खरा उतरे, जन समस्याओं को समझे



**घाटशिला**

### हमें समस्याओं को सदन में प्रमुखता से रखने वाला सांसद चाहिए : रंजीत ठाकुर



स्वर्णरेखा नर्सिंग होम घाटशिला के संचालक रंजीत ठाकुर ने बताया कि हमारे क्षेत्र का सांसद क्षेत्र की समस्याओं को सदन पर प्रमुखता से रखें और उसका निराकरण करवाना उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए. स्थानीय होने के कारण उनके क्षेत्र से भावनात्मक लगाव भी होगा. पूर्वी सिंहभूम जिला में कई ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं जो आज भी आधार पर अटकी हुई है. उन्होंने कहा कि एकमात्र क्षेत्र की तांबा फैक्ट्री वर्षों से चल रही थी, आज अंतिम सांसे गिन रही है. इन परियोजनाओं को पूरा करने का वादा करने वाला प्रत्याशी ही हमारा सांसद चुना जाना चाहिए.

### देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, हमारा क्षेत्र भी इससे अछूता न रहे : शिल्पी सरकार



ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल दाहीगोड की सचिव शिल्पी सरकार ने कहा कि अभी भी हमारे क्षेत्र में जन सुविधाओं की घोर कमी है. हम चाहते हैं कि हमारा सांसद प्रत्याशी ऐसा हो जो कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त कर सके. देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है. इसलिए हम सभी चाहते हैं कि घाटशिला क्षेत्र में भी इसका लाभ मिल सके,जिसकी जानकारी हमारे सांसद प्रत्याशी को होनी चाहिए. सांसद ऐसे चुने जो आमजनों की समस्या को सदन में उठा सके न कि पैसे की लालच में पूंजीपतियों की आवाज बने.

### स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला सांसद चाहिए : लक्ष्मीकांत गुप्ता



घाटशिला क्षेत्र के व्यवसाय लक्ष्मीकांत गुप्ता ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षित और ईमानदार होना चाहिए. तभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सकता है. अब तक बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने की दिशा में बहुत ज्यादा पहल नहीं हो सकी है. नवनिर्वाचित सांसद से या उम्मीद है कि घाटशिला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा में बेहतर काम करें स्वास्थ्य सुविधा एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला सांसद होना चाहिए. घाटशिला के लिए यह दो मुद्दे काफी महत्वपूर्ण हैं.

### बेरोजगारों का दर्द सदन में रखे सके और बेरोजगारी की दर को कम करे : शुभ्रा कांति दे



घाटशिला शहर के व्यवसाय शुभ्रा कांति दे ने कहा कि घाटशिला ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां शिक्षा स्वास्थ्य सड़क बिजली पानी एवं रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था न के बराबर है जिसे जनता तरस रही है. जनप्रतिनिधि का चयन करेंगे जो बेरोजगारी का दर्द सदन में रख सके और बेरोजगारी की दर को कम कर सके. साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र का विकास दिव्यंका गति से कर पाए वैसा ही सांसद होना चाहिए.

**आदित्यपुर**

### जनता की आवाज संसद में उठा सके : बैजू यादव

छात्र बैजू यादव का कहना है कि देश में संसदीय चुनाव का माहौल है. ऐसे में



छात्र और युवाओं को अपने सांसद चुनने की चुनौती है. मैं एक छात्र होने के नाते यह कहना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो जन जन की आवाज को अपनी वाक पटुता के साथ संसद में रखें. ताकि क्षेत्र की आमजन की आकांक्षा पूरी हो सके. हमें ऐसा सांसद चाहिए जो संसद में अपनी आवाज उठा सके.

### जो लालच में पूंजीपतियों की आवाज न बने : राजा कुमार


छात्र राजा कुमार का कहना है कि सांसद ऐसा चुनें जो आमजन की समस्याओं को



संसद में उठाए न कि पैसे की लालच में पूंजीपतियों की आवाज न बने, उनके हित में कानून में संशोधन न करे. एक विद्यार्थी होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि आज भी देश के कई कानूनों में संशोधन की आवश्यकता है, जिसके चलते कुछ असामाजिक तत्व इसका लाभ उठा लेते हैं और आमजन को इंसाफ नहीं मिल पाता है.


**मेदिनीनगर**

### पेयजल समस्या दूर करने वालो को प्राथमिकता: बद्री प्रजापति



मुख्य बाजार क्षेत्र के व्यवसाय बद्री प्रजापति ने कहा कि पलामू में पानी का संकट सबसे बड़ा मुद्दा है. चाहे कृषि हो या पेयजल दोनों मामले में लोगों को पानी का संकट झेलना पड़ता है. गर्मी के दिनों में तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है. यदि मंडल डैम का काम पूरा कर दिया जाए तो मेदिनीनगर शहर में पेयजल संकट का बहुत हद तक समाधान हो सकता है. वहीं सिंचाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं हो पाना किसानों के लिए दुख का विषय है. किसानों के खेतों तक पानी पहुंचे इसका समाधान करने वाला ही हमारा सांसद बन सकता है.

### रोजगार को बढ़ावा देने वाले को देंगे प्राथमिकता : संजय प्रसाद गुप्ता



कपड़ा व्यवसायी संजय प्रसाद गुप्ता का कहना है कि हम वैसे ही प्रत्याशी को वोट देंगे, जो बेरोजगारी दूर करने में सफल होगा. कारण क्षेत्र में कल कारखाने नहीं होने की वजह से यहां का बाजार मंदा रहता है. महंगाई बेतहासा बढ़ी है औरआमदनी के मुकाबले खर्च बढ़ रहा है. यदि लोगों के पास पैसा होगा तो वह खर्च भी करेंगे और व्यवसायियों की आमदनी भी बढ़ेगी .इसलिए हम वैसे प्रत्याशी को अपना मत देंगे जो क्षेत्र में कल कारखाना स्थापित कराने के साथ ही लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए.

### प्रधानमंत्री मोदी की तरह काम करने वाला हो हमारा सांसद : चंदना गुप्ता



गृहिणी चंदना गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में देश विकास की प्रगति के पथ पर अग्रसर है. उन्होंने गरीबों को आवास गैस सिलेंडर समेत अन्य कई लाभ दिए हैं .वहीं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए भी ऋण उपलब्ध कराया है. पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पलामू में भी काफी कार्य हुए हैं. इसलिए मैं तो उनके अनुरुप कार्य करने वाले व्यक्ति हो ही अपना सांसद बनाना चाहूंगी.

**हर वोट** कीमती है, इसलिए सभी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए

**वोट प्रतिशत** बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे हैं कई कार्यक्रम

**वोट को** लेकर मतदाताओं को जागरुक होने की जरुरत

**प्रत्याशी** चयन में गंभीर हों मतदाता तभी जन समस्याओं का समाधान होगा

**डकरा**

### जो क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने में रुचि रखता हो : डॉ. श्याम ठाकुर



यू के एस कॉलेज डकरा प्रोफेसर डॉ. श्याम ठाकुर का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो स्वयं शिक्षित हो और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने वाला होना चाहिए,साथ ही साथ मूलभूत सुविधाओं सहित क्षेत्र में चिकित्सा, आवागमन की व्यवस्था को दुरुस्त करने वाला होना चाहिए. वह जन कल्याणकारी कार्यों में रुचि रखता हो तथा जन सुलभ भी हो. अपने संसदीय क्षेत्र में हमेशा तत्पर रहे,लोगों की बातों को समझे और उनके दुखों का समाधान करने वाला हो.

### सांसद को स्थानीय समस्याओं से अवगत होना चाहिए : इस्लाम अंसारी



मोहन नगर डकरा के अधिवक्ता इस्लाम अंसारी का कहना है कि हमारा सांसद तेजस्वी, पढ़ा लिखा होना चाहिए,इसके साथ ही सांसद को स्थानीय होना चाहिए, ताकि यहां की मूलभूत समस्याओं को वह समझ सके और उसका निराकरण भी कर सके. वह संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध रहे, हमारा सांसद शिक्षित युवा वर्ग से आना चाहिए. जिससे हम जिताकर संसद भेज सके और वह यहां की समस्याओं को सुल्झा सके.

### शिक्षित, ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति को होना चाहिए सांसद : रामबली चौहान



प्रिंसिपल रामबली चौहान रॉयल प्रोगेसिव स्कूल मोहन नगर,डकरा का कहना है कि हमारा सांसद पढ़ा-लिखा, ईमानदार,कर्मठ व्यक्ति हो. जो सबकी बातों को सुन सके, क्षेत्र में भ्रमण करें, किसी भी तरह की अपने संसदीय क्षेत्र में समस्या का समाधान कर सके. जो सभी वर्गों के लिए सुलभ और किसी भी समस्या के हल के लिए हमेशा तत्पर रहे. साथा ही यहां की समस्याओं की उसे जानकारी हो और क्षेत्र की समस्या को सदन में उठाने की क्षमता रखता हो.

### वैसा प्रत्याशी जो क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बहाल कर सके : डॉ. टी एक्का



डॉ टी एक्का सीएमओ, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड हॉस्पिटल डकरा का कहना है कि अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं को हल करने की क्षमता रखता हो.साथ ही वह बुनियादी सुविधाओं जैसे शिक्षा के लिए , आवागमन के लिए सड़क और चिकित्सा के लिए अस्पताल की व्यवस्था कर सके. चुनाव के समय जो वादा करे वह उसे पूरा कर सके. किसी भेद भाव के बिना काम करे और मिलनसार हो ताकि लोग अपनी बात बिना हिचक के उन्हें कह सके. उनमें इतनी क्षमता होनी चाहिए कि दमदार तरीके से इस क्षेत्र की समस्याओं को संसद में रख सके.

**गोड्डा**

### योजनाओं को लाकर क्षेत्र का विकास कर सके : शैलेश साह

मिठाई का कारोबार करने वाले युवा व्यवसाई शैलेश साह कहते हैं कि



गोड्डा का सांसद ऐसा हो जो सभी को सुरक्षा प्रदान कर सके. कारोबारी बेखौफ होकर अपना कारोबार कर सके. इसके साथ ही अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहे. सांसद बड़ी योजनाओं को इस क्षेत्र में लाकर लोगों का विकास करे ताकि गोड्डा की पहचान भी राष्ट्रीय स्तर पर हो सके.

### जो गोड्डा को पहचान दिला सके : संजीत अग्रवाल

चार्टड अकाउंटेंट संजीत अग्रवाल कहते हैं कि गोड्डा लोकसभा को



एक पहचान मिले ऐसे सांसद की जरूरत है. यह एक अति पिछड़ा क्षेत्र रहा है. हाल के वर्षों में ही थोड़ी बहुत विकास की राह पकड़ी है. यह गति और तेज होनी चाहिए. सभी क्षेत्र में गोड्डा का विकास हो सके ऐसे जनप्रतिनिधि की जरूरत है.

**बोकारो**

### क्षेत्र के साथ साथ जो देश के विकास में हो भागीदारी निभाए : पंकज जायसवाल

बोकारो जिले के कसमार निवासी युवा व्यवसायी पंकज जायसवाल ने कहा



कि हमारा सांसद ऐसा हो, जो क्षेत्र की भौगोलिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं की जानकारी रखे. क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से लेकर पिकनिक स्पॉट का संरक्षण एवं संवर्धन कर सके. देश में पढ़े लिखे बेरोजगारों की फौज खड़ी है, इस स्थिति में हमारा सांसद ऐसा हो जो युवाओं के लिए रोजगार सृजन कर लाखों की संख्या में हो रहे झारखंड के युवाओं का पलायन रोक सके.

### जो पलायन रोके, कल कारखाना स्थापित करने की क्षमता रखे : रवि कुमार

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के धधकिया निवासी युवा सामाजिक



कार्यकर्ता रवि कुमार ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में एक ओर जहां रोजगार का अभाव है, वहीं दूसरी ओर युवा अगर कोई व्यापार कर रोजी रोजगार कर सके, इसके लिए पूंजी का अभाव है. इस स्थिति में हमारा सांसद ऐसा हो जो युवाओं के भटकाव को दूर करे और शहर से लेकर गांव तक छोटे छोटे लघु उद्योग स्थापित करवाकर रोजगार की व्यवस्था करे.

### सिर्फ वादा नहीं बल्कि जो कम को लेकर संघर्षशील भी हो : हारू रजवार

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के मुखिया हारू



रजवार ने कहा कि बड़े बड़े वादे न कर जो छोटी छोटी कार्यों पर विश्वास करे. जनता के मुद्दे व क्षेत्र की मूलभूत समस्या को लेकर जो हमेशा संघर्षशील हो, वैसा हमारा सांसद हो. उन्होंने कहा कि आज किसान सबसे ज्यादा उपेक्षित एवं हताश हैं, इसलिए हमारा सांसद ऐसा हो जो किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी और बिजली की सुविधा पहुंचाए, उसे ही वोट देंगे.

### जो पांच साल तक जनता के सुख- दुख में साथ निभाए : प्रदीप नायक

बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर के युवा व्यवसायी



प्रदीप नायक ने कहा कि सांसद का चुनाव हमेशा राष्ट्रीय मुद्दों पर आधारित होता है, इसलिए हमारा सांसद ऐसा हो जो हमारे क्षेत्र की समस्या को राष्ट्रीय सदन में रखकर देश का नाम रौशन करे. सांसद ऐसा हो जिनकी छवि साफ सुथरी और निष्ठावान हो और जो जनता की आवाज बनकर संसद में हमारी बातों को रखने में सक्षम हो.

### जो कर्मठ हो, देश और राज्य का विकास करने वाला हो : सरोज अड्डी

बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर निवासी सामाजिक



कार्यकर्ता सरोज अड्डी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो जनता के हर मुद्दे पर संवेदनशील हो. साथ हीं हर मामले में वह कर्मठ हो ताकि विरोधियों को जवाब देकर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर सके. उन्होंने कहा कि चुनाव में वोट के खरीदार तो गली गली घूम रहे हैं, लेकिन हर वोटर का कर्तव्य है कि वोट की असली ताकत को समझे और उपयुक्त उम्मीदवार को वोट देकर सदन में भेजें.

### जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए जो प्रयासरत हो : सुकुमार

बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के भेंडरा निवासी खोरठा साहित्यकार



एवं गीतकार सुकुमार ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा के मामले में पूरे देश में विशिष्ट स्थान रखता है, इसके बावजूद झारखण्ड के लोग एवं खासकर युवा रोजगार के अभाव में भटक रहे हैं. उन्होंने कहा कि युवाओं एवं जनता को जो मूलभूत सुविधाओं से लैस कर क्षेत्र की गरीबी दूर कर सके, ऐसा हमारा सांसद हो. साथ ही यहां की पहचान को जो बरकरार रख सके, वैसा हमारा सांसद हो.

### आदिवासियों के हक अधिकार की जो बात करे: सोनाराम सोरेन

बोकारो जिले के पोंडा निवासी सोनाराम सोरेन ने कहा कि हमारे



क्षेत्र में आदिवासी एवं हरिजन समुदाय में शिक्षा के लिए जो डिग्री कॉलेज एवं आइटीआइ की स्थापना कर सके, वैसा हमारा सांसद हो. उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों युवा आज अन्य राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं, जिससे युवाओं में निराशा है. हम ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे जो हमारी वोट की ताकत को पहचान सके और बदलाव ला सके .

### युवाओं को जो सपने न दिखाकर सिर्फ विकास के लिए हो समर्पित : नरेश हजाम

बोकारो जिले के कसमार निवासी युवा नरेश हजाम का कहना है कि




चुनाव आते ही प्रत्याशियों की बाढ़ आ जाती है, लेकिन हम ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे जो चुनाव जीतने के बाद लगातार पांच साल तक जनता की सेवा करे और क्षेत्र का समुचित विकास कर सके. उन्होंने कहा कि जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का जो काम करे, वैसे लोगों को कभी वोट नहीं देंगे. हमारा सांसद संवेदनशील और जन समस्याओं को हल करने वाला हो.

### युवाओं के लिए जो रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दे : विकास रजक



बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी विकास रजक ने कहा कि वैसा सांसद न हो जो बरसाती मेंढ़क की तरह निकलते हों. बल्कि ऐसा सांसद होना चाहिए जो अपने संसदीय क्षेत्र का चहुंमुखी विकास के साथ साथ क्षेत्र के युवाओं तथा युवतियों को रोजगार परक शिक्षा प्रदान कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सके. जल जंगल जमीन को जो बचाये एवं बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की बात को प्रमुखता दे.

### स्थानीय हो, जो क्षेत्र की समस्याओं को जानता हो : राजकुमार साव



बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी राजकुमार साव का कहना है कि हमारा सांसद हमारे संसदीय क्षेत्र का ही रहने वाला हो, जो क्षेत्र की समस्याओं को भलीभांति जानते हो. तभी क्षेत्र की विकास की बात हो सकती है. जो क्षेत्र तथा क्षेत्र की समस्याओं से रुबरु न हो तो वैसे नेता विकास क्या करेंगे. वे केवल अपना भाग्य आजमाने एवं मतलब की रोटी सेंकने के लिए चुनावी मैदान आते हैं. वैसे उम्मीदवार को वोट देना दिक्कत का कारण बन सकता है.

# है धन्य-धन्य यह पुण्यभूमि, मां के चरणों में स्वर्ग यहां



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**मातृदिवस** के उपलक्ष्य में अपनी लक्ष्मी की सूरत और ममता की मूरत मां के चरण कमलों में सादर प्रणाम, जिसे मैं मम्मी के जमाने में भी 'माई' ही कह कर पुकारता हूं और जो मुझे आजतक अपने आंचल की छाया देती रही है. जिसने मुझे समाज में कुछ कर पाने के योग्य बनाया. श्रद्धा पूर्वक अभिवादन करता हूं संसार की सभी माताओं का, जिनकी त्याग-तपस्या और आशीर्वाद से जगत जीवंत रहता है. उनके साथ ही संपूर्ण श्रद्धा-भक्ति के साथ जगज्जननी भगवती दुर्गा को नमन करता हूं, जो संसार की महाशक्ति के रूप में ब्रह्मांड के सृजन, पालन और संहार की हेतु है. जो महाकाली के रूप में समस्त प्राणियों में प्राण भरती है, महालक्ष्मी के रूप में धन-समृद्धि, सुख और सौभाग्य का प्रदान करती है तो महासरस्वती के रूप में विद्या, बुद्धि, विवेक देकर सभी जीवों को जीवंत और जाग्रत करती हैं. सादर प्रणाम मातृभूमि को, जिसकी धूल में लोटकर, मलय पवन, निर्मल जल और अन्न का सेवन कर बड़ा हुआ और आपके समक्ष खड़ा हुआ. 'मां' एक ऐसा शब्द है, जिससे समस्त संसार का बोध होता है. जिसके उच्चारण मात्र से ही हर दुख-दर्द का अंत हो जाता है. 'मां' की ममता और उसके आंचल की महिमा के वर्णन की क्षमता शब्दों में भी नहीं है. इसीलिए कहा गया है जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी. अर्थात, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है. मां की ममता की छाया ही स्वर्ग का एहसास कराती है. जिस घर में मां का सम्मान नहीं किया जाता, वह घर नरक से भी बदतर होता है.



इस पावन दिवस पर कवि मां के आंचल की महिमा का बखान कर रहे हैं रांची के कवि **मनोज कुमार झा 'मनु'**, जिनकी कविता का शीर्षक है- मां का आंचल.

मां के आंचल की याद सदा, आती है, मन रे! धीर धरो;
इस जग की आपाधापी में, मत तुम कोई फरियाद करो.
जो कुछ पाया है, सब ले लो, मेरा जो भी, सब तेरा है;
रीते हाथों ही जाना है, माया का घना अंधेरा है.
इस तम की जकड़न से मुझको, आओ, अब तो आज़ाद करो.
जब आया था इस दुनिया में, इक मां थी औ इक मैं ही था;
कुछ तेरा था ना मेरा था, ममता का अद्भुत घेरा था.
उस स्नेहबिन्दु की रिमझिम में, धुल जाने दो, एहसान करो.
मैं रोया तो वह रोयी थी, मोती आंसू के बह निकले;
खुद दुख सहकर सुख देती थी, वर्षों जीवन के चल निकले.
हर वक्त उसी की आंखों का तारा बन मुझको रहने दो.
अद्भुत आंगन घर का अपना, अब लगता है सूना-सूना;
यादों का आना-जाना है, खामोशी में है अफसाना.
बेचैन निगाहों की तड़पन, धड़कन मेरी रुक जाने दो.
जब रब धरती पर आ न सका, माँ ने जग का शृंगार किया;
निज तन-मन, जीवन अर्पण कर, इक नाम, मुझे उपहार दिया.
तनहा मन वृद्धाश्रम-पथ में, मेरी सांसें थम जाने दो.
घर में टूटे सपनों का घर, ऐ युग की अंधी दौड़! ठहर;
निज जननी से यदि नेह नहीं, कह, जीवन का क्या अर्थ सही?
इक ब्रह्म सत्य है, नश्वर तन; यह गीत अमर अब गाने दो.
है धन्य-धन्य यह पुण्यभूमि, मां के चरणों में स्वर्ग यहां,
मैं जनम-जनम कुर्बान करूं, इस हिन्द-देश-सा देश कहां?
अनमोल रतन भारत-मिट्टी में, मिट-मिटकर मिल जाने दो.
मां के आंचल की याद सदा, आती है, मन रे! धीर धरो.




कवि 'मनु' के इस कथन से किसी को असहमति नहीं हो सकती कि मां के चरणों में ही स्वर्ग है. मां ने आपको जितना दिया है, उसे आप कभी लौटा नहीं सकते. आप सबकुछ कर सकते हैं, लेकिन मां का ऋण कभी चुका नहीं सकते. जो खुद कभी उड़ नहीं सकी, उस मां ने आपको उन्मुक्त आकाश में उड़ना सिखाया है. मां की महिमा के क्षीर सागर का कवयित्री **कंचन सिंह** ने जब मंथन किया तो उससे जो रत्न निकला, वह उनकी यह कविता है, जिसका शीर्षक है-मां.

मां कभी उड़ते नहीं देखा मैंने तुम्हें,
पर हमें हमेशा उड़ना सिखाया.
देखा हमेशा समझौतों से घिरा तुम्हें,
लेकिन हमें अपने शर्त पर जीना सिखाया.
सही को स्वीकारना, गलत को नकारना,
अपनी मंजिल खुद ही तलाशना सिखाया.
चाहूं जो जीवन में करूं वह सब हासिल,
तुमने हमें खुद को तराशना सिखाया.
तुमने कभी नहीं चाहा
मैं बनूं तुम जैसा,
जो हालात देखे तुमने
मैं भी देखूं कभी वैसा.
आज हर बात, पर हर कदम पर
याद तुम्हारी आती है मां.
अब खुद चाय बनाती हूं
पर रंगत तुम्हारे जैसी कहां आती है मां.
मुझे देख वह तुम्हारी आंखों की चमक,
मेरी परेशानियों से तुम्हारी आंखें जाए छलक.
मां होकर भुला दिया तुमने खुद को,
हमारे भविष्य में देखा तुमने खुद के कल को.
मां आज तुम दूर हो या पास हो,
तुम कहीं भी हो एक खास एहसास हो.
तुम मेरा सम्मान हो
तुम मेरा स्वाभिमान हो
तुम ममत्व हो, तुम हिम्मत्व हो.
तुम ही मेरा अस्तित्व, तुम ही सर्वस्व हो.



जिसको नहीं देखा हमने कभी फिर उसकी जरूरत क्या होगी, ऐ मां तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी. फिल्म दादी मां के लिए मजरूह सुलतानपुरी द्वारा लिखित गीत इस पंक्ति में मां की महिमा का सार है. मां की महिमा तो अनंत होती है, उसे चंद शब्दों में समेटने की क्षमता किस में हो सकती है, लेकिन अपनी-अपनी शक्ति क्षमता के अनुसार हर कोई गाहे बगाहे, जाने अनजाने मां की महिमा न केवल महसूस करता है, बल्कि बखान भी करता है. मां की महिमा पर रांची की कवयित्री **मीरा सिंह** ने अपने शब्दों का सदुपयोग इस प्रकार किया है. इनकी कविता का शीर्षक है-मेरी मां.



आज लिखने बैठी मां तुझपर
सोचती हूं शुरु कहां से करूं ,
क्या लिख दूं
तेरा वो सुबह सवेरे हमारे लिए उठना
और आंखे मींचते कोयले के चूल्हे जलाना,
बोल ना मां, क्या यह लिखूं
हमारे बचपन में रात के वक्त
रसोई में पटरे पर बैठा तेरा वह
गरमा गरम हमें रोटियां खिलाना..
बोल न मां, क्या यह भी लिखूँ
पापा की डांट से
हमेशा ही तेरा वो हमें बचाना .
हां और भाइयो को होस्टल जाते देख
स्टेशन पर सबसे छुपकर रा वो आंसू बहाना.
याद है मुझे अस्पताल में
मेरी बच्ची के जन्म के समय
तेरा रात भर जग जग कर मुझे सम्भालना.
और क्या ये भी लिख दूं कि
मेरी बेटी की विदाई के वक्त
तेरा वो मेरे कंधों को मजबूती से पकड़ना,
बोल ना मां क्या क्या लिखूं.
ऋण हैं तेरे इतने मुझपर
कैसे भूल जाऊं मैं तेरे सारे एहसान
जीवन के सफर में डगमगाते
मेरे पैरों को तेरा वो
सही दिशा दिखाना .
अनमोल है तू मेरे लिए सदा
तभी तो सब मां को
कुदरत का करिश्मा बोलते हैं,
मगर मैं तो तुझे अपना
ईश्वर ही मानती हूं मां
हां अपना ईश्वर ही मानती हूं मां ..

कवयित्री मीरा सिंह की यह रचना पत्थर जैसे हृदयवालों को भी भावुक बना देने की क्षमता रखती है. इन्होंने सही कहा है कि मां कुदरत के करिश्मा का नाम है. इसीलिए वही ईश्वर है, वही भगवान है. मां के चरणों की वंदना करते हुए अपनी वाणी को विश्राम देता हूं और आपकी आज्ञा चाहता हूं.
जय हिंद ! जय झारखंड !!

# प्लास्टिक और हमारी जीवन रेखा



**इकीसवीं** सदी के प्रवेश के बाद विकास की सुनामी आई है. विकास ने मानव जीवन की सदियों पुरानी आदतों, व्यवहारों और आदतों को प्लास्टिक के ट्यूब में, बोतलों में बंद कर कहीं अनंत पाताल में फेंक दिया है. विकास, प्रगति और विकसित समृद्ध जीवन शैली भी तो एक सापेक्ष विचार है न. हमारे देश की प्राचीन परंपरा 'संतुष्ट' रहने की विचारधारा का पोषक रहा, पर अब की नई प्लास्टिक संस्कृति का सिद्धांत है 'ये दिल मांगे मोर!' रासायनिक ढंग से तैयार प्लास्टिक ने हमारे जीवन में प्रत्येक जगह अनधिकार प्रवेश कर लिया है. बच्चे के जन्म के समय व्यवहार में आने वाले अधिकांश अवयव प्लास्टिक से बने होते हैं. उसको दूध पिलाने वाली बोतल और डिब्बा बंद दूध सभी प्लास्टिक के बिना नहीं होता. डायपर से लेकर खिलौनों की कल्पना भी बिना प्लास्टिक नहीं की जा सकती. बच्चा चलने लगता है तो उसके सुंदर जूते, चप्पल, टूथ ब्रश, नहाने का टब सब प्लास्टिक का. रोज घरों में दूध समेत सभी खाद्य सामग्री प्लास्टिक पैक या बोतल में ही आता है. सारी गोलियां प्लास्टिक रैपर में आती हैं, अस्पताल में नसों में दी जाने वाली सारी दवाइयां पॉलिथीन बैग में लटकाई जाती हैं, ज्यादातर सीरिंज भी प्लास्टिक के ही बने होते हैं. सजावट की लगभग सारी चीज़ प्लास्टिक की ! हमारे बचपन में स्कूल की किताबों पर पुराने अखबार या ब्राउन पेपर से ही कवर चढ़ाए जाते थे. अब तो फाइव स्टार स्कूलों में लिखित आदेश मिल रहा है कि प्लास्टिक कोटेड कवर ही किताबों पर चढ़ाए जाएं ! पीने के पानी निकालने में सारे पाइप प्लास्टिक के ही होते हैं, हम तथाकथित पानी साफ करने वाली मशीनों में भी नब्बे प्रतिशत हिस्सा प्लास्टिक का ही देखते हैं और पानी प्लास्टिक कंटेनर में ही जमा होता है. कभी सोचा कि हज़ार में एक अंश प्लास्टिक का रसायन भी हमारे शरीर में जाता है तो कितना अधिक हो जाएगा ? सभी खाद्य पदार्थों में, सब्ज़ियों में, दूध में प्लास्टिक के बहुत महीन टुकड़े पाए गए हैं. कृषि कार्य में प्लास्टिक का अत्यधिक व्यवहार किया जा रहा है. खाद, बीज, अनाज भंडारण में सिर्फ प्लास्टिक का व्यवहार किया जा रहा है. जूट का उपयोग अब कहानी बन कर रह गया है. चर्चा तो यह भी है कि बाहरी देशों में बना प्लास्टिक का चावल भारत के बाजार में बेचा जा रहा है. भारत में कैंसर की बढ़ती संख्या में प्लास्टिक का कितना बड़ा योगदान है, यह विचारणीय बिंदु है ! देश के स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार लोगों को इस पर सुनियोजित ढंग से सोचना चाहिए. अन्यथा हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ बीमार लोगों का देश न बन जाय. सोचिये, कहीं देर न हो जाय !



चौराहा
प्रमोद कुमार झा


# अनुपम और अद्वितीय है वैशाली का चतुर्मुख महादेव मंदिर



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**पिछले** 15 अप्रैल 2024 को आरएन कॉलेज हाजीपुर में रेणु जयंती के बहाने वैशाली को निकट से देखने समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. महावीर की जन्मभूमि, गौतम बुद्ध की उपदेश भूमि, आम्रपाली की नृत्य भूमि और रामायण कालीन क्षत्रिय नरेश महाराजा विशाल की राजधानी वैशाली की महिमा विश्व में अनुपम एवं अद्वितीय है. आज मैं अपने पाठकों को वैशाली के चतुर्मुख महादेव मंदिर के संदर्भ में कुछ बताना चाहता हूं. चौमुखी महादेव मंदिर वैशाली के पूरब-उत्तर कोना में अवस्थित है. यह आज से 76 वर्ष पूर्व कुएं की खुदाई के क्रम में प्राप्त हुआ था.यह विचित्र शिवलिंग है,जिसपर ब्रह्मा, विष्णु, शिव और सूर्यदेव की आकृति है. इसीलिए वैशाली का चतुर्मुख महादेव मंदिर, जिसे चौमुखी महादेव मंदिर भी कहा जाता है, चंद्रगुप्त विक्रमादित्य द्वारा सन् 375 से 415 के बीच स्थापित किया गया. चौमुखी महादेव की स्थापना के समय नींव में रखा गया उनका एक स्वर्ण सिक्का खुदाई के दौरान दिसम्बर 1945 ई में प्राप्त हुआ, जिस पर श्री श्री महाधिराज चंद्र गुप्त विक्रमादित्य अंकित है. उस सिक्के पर चंद्रगुप्त विक्रमादित्य का धनुष वाण एवं मयूरध्वज धारण किये हुए सैनिक वेश में आकृति उत्कीर्ण है.






कहा जाता है कि चौमुखी महादेव में शिव लिंग के ऊपर चार दिशाओं में जिन चार देवों की आकृतियां उपलब्ध हैं, उनके अपने-अपने, अलग-अलग प्रतीक और महत्व हैं. दक्षिण दिशा में शिव की आकृति की संहारक मुद्रा दुष्ट प्रवृत्तियों और बुराइयों के विनाशक की प्रतीक है. पूरब दिशा में विष्णु की कल्याणकारी मुद्रा सभी जीवों के पालन पोषण की प्रतीक है. उत्तर दिशा में सूर्य देव का प्रभा मंडल जीवन की गतिशीलता का प्रतीक है और पश्चिम दिशा में ब्रह्मा जी की आकृति-प्रकृति सृष्टि कर्ता का प्रतीक है.

अभियंता गनीलाल ठाकुर के अनुसार चौमुखी महादेव की आकृतियों को बख्तियार खिलजी ने सन् 99 में और गयासुद्दीन तुगलक ने सन् 1324 में विकृत करने का प्रयास किया था. अवलोकन से स्पष्ट है कि ब्रह्मा, विष्णु, शिव और सूर्यदेव के रूप में जीवन की चार शक्तियां सृजन, पालन, संहार और गतिशीलता का समावेश उक्त चौमुखी महादेव में है. चौमुखी महादेव को कम्मन छपरा मंदिर में देखने से पता चलता है कि उनकी आकृति को विकृत करने का प्रयास किया गया, लेकिन पूर्ण रूप से प्रयास सफल नहीं हुआ. शिवलिंगों की परंपरा में यह अद्वितीय शिवलिंग हैं. उक्त महादेव मंदिर में नियमित पूजा होती है तथा शिवरात्रि को विशेष पूजा होती है. बनिया ग्राम के मंदिर में भी चौमुखी महादेव हैं, जिनके चार मुख हैं.ज्ञात हो कि नेपाल के काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर में महादेव के भी चार मुख हैं. मैंने चौमुखी महादेव मंदिर में शिव की आराधना करते हुए गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में प्रार्थना की-

आशुतोष तुम औघड़ दानी.
आरति हरहुं दीन मम जानी.

# क्योंकि भैंस भी कभी गाय थी!



नश्तर
सुधीर राघव



**बहुत** से लोगों को लगता है कि भैंस भी कभी गाय रही होगी ! उसकी कमर भी बाइस- चौबीस रही होगी ! उसका रंग भी साफ रहा होगा ! भैंसों की भी कभी जॉलाइन दिखती होगी ! मगर ऐसा नहीं है. भैंस भी कभी गाय थी, यह भ्रम बस उनको होता है, जिन्होंने चार्ल्स डार्विन के क्रम विकास को सिर्फ मोटा-मोटा पढ़ा है. या फिर जिन्हें ससुराल वालों ने अपनी बेटी गाय बोलकर थमाई थी. भले ही गाय और भैंसों में इतनी समानताएं हैं कि गाय के प्रस्ताव में बस दो ही लाइनें बदलने पर वह भैंस का प्रस्ताव हो जाता है। एक पंक्ति यह कि गाय का रंग सफेद होता है तथा दूसरी यह कि गाय के बछड़े बड़े होकर बैल बनते हैं. इसके अलावा सब समान है. दोनों के चार पैर, दो कान, एक लंबा मुंह और एक लंबी पूंछ होती है. दोनों ही दूध देती हैं और दोनों के ही दूध से मिठाइयां तथा गोबर से उपले बनते हैं. इसी भ्रम से हर सच्चा और कच्चा डार्विनवादी यह मान लेता है कि गाय जब गर्म इलाकों में पहुंची तो उसे बहुत दिक्कत हुई. उसकी अगली पीढ़ियों में क्रम विकास हुआ और गाय भैंस बन गईं. यहां तक कि बहुत सी भैंसें भी यह दावा करती प्रतीत होती हैं कि वे भी कभी गाय थीं. मेरी न मानो तो किसी डेयरी फार्म में जाकर देखो, जहां भैंस और गाय पास पास बंधी हों. दोनों में आपको इतना प्रेम और बहनचारा (भाईचारा नहीं) दिखाई देगा, जैसे सदियों की बिछड़ी बहनें हों. चाहे आपको यह लगे कि भैंस भी कभी गाय थीं, भले ही भैंस को भी यही लगे, मगर यह सच नहीं है. प्रमाणित सच यह है कि कोई भी भैंस कभी गाय नहीं थी. ...और न ही कोई गाय कभी भैंस थी. दोनों के पूर्वज एकदम अलग हैं.

बृजभाषा में जैसे भैंसन (भैंस का बहुवचन) होता है, वैसे ही उत्तर अमेरिका में बायसन है। पहले वैज्ञानिक यही मानते थे कि भारतीय भैंसों के पूर्वज अमेरिकी बायसन ही थे. चार लाख साल पहले बायसन के समूह दक्षिण एशिया तक आ गये थे. इन्हीं से वाटर बफेलो यानी हमारी भैंसें बनीं. गाय की तुलना में भैंस को कम इज्जत मिलती है तो इसका मतलब यह नहीं कि भैंस विदेशी हैं. यहां भी घर की मुर्गी दाल बराबर मामला है. विज्ञान की जब और तरक्की हुई, उसने डीएनए पढ़ना सीखा तो पता चला कि 34 से 26 लाख साल पहले अमेरिकी बायसन के पूर्वज भारत-और चीन की धरती पर ही घूमते थे. यानी भैंस शुद्ध स्वदेशी हैं, जबकि गाय के स्वर्ग से आने का जिक्र पुराणों में भी है. समुद्र मंथन की कथा में गाय के समुद्र के रास्ते आने का जिक्र है. वैज्ञानिक भी गाय का मूल इलाका उत्तरी सीरिया, तुर्की, ईराक और ईरान के मैदानों को मानते हैं.

गोरी चिट्टी गाय परदेश यानी स्वर्ग से आई और उसे हमने खूब इज्जत दी. दूसरी ओर हमारी स्वदेशी भैंसें जिनका डंका अमेरिका तक बजता है, ज्यादा दूध देने पर भी हिकारत से हांकी गईं. मेसोपोटामिया के इतिहास में मेलुहा (सिंधु सभ्यता) से भैंस मंगवाने का जिक्र है, मगर हमारे किसी ग्रंथ में भैंस की पूछ नहीं है, बस गायों के चर्चे हैं. गाय के सामने भैंस की इज्जत उतनी ही है, जितनी आज विदेशी कुत्तों के आगे स्वदेशी कुकुरों की है. कुल मिलाकर हम वो लोग हैं, जो अपनों की कद्र नहीं करते और विदेशी माल के आगे बिछ जाते हैं.

# सुनील अग्रवाल की कलाकृतियों में झलकता मातृत्व प्रेम



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार
















**जो** मां उंगली थाम कर अपने बच्चों को जीने का सलीका सिखाती है, जीवन पथ पर आगे बढ़ने की सलाह भी देती हैं, उसी मां और बच्चों के कोमल पलों को अपनी कलाकृतियों में दिखाने का प्रयास कई कलाकारों ने किया है. सबों ने अपनी कलाकृतियों में मां की उस भावनाओं को उकेरने की कोशिश की है, जो आज के इस बदलते परिवेश में भी यथावत है. आधुनिकता और असुरक्षा से गुजर रहे इस दौर में भी मां और बच्चे का रिश्ता मजबूती से कायम है. मां-बच्चे की जोड़ी कला में एक पसंदीदा विषय रही है, जिसे पुनर्जागरण से लेकर अमूर्त कला तक के चित्रों में दिखाया गया है. मां-बच्चे का रिश्ता प्रजनन क्षमता, मानवता, मुक्ति, प्रेम, पोषण और कर्तव्य जैसे कई विषयों का प्रतीक है. हालांकि, इस गहरी व्याख्या और अंतर्निहित प्रतीकवाद से परे, प्रेम का अवतार सामने आता है. कई भारतीय कलाकारों की तूलिका से भी मां बच्चे के मर्म उभर कर आये, जिनमें बी प्रभा, नारायण श्रीधर बेंद्रे, सुब्रत गंगोपाध्याय, विजय कदम, सुभाष पवार, उत्पला जोशी, प्रदीप कार्णिक, रामानंद बंदोपाध्याय, सुदीप्तो तिवारी, नितिन ननगरे, ज्योति हत्तर, कृष्णजी हौवालजी जैसे कलाकारों का नाम लिया जा सकता है. रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने भी मां और बच्चे पर पेंटिंग बनायी थी, हालांकि अपने किसी भी चित्र का शीर्षक उन्होंने नहीं दिया था, फिर भी सुविधा के लिए समीक्षकों ने इनकी कलाकृति को ' माँ और बच्चा ' नाम दिया दे दिया. इनकी इस कलाकृति की संरचना, रंग और प्रकाश व्यवस्था अभूतपूर्व है. इस कलाकृति में हम स्पष्टतः चार स्वतंत्र हिस्सों को चिह्नित कर पाते हैं. चित्र के केंद्र में (पहला हिस्सा) माँ के चेहरे और बच्चे को एक दूसरे से जुड़े पाते हैं. ये दोनों आकृतियां, चित्र में सबसे कोमल रंग से बने हैं और चित्र के दाहिनी ओर चित्र के बाहर स्थित प्रकाश स्रोत से ये सबसे ज्यादा प्रकाशित हैं. झारखंड में भी एक कलाकार हैं सुनील अग्रवाल. सुनील अग्रवाल की कलाकृतियों में भी माँ और बच्चे के बीच का पवित्र रिश्ता देखा जा सकता है, जिसमें प्यार, सांत्वना, सुरक्षा और स्नेह का प्रभुत्व होता है. इसे ध्यान में रखते हुए सुनील अग्रवाल ने इस रिश्ते को कई तरह से खोजा है. फिर भी, कला के माध्यम से प्रदर्शित सबसे चित्रित विषय एक माँ और एक बच्चे के बीच का असीम प्यार है, जिसकी कोई सीमा नहीं है, जो इनकी कला में एक विशेष स्थान रखता है. सुनील अग्रवाल ने कभी किसी कला महाविद्यालय से कला का ज्ञान नहीं लिया, पर विभिन्न स्थानों में आयोजित कला शिविरों में बाहर से आये कलाकारों से प्रेरित होकर नियमित पेंटिंग का प्रयास करते रहे. बाद में इन्होंने लकड़ी पर भी कलाकृति गढ़ने का कार्य शुरू किया. सुनील अग्रवाल द्वारा बनायी गई कलाकृति में माँ और उनके बच्चों पर विशेष ध्यान देने के साथ परिवारों के दैनिक जीवन को भी शामिल किया गया. इनकी कलाकृतियों में नाजुक ब्रशस्ट्रोक और रंग का उपयोग न कर केवल गम्हार लकड़ी के उपयोग से ही कलाकृति में जीवंतता आई है, जो कला प्रेमियों के बीच मौजूद स्नेहपूर्ण बंधन को दर्शाता है.

# आखर



प्रेम रंजन अनिमेष

प्रेम रंजन अनिमेष की लेखनी नवें दशक में बेहद सशक्त रूप से सामने आईं. कहानियां भी खूब लिखीं. भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार समेत कई पुरस्कार से सम्मानित. कई लंबी कविता शृंखलाएं चर्चित. पेश हैं उनके काव्यसंग्रह "मां के साथ" से कुछ कविताएं...

## उपस्थिति

गेंदड़े में
खुंसी है सुई

मां होगी
यहीं कहीं...

## चन्द्रबिन्दी

माँ

बिन्दी नहीं
माथे पर
चन्द्रबिन्दी
लगाओ ना !

जैसे सजाया करता मैं
हर बार
लिखते हुए

माँ.

## नाच कर गिरना

काम का बोझ ढोती
एक अनूठी बात मां कहती
लगता है जैसे
नाच कर गिर जाऊंगी.

आंखों के आगे उभरता
कोई लट्टू नाचता
या अपने नृत्य के
चरम पर पहुंची नर्तकी
तेज और तेज घूमती

विदा के प्रणाम के साथ
मंच पर गिर जाती.

मगर मां तो धरती
चक्कर काटती लगातार
पर अपनी धुरी से जुड़ी
मैं बच्चा
नकल में अकल लगाता
हंसी खेल में कहता -

लगता है जैसे
गिर कर नाच जाऊंगा...!

## पहला नाम

बच्चे ने सुना
मां
चूल्हे की आग का
दूसरा नाम है.

बच्चे ने जाना
मां त्याग का
दूसरा नाम है.

मां का नाम पहला
ढूंढ़ रहा बच्चा...

## निर्भेद

चोंच भर भर दाने
ले आती उनके लिए
चुगाती ममता से

मां के लिए तो बच्चा
कभी बड़ा नहीं होता

जब हो जाते सयाने

काबिल और मजबूत
उड़ जाते पंख पसार
अनंत अछोर

आसमान में
दूर बहुत दूर...

मां की नजर में बच्चा
फिर भी छोटा नहीं होता !

## एक बच्चे की प्रस्तावना

मां की कोख के जाए
सब उससे ही आए

कौन ऐसा
जो मान नहीं करता उसका
जीवन जिसने दिया

फिर हर भाषा में
किसलिए
गाली
मां वाली...?

कहूं
तो क्या
संकल्प एक सब लेंगे
मिलकर
मिटा देंगे

अपनी भाषा
अपने व्यवहार से
अपने जीवन

और संसार से

गाली

मां
बहन
बेटियों
वाली...?



## बचपना

हौसला जुटा
मां को ही
सुनाता
मां पर
लिखी कविता.

सुनकर वह हंसती
हंसती हुई
लगती
बिल्कुल बच्ची.

कविता में होगी
शायद कोई
बात बचकानी
या फिर पूरी
कविता ही

बच्चा
मां पर जो लिखेगा
वह तो
बचकाना ही होगा...!



मैं रोया परदेस में, भीगा मां का प्यार...जीवन की आपाधापी में भौगोलिक तौर पर मां से हम चाहे जितनी भी दूर रहें, एक गजब नाता है जो कभी हिचकी में तो कभी सिसकी में अभिव्यक्त तो बिना शोर के होता पर संदेश दोनों छोर पर पहुंच जाते हैं. कोख और आंचल में सहेज कर हमें रखने वाली मां दूर होकर भी दूर कहां होती! शब्दों के फनकारों से जब मां पर पांती लिखने का आग्रह किया तो रचनाओं में ऐसे ही संदेश दिखे...

# इन चरणों में मंदिर, मस्जिद और शिव शंकर भोले मां

## मां के जैसा कौन बताएं



हिमकर श्याम

दिल की बातें पढ़तीं माएं
दर्द भले हम लाख छुपाएं.

रहती हरदम साथ दुआएं
हर लेती सब कष्ट बलाएं.

नाम कई एहसास वही है
इक जैसी होती सब माएं.


फीके लगते चांद सितारे
मां के जैसा कौन बताएं.

सारी पीड़ा हंस कर सहती
कर देती मां माफ़ खताएं.

मां का रिश्ता सबसे प्यारा
रब से ऊपर होतीं माएं.

मोल नहीं ममता का कोई
कैसे मां का क़र्ज़ चुकाएं.

## उलझन खोले मां



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

सूरज से भी पहले उठकर धूप की सांकल खोले मां,
छांव समेटे आंचल में हर मन की उलझन खोले मां.

गम छुपा कर पर्दे में एक नूर चमकता रहता है,
बेशक धूल, धुएं,कालिख से मां का गहरा रिश्ता है,
सभी हैं नाते सौदेबाजी प्यार कभी न तोले मां,
छांव समेटे आंचल में हर मन की उलझन खोले मां.

सारी बलाएं पीपल के फेरों में बांध के आती है,
बदले में बच्चों की खुशियों के वादे ले आती है,
इन चरणों में मंदिर, मस्जिद ' औ' शिव शंकर भोले मां,
छांव समेटे आंचल में हर मन की उलझन खोले मां.

पर्वत, धरा, अंबर, सागर, लोरी, प्रेम की पाती मां,
गीत, गजल सब गीले होते यादों में जब आती मां,
तारों की मुंडेर पे बैठी आंखों से कुछ बोले मां,
छांव समेटे आंचल में हर मन की उलझन खोले मां.

## मेरी मां



नंदा पांडेय

मेरी मां !
मेरे लिए गीता का श्लोक ,
रामायण की चौपाई
कुरान की आयतें
बाइबिल के वचन और गुरुद्वारे की गुरवाणी थी...
रक्त की हर बूंद जिसकी रही है मेरे लिए अमृत समान
वह ममत्व की मूरत
मेरी सांसों में जो बसती है हर लम्हा
जिसके होने के अहसास से,
होता था अहसास
मुझे प्रकृति की हर छटा का
जिसके होने से होता था अहसास
मुझे मेरे होने का...
जिसकी ममत्व की छांव में
सीखा है मैंने जीने का सलीका
वह थी मेरे जीवन की पहली स्त्री
मेरी प्यारी मां !

मां ! तुम्हारे होने के अहसास से
चलती है सांसें मेरे सीने में
तुम थी तो तसल्ली थी
मुझे मेरे जीने में !

## तू लौट के ना आएगी



डॉ हरेन्द्र सिन्हा

पहली बार तूने जो हाथों में लिया था मुझको
मैंने झांका था तेरी आंखों में
तो लगा तू ही मेरी मां होगी .
फिर लगाया था मुझको सीने से
रूह तक भर गई थी अमृत से
अपने आंचल के बादलों में छुपा
रूबरू मुझको कराया था तूने दुनिया से.
अपनी हस्ती के साए में रखकर
हर घड़ी मुझको बचाया था तूने दुनिया से,
एक दिन फिर मुझे सजा के कहीं
जिंदगी को परखने भेजा था,
खुद से मुझको मगर अलग करके
फूट फूट कर तू कितना रोई थी.
ये जुदाई तो बस ज़रा सी थी
मैं मगर खो गया था दुनिया में
वक्त तेरे लिए बचा ही न था.
मुझको वापस बुलाना था तुझको
तो बहाना भी क्या अजब सा चुना
लौट कर आ गया था मैं वापस
घर में खुशबू तेरी कहीं भी न थी.
जाने क्यों तू चली गई थी कहीं
जैसे मैं छोड़ कर गया था तुझे
पर मुझे लौट कर तो आना था,
तू कभी लौट के ना आएगी,
चाहे अब जार जार मैं रो लूं.

## स्वीकार नहीं करेगी मां



विनय सौरभ

स्वीकार नहीं करेगी मां कभी कि
मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते हुए भी
उसने ईश्वर से ज्यादा मेरे बारे में सोचा.

नहीं स्वीकार करेगी कभी
कि मेरे शहर से लौटने तक
प्रार्थना में क्यों जुटी रहती थी वह
हर आहट में मेरे मौजूद होने का अहसास
क्यों बना रहता था उसके मन में.

मां कभी नहीं मानेगी कि उसने मुझे सागर सा स्नेह दिया
और आंखों की कोरों में काजल डालकर
दुनिया के सारे अपशकुनों से
मुक्त रखने की कोशिश में जुटी रही.

एक ताबीज़ में बंद रखा सारी बाधाओं को मेरे लिए.!

वह हंस देगी और ना में सिर हिलाएगी
जब मैं कहूंगा-
कि मेरी सारी कविताएं
तुमसे ही जन्म लेती हैं !

मां धरती की ओर इशारा करेगी ऐसे में
और अपने अनपढ़ होने का पूरा प्रमाण देगी.

## अकेली मां



रश्मि शर्मा

मां अक्सर बताया करती थीं
युवा दिनों में
जब जाती थीं पिता के साथ बाजार
लंबे डग भरते हुए
हमेशा पिता चार हाथ आगे निकल जाते थे
साथ चलने के लिए
छोटे कद की मां को लगभग दौड़ना पड़ता था.

बड़ी हुई बेटियां तो मां ने
पिता के साथ बाहर जाना छोड़ दिया
गर्व से भरी मां दोनों बेटियों के हाथ थाम
बाजार जातीं, सिनेमा देखतीं,
सहेलियों सी खिलखिलातीं
पिता से कहतीं
जाइए अब अकेले और तेज कदमों से
नापिए दुनिया.

और एक दिन पिता सचमुच
लंबे डग भरते हुए बहुत दूर निकल गए
मां अकेली छूट गईं.

बेटियां कहां रह पाती हैं मां के पास हमेशा
तुलसी मुरझा जायेगी,
भूरी बिल्ली कहीं भूखी न रह जाए
छत पर उतरने वाले कबूतर उन्हें न पा उदास हो जाएंगे...
मां से भी तो अपना घर नहीं छूटता.

अब भी उन दिनों को याद करती हैं मां
पिता के साथ स्कूटर पर बैठ
पूरा शहर घूमती थीं
अब थरथराते हैं पांव
सड़क पर चलते, रिक्शा चढ़ते.

डबडबाई आंखों से इतना ही कहती हैं
तेरे पिता को आगे चलने की आदत थी न
तब भी तो मुड़कर नहीं देखते थे
कि पीछे कहां रह गई हूं मैं....

## खुद जलती रही कड़ी धूप में



नीरज नीर

जब-जब दुख ने ऊपर आना चाहा,
उसने खोली अपने आंचल की गांठ
और दुख के ऊपर पसर गयी
सुख की एक पतली परत...

वह मुस्कुरा उठी
उसकी मुस्कुराहट ने
दुखों के सीलन से
सुरक्षित रखा
दीवार और छत को...

उसके पास था मुट्ठी भर सुख,
उसने उसे लिया
और छितरा दिया
घर के आंगन में...

दुख के ऊपर सुख
छहला गया तेल की तरह
सुख ने दुख के होने को ढांप दिया...

वह खुश रही
सबकी खुशी में...

हमें बचाकर रखा, सुख की छाया में
और खुद जलती रही
कड़ी धूप में.

## कामकाजी मां



सुषमा झा



अश्रुपूरित नयन, रूंधा कंठ, आर्द्र कपोल,
अपलक निहार रहा वह, रास्ता गली का
अब आती ही होगी, मां मेरी
खुद को वह ढांढस दिला रहा

सामने डाल पर घोंसलें में
कैसे स्नेह से चिड़िया
अपने नन्हें चूजों को दाना चुगा रही
मां जब आएगी, तब
ऐसे ही मनुहार करके
अपने हाथों से भोजन कराएगी.

सामने छांव में बंधी
बछिया का लाड लडाना देख-देख
खुद को वह ढांढस दिला रहा .

ऑफिस का काम निपटाकर
उसकी पसंद का कुछ भी लेकर
अपराधबोध और दोहरी जिम्मेदारी से बोझिल,
लेकिन उत्साह से भरे तेज कदमों से
ज्योंही अपने घर के फाटक तक पहुंची.

ग्रिल से झांकते, टकटकी बांध बाट जोहते
नन्हें से मुन्ने को देख
ममतासिक्त ह्रदय उमड़ पड़ा
अब उसके भी हैं -
अश्रुपूरित नयन रुंधा कंठ
लेकिन दृढ़ सशक्त कल्पना से आर्द्र कपोल

एक ढांढस कि..
इसके स्वर्णिम भविष्य के लिए
इन आंसुओं को जज्ब तो करना ही पड़ेगा
यह त्याग, यह बलिदान तो करना ही पड़ेगा
एक काम काजी मां को.


## क्या बस मेरी !



रश्मि सिंह

"मां बस मेरी है" से
"क्या मां बस मेरी है ?"
के बीच
जाता है बीत
बहुत कुछ...
उस मां की
कुछ गीली और
कुछ जागी रातें.
दुलार मनुहार संग
झिड़की डांटें.
तवे पर सिंकती
छिजती सालों साल
होती जाती शनै शनै
खुरदरी हथेलियाँ।
रक्तिम गालों पर
लटक आतीं झुरियां.
मोहक मुस्कानों पर
छा जातीं मायूसियां.
एक खूबसूरत रिश्ता
कुछ कुछ टीसता.
निज घरौंदे की देहरी
बरामदे से निहारता,
दर्प भरा गर्वित मातृत्व
अवसादित हो
अवसान जोहता...

## मां तू मेरी कविता



सारिका भूषण

मां तू मेरे शब्द, तू मेरी कविता
तुझसे है मेरी यह ज़िंदगानी
मुझे रहना हर पल साथ तेरे
नहीं बनाना तुझे एक कहानी.

मां तू मेरी होली , तू दीवाली
तुझसे ही तो है मायके का आंगन
जाना सिर्फ़ वही चौखट, वही दरवाज़े
जहां पर खड़ी तू मेरा रस्ता ताके.

नहीं रहना मुझे किसी भीड़ में
नहीं बिखेरनी बनावटी मुस्कुराहट
रहना है हर पल तेरे साथ में
जहां आती सिर्फ़ ख़ुशियों की आहट.

## जाफ़रानी थी मां




डॉ. कविता विकास

ख़ुद को जब उलझनों में पाती थी,
मां, तुम्हारी ही याद आती थी.
अब तो यादें ही रह गयीं दिल में,
साथ जिसके समय बिताती थी.
जाफ़रानी थी मां, रही वो जहां,
एक ख़ुशबू वहां से आती थी .
उसके पहलू में बैठ कर मैं तो,
सारी दुनिया ही भूल जाती थी.
बैठ जाता था दिल भी आंगन - सा,
घर में दीवार उठती जाती थी.
और मज़बूत हम हो जाते थे,
जब भी दुनिया हमें सताती थी.
ले गयी सब परंपराएं वह ,
जिनको शिद्दत से वह निभाती थी.



## शब्द मेरी मां तू भाषा



बिंदु प्रसाद रिद्धिमा


ममता बरसाती है, प्यार से सहलाती है,
धरती पर देवी सी, मां बच्चों की जान है
दुख कष्ट समेटती,सुख हर्ष बिखेरती,
धरती पर तू ही मां, मेरी भगवान है .

शब्द मेरी मां तू भाषा, मां की यही परिभाषा,
पंख बनी अभिलाषा, मिलती उड़ान है .
संस्कारों को मां बढ़ाती, रिश्तों को भी मां निभाती,
पाठ कर्म का पढ़ाती, तू पूरी संस्थान है.

मीठा झरना रेतों का, पीली सरसों खेतों की,
तेरे बिना सृष्टि नहीं, मां तू वरदान है.
पाल पोस बड़ा किया, सेना में बेटा को दिया,
एक अकेली मां तू ही, पूरा हिंदुस्तान है.

बिन तेरे मैं नकारा, सब सूना अंधियारा,
एकमात्र मां सहारा, तू प्रकाशमान है.
पलकों का छांव देती, दुख दर्द हर लेती,
जिस माथे छतरी हो, वो सौभाग्यवान है.

## मां पर दो त्रिवेणियां



संगीता कुजारा टाक

उतार कर ले गई
उदासी का पैरहन
आज मां मेरे घर आई थी!

मुझे देख कर उदास हो जाती है
मैं कितना भी हंसूं
सब समझ जाती है मां!

## अर्श पर खुदा, फर्श पर मां



नेहाल सरैयावी

मां न होती तो कहां शाम सवेरा होता,
मां न होती तो ये संसार अंधेरा होता,
मां ने जो सर पे मेरे हाथ न फेरा होता,
मुश्किलों ने मुझे हर राह में घेरा होता,
मां से अनमोल कोई चीज़ कहां होती है.
अर्श पे होता ख़ुदा फ़र्श पे मां होती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

### भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

**नयी दिल्ली।** मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं. अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिए एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है. किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के संचालन के बाद कहा,भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है.

### सुदर्शन ने जीता स्मिथ और मूडी का दिल

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आक्रामक शतक लगाकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार रहे बी साई सुदर्शन ने ग्रीम स्मिथ और टॉम मूडी जैसे धुरंधरों को प्रभावित किया है. तीसरे नंबर पर उतरने वाले सुदर्शन का शुक्रवार तक स्ट्राइक रेट 131.67 था लेकिन चेन्नई के खिलाफ पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 201.96 की स्ट्राइक रेट से 51 गेंद में 103 रन बनाये. स्मिथ ने कहा , सुदर्शन इस सत्र में गुजरात के लिए सबसे ज्यादा रन बना चुका है. सबसे तेजी से आईपीएल में 1000 रन पूरे किये हैं.

### रमित टंडन विश्व स्क्वाश के दूसरे दौर में

नयी दिल्ली। भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया. विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी. इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा.

### कप्तान गिल पर 24 लाख का जुर्माना

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है. यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था. इसके लिये हर खिलाड़ी पर छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है. गुजरात ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है. गुजरात इस समय 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें स्थान पर है जबकि चेन्नई 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है.

### ऋषभ पंत एक मैच के लिए सस्पेंड किए गए

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत एक मैच के लिए सस्पेंड हो गए हैं. इसके अलावा ऋषभ पंत समेत पूरी टीम के ऊपर तगड़ा जुर्माना भी लगाया गया है. पंत के ऊपर यह ऐक्शन आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़नेके लिए लिया गया है. ऋषभ की टीम ने सात मई को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान के खिलाफ मैच खेला था. इस दौरान दिल्ली कैपिटल्स का ओवर रेट काफी स्लो था. चूंकि इस सीजन में ऐसा तीसरी बार हुआ था, इसलिए यह कार्रवाई की गई है.

---

#### यूं ही नहीं छोड़ेंगे मुंबई इंडियंस, समझिए इशारा

# हार्दिक पंड्या से दो-दो हाथ करने के मूड में रोहित शर्मा

**शुभम संदेश नेटवर्क। मुंबई**

मैदान पर डटे रहो. जब तक आखिरी गेंद न निकल जाए तब तक लड़ते रहो. जिसने हथियार डाला, उसकी कहानी खत्म... इसे ही तो कहते हैं ट्रू स्पोर्ट्समैनशिप का असली फंडा, फाइटर या मैच विनर. कुछ ऐसे ही मूड में दिख रहे हैं भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान या मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा. हार्दिक पंड्या को भले ही कप्तानी मिल गई है, लेकिन रोहित उनके लिए मुंबई इंडियंस इतनी आसानी से नहीं छोड़ने वाले हैं. वह लड़ेंगे अपने हक के लिए. वह लड़ेंगे अपनी विरासत के लिए. वह लड़ेंगे अपने घर के लिए, अपने मंदिर के लिए. जी हां, आप सही पढ़ रहे हैं. कम से कम रोहित शर्मा और





अभिषेक नायर के बीच बातचीत के वीडियो से तो यही लगता है.

दरअसल, मुंबई इंडियंस टीम कोलकाता नाइटराइडर्स से होने वाले मुकाबले के लिए कोलकाता पहुंची है. इससे पहले दोनों टीमें ऐतिहासिक ईडन गार्डंस स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही थीं. इस दौरान दो पुराने यार रोहित शर्मा और कोलकाता के कोच अभिषेक नायर मैदान पर मिले तो सुख-दुख पर खुलकर बात की. गलती से इस बातचीत का वीडियो कोलकाता नाइटराइडर्स के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट हो गया.

#### रोहित शर्मा की बातों का मतलब समझिए

वीडियो में रोहित शर्मा अपने पुराने यार से बात करते हुए यह कहते पाए गए कि वह मेरा घर है. मैं उसे नहीं छोड़ने वाला. बहुत कुछ बदल गया है. मेरा क्या है मेरा तो आखिरी है. इसे मौजूदा कॉन्टेस्ट यानी मुंबई इंडियंस के अंदर खाने में चल रहे कप्तानी विवाद और हालात से जोड़कर देखा जा रहा है. इसका सीधा मतलब अगर निकाला जाए तो रोहित शर्मा को लेकर लगाए जा रहे कयास शायद गलत साबित हों. वह मुंबई इंडियंस खुद छोड़ने के पक्ष में नहीं दिख रहे. हां, अगर आईपीएल 2025 से पहले होने वाले मेगा ऑक्शन को लेकर रोहित शर्मा को फ्रेंचाइजी रिलीज करती है तो बात अलग है.

● **बुमराह और सूर्या भी खुश नहीं, इन सवालों का जवाब कौन देगा** : अब बात करते हैं हार्दिक पंड्या पर. देखिए हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापस लाना शायद ही किसी को गलत लगे, लेकिन 5 बार के चैंपियन कप्तान को हटाकर उन्हें जिम्मेदारी देना थोड़ा अजीब फैसला था. यह फैसला इसलिए भी हैरान करने वाला था, क्योंकि टीम में जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर खिलाड़ी हैं, जो कप्तानी करने की महत्वाकांक्षा रखते हैं.

#### क्या हार्दिक पंड्या के लिए 3 खिलाड़ियों की बली देगी मुंबई

दूसरी ओर, खबरें यह भी थीं कि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव अपने कप्तान हार्दिक पंड्या से खुश नहीं हैं. इसे लेकर उनकी और टीम के सीनियर्स के बीच कोई मीटिंग भी हुई है. अगर इस बारे में थोड़ी भी सच्चाई है तो मुंबई इंडियंस के लिए मामला गंभीर दिख रहा है. मुंबई को अगर हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाए रखना है तो इसके लिए कम से कम इन 3 खिलाड़ियों के सपोर्ट की जरूरत होगी. हां, अगर मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट हार्दिक पंड्या के बदले इन तीनों की बली देता है तो बात अलग है, लेकिन यह इतना आसान होगा नहीं. ये तीनों ही फिलहाल टीम के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं.

### प्लेआफ में पहुंचेगा गुजरात, चमत्कार होते हैं : गिल

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनाएगी. हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिये राह आसान नहीं है. गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है. गिल ने कहा, हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0.1 या 1 प्रतिशत है. हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं. उन्होंने कहा, क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कर किये हैं और हम फिर कर सकते हैं. चेन्नई के खिलाफ शतक जमाकर टीम को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचाने वाले गिल का मानना है कि उनकी टीम कुछ रन पीछे रह गई. उन्होंने कहा, मुझे लगा कि हम 10.25 रन पीछे रह गए. एक समय 15 ओवर में बिना किसी नुकसान के स्कोर 195 रन था और 250 तक पहुंचना चाहिए था.

---

#### सुपर किंग्स अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर

# प्लेऑफ में अपनी उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा चेन्नई

**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी. सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है. दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है. रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी. सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली. ये तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे.

डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा. टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी. भारत की विश्व कप टीम में चुना गया यह ऑलराउंडर गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाया था. जहां तक चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी





मैच का समय : 3:30 बजे से

**टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धौनी (विकेटकीपर), अरवेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोइन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रवींद्र जड़ेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश थीक्षाना, समीर रिज़वी.

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नंद्रे बर्गर, तनुश कोटियन, केशव महाराज.

का सवाल है तो तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा.यह मैच दिन में होगा और सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर इसका फायदा मिलेगा. जहां तक रॉयल्स का सवाल है की टीम जीत की राह पर लौट के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी. उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है. यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा. कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से अच्छे सहयोग की जरूरत है. अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह अपने इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे. उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी से राजस्थान का आक्रमण मजबूत बन जाता है. तेज गेंदबाजी विभाग में आवेश खान हालांकि पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी भरपाई वह इस मैच में करना चाहेंगे.

---

#### आईपीएल संभावना

# आरसीबी का दिल्ली के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**एजेंसी। बेंगलुरु**

लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाये रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा. आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है. गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया. दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है. ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी. आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जाएंगे. लगातार चार जीत और विराट कोहली के जबर्दस्त फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद हैं.

कोहली ने इस सत्र में सर्वाधिक 634 रन बना लिये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है. कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं. गेंदबाजों ने भी शुरुआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है. पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं. पंजाब के खिलाफ मैच के बाद सिराज और दयाल का इकॉनामी रेट इस सत्र में



**टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप.

पहली बार दस के नीचे गया. इस सत्र में लग रहे रनों के पहाड़ के बीच इसे अच्छा प्रदर्शन कहा जाएगा. इनकी परीक्षा दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235 . 87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं. डेविड वॉर्नर ने सात मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाये थे और चोट के कारण उनके बाहर होने के बाद मैकगुर्क खेल रहे हैं. सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी. कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अच्छी पारियां खेली है और आरसीबी के गेंदबाजों के सामने भी उनके लिये कठिन चुनौती होगी. गेंदबाजी में दिल्ली का पलड़ा भारी है. उसके पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर हैं जो मिलकर 24 विकेट ले चुके हैं. उनका इकॉनॉमी रेट भी नौ से कम रहा है. तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 और मुकेश कुमार 15 विकेट ले चुके हैं और दिल्ली को उनसे शुरुआती सफलताओं की उम्मीद होगी.

मैच का समय : शाम 7.30 बजे से

---

## नीरज चोपड़ा डायमंड लीग जीतने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी। दोहा**

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा चरण में दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की अगली प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं. चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 88.36 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया था. वह इस चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाले जैकब वाडलेज्च से केवल 2 सेंटीमीटर पीछे रह गए थे. सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में भाग ले रहे चोपड़ा ने अपने अंतिम प्रयास में



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए. दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे. चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए इस साल की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक है लेकिन डायमंड लीग भी काफी महत्वपूर्ण है. यह मेरी इस सत्र की पहली प्रतियोगिता है तथा मैं केवल 2 सेंटीमीटर के अंतर के कारण दूसरे स्थान पर रहा लेकिन अगली बार में इससे बेहतर प्रदर्शन करके जीत दर्ज करने की कोशिश करूंगा. डायमंड लीग का अगला चरण, जिसमें भाला फेंक स्पर्धा शामिल है, सात जुलाई को पेरिस में होगा. चोपड़ा ने कतर में भारतीय प्रशंसकों का भी आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा,यहां कतर में भारतीय लोगों से समर्थन मिलना शानदार रहा.

## आयरलैंड ने पाक को 5 विकेट से हराकर किया उलटफेर

**भाषा । डबलिन (आयरलैंड)**

क्रिकेट कभी-कभी कमजोर टीम भी मजबूत टीम पर भारी पड़ती है. आयरलैंड और पाकिस्तान के साथ चल रहे मैच में कुछ ऐसा ही हुआ. पाकिस्तान को इसका अंदाजा भी नहीं था. शुक्रवार को डबलिन में आयरलैंड और पाकिस्तान 15 सालों में पहली बार टी20 इंटरनेशल में एक-दूसरे से खेल रहे थे. जहां एंडी बालबर्नी के 77 रनों की बदौलत मेजबान टीम आयरलैंड ने मेहमान पाकिस्तान को रौंद दिया. आयरलैंड



ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया. इससे पहले दोनों टीमें 2009 में टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार आमने-सामने हुई थीं. आयरलैंड ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार पाकिस्तान को पटखनी दी. पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए इस मैच में निर्धारित 20 ओवर्स में 182/6 रनों का स्कोर खड़ा किया. पाकिस्तान की ओर से सैम अयूब (45), कप्तान बाबर आजम (57) ने मोहम्मद रिजवान (7) के आउट होने के बाद 85 रनों की दूसरे विकेट के लिए पार्टनरशिप की. 92 रन पर अयूब के आउट होने के बाद पाकिस्तान के विकेट ताश के पत्ते के तरह गिरने लगे और 123 रन के स्कोर पर आते आते उनकी आधी टीम आउट हो गई. अंत में आकर इफ्तिखार अहमद (37) और शाहीन शाह आफरीदी (14) ने शानदार पारियां खेलीं.

---

**बड़ी पहल**

#### 2036 के ओलंपिक मेजबानी पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा

# हम तैयार हैं और अन्य दावेदारों का आसानी से मुकाबला करेंगे

**एजेंसी। हमीरपुर**

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत करार देते हुए कहा कि देश अन्य दावेदारों का मुकाबला करने में सक्षम है. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के नए अध्यक्ष का चुनाव अगले साल होना है और ऐसे में 2036 के ओलंपिक खेलों के मेजबान का फैसला 2026 या 2027 से पहले होने की संभावना नहीं है. भारत की मेजबानी में दिलचस्पी को आईओसी के वर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक समर्थन भी हासिल है जिनका मानना है कि भारत का दावा



काफी मजबूत है. ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास पोलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको, कतर और सऊदी अरब जैसे कई देशों की दावेदारी का मुकाबला करने की क्षमता है तो उन्होंने कहा,हम पूरी तरह से तैयार हैं. हम आसानी से ऐसा कर सकते हैं.

#### हम पैसे से भी काफी मजबूत

ठाकुर ने इन खेलों पर होने वाले खर्च के संबंध में कहा, पिछले साल हमारा पूंजीगत व्यय 10 लाख करोड़ रुपए था और उससे एक साल पहले यह 7.5 लाख करोड़ रुपए था. इस साल यह 11,11,111 करोड़ रुपए है. खेल का बुनियादी ढांचा मुश्किल से 5,000 करोड़ रुपए है. अगर लागत 20,000 करोड रुपए तक भी जाती है तब भी ऐसा किया जा सकता है. भारत सरकार ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है तथा वह 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करके अपना दावा और मजबूत करना चाहती है.

#### ओलंपिक से गरीबों का भला होगा

ठाकुर से पूछा गया कि इस राशि का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं पर हो सकता है तो उन्होंने कहा कि ओलंपिक खेलों की मेजबानी से गरीबों को भी फायदा होगा. उन्होंने कहा, मैं आपको उदाहरण दूंगा. जब आईपीएल शुरू हुआ तो उसने इन एक दो महीनों में कई लोगों को रोजगार दिया और इनकी संख्या हजारों में नहीं बल्कि लाखों में है. यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है. भारत जैसे देश को ओलंपिक खेलों की मेजबानी से लाभ होगा. उन्होंने कहा,इस बार हमारे पदकों की संख्या दोहरे अंकों में पहुंचनी चाहिए.

**खेलों का पटरी पर लाना खेल संघों की जिम्मेदारी :** ठाकुर ने कहा,खेलो इंडिया ने देश में खेल का माहौल तैयार किया. लोग अब अपने बच्चों के लिए खेलों में भी करियर देख रहे हैं. खेल बजट तीन गुना बढ़ गया है. आज खेलो इंडिया के 1000 से भी अधिक केंद्र हैं. ठाकुर हालांकि भारतीय खेलों की चुनौतियों से भी वाकिफ हैं. इनमें डोपिंग से निपटना भी शामिल है. भारत विश्व में डोपिंग मामलों की दृष्टि से शीर्ष देशों में शामिल है. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सही रास्ते पर ले जाने का जिम्मा कोच और राष्ट्रीय महासंघ का है. खेल मंत्री ने कहा, अब हम अधिक नमूनों का परीक्षण करते हैं जिससे पॉजिटिव आने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी. महासंघों और कोचों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी. अगर वह पदक जीतने के लिए शॉर्टकट अपनाते हैं तो इससे नुकसान ही होगा. इससे खिलाड़ी का पूरा करियर बर्बाद हो सकता है. उन्हें सही रास्ते पर ही आगे बढ़ना होगा.

## गिल-सुदर्शन ने हमारी रणनीति को नाकाम कर दिया : फ्लेमिंग

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन की बेहतरीन पारियों ने उनकी टीम की रणनीति को नाकाम कर दिया. गिल के 55 गेंद में 104 रन और सुदर्शन के 51 गेंद में 103 रन की मदद से गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाये. जवाब में चेन्नई की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी. गुजरात अब आठवें और चेन्नई चौथे स्थान पर है. फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा , यह शानदार पारियां थीं. पहले ओवर से ही उन्होंने हमारी रणनीति



को नाकाम कर दिया. आखिरी ओवरों में हमने लौटने की कोशिश की. इन दो खिलाड़ियों की उम्दा पारियों ने हमें मैच में लौटने नहीं दिया. उन्होंने कहा , हमें अपने कुछ खिलाड़ियों की कमी खली. जो खिलाड़ी आज खेल रहे थे , उन्होंने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था तो मनोबल ऊंचा था.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना में आज करेंगे रोड शो, तैयारी पूरी



▪ भाजपा इसे मेगा शो बनाने की तैयारियों में जुटी हुई है

**संवाददाता । पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राजधानी पटना की सड़कों पर भाजपा के समर्थन में रोड शो करेंगे. बिहार में पहली बार यह किसी प्रधानमंत्री का रोड शो होगा. भाजपा इसे मेगा शो बनाने की तैयारियों में जुटी है. प्रदेश भाजपा कार्यालय के मुताबिक रोड शो डाक बंगला चौराहा (श्रीराम चौक) से शुरू होगा. यह एसपी वर्मा रोड, एग्जीबिशन रोड चौराहा से उमा सिनेमा होते हुए कदमकुआं, साहित्य सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड और फिर उद्योग भवन पहुंचेगा. यहां रोड शो समाप्त होगा. प्रधानमंत्री के पटना आगमन और रोड शो को लेकर कई मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा.

बताया गया है कि रविवार दोपहर बाद नेहरू मार्ग, एग्जीबिशन और फ्रेजर रोड पर वाहन नहीं चलेंगे. राज भवन, कदमकुआं, नाला रोड और अशोक राजपथ पर भी यातायात परिवर्तित रहेगा. शाम 6 बजे से पहले पटेल गोलंबर से एयरपोर्ट जाने वाले हवाई यात्रियों को टिकट दिखाकर जाने की अनुमित होगी. इसके बाद उन्हें वैकल्पिक मार्ग से एयरपोर्ट जाना पड़ेगा. पटना जंक्शन पर सिर्फ जीपीओ गोलंबर के नीचे से वाहनों के जाने की अनुमति होगी. यातायात पुलिस ने परेशानी से बचने के लिए

**बिहार में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का रोड-शो होगा**

ट्रेन पकड़ने के लिए पटना जंक्शन जाने वाले यात्रियों से करबिगहिया छोर का प्रयोग करने की अपील की है. ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि प्रतिबंधित मार्ग पर सिर्फ सरकारी वाहन, एंबुलेंस सहित आपातकालीन वाहन आ-जा सकेंगे. इस दौरान सभी मार्गों पर पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस की तैनाती रहेगी.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### रजौली पुलिस ने चोरी की 16 बाइक जब्त की

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के विभिन्न गांव में बाइक चोरी की घटना में लगातार घटित हो रही है, जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा ने रजौली थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसके बाद रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने एक्शन में कार्य करते हुए शनिवार को थानाक्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत और सिरोडाबर पंचायत के कई ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है.

### पूर्वी चंपारण में गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के दरपा थाना क्षेत्र में 2.40 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया. इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद छौड़ादानो अंचल पुलिस निरीक्षक धनंजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर बगही चौक के समीप एक तस्कर को एक किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर छापेमारी कर अन्य जगह पर छुपा कर रखे 1.040 किलोग्राम गांजा और बरामद किया गया. गिरफ्तार तस्कर की पहचान दरपा थाना क्षेत्र निवासी कलाम आलम के रूप में हुई है.

### संग्रामपुर में डूबने से एक बच्ची की मौत

**संग्रामपुर ।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को चवर के गढ़े में भरे पानी मे डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई. मृतका पश्चिमी मधुबनी पंचायत के वार्ड 11 इन्द्रगाछी परती टोला गांव निवासी शिवपूजन बैठा की दस वर्षीय पुत्री सरिता कुमारी हैं. घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला. मृतका की मां आशा देवी व भाई प्रदीप कुमार ने बताया कि सरिता सुबह बकरी चराने चिकनौटा चंवर के तरफ गई थी .तभी शौच के क्रम पानी में चवर किनारे गई जहां पैर फिसल गया व गहरे पानी में डूब गई. परिजन व ग्रामीण जब तक पहुंच पानी से निकालते तब तक की उसकी मौत हो चुकी थी.

### एनडीए प्रत्याशी गिरिराज के समर्थन में बेगूसराय पहुंचे असम सीएम बोले-

# मोदी को 400 सीटें मिलीं तो देश से लव-जिहाद खत्म होगी : हिमंत

**संवाददाता । पटना**

बेगूसराय संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को बेगूसराय पहुंचे. यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने चिर-परिचित अंदाज में विरोधियों पर जमकर हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारिफ की. हिमंत बिस्वा सरमा ने पाकिस्तान और लव जिहाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस बार पीएम नरेंद्र मोदी को 400 सीटें मिलीं तो देश में लव-जिहाद करने की हिम्मत किसी में नहीं रहेगी.

उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान के लोग आकर भारत में बम फेंकते थे लेकिन पीएम मोदी ने दो बार पाकिस्तान पर बम फेंक दिया तो अब कोई आता है क्या? ऐसे ही दो-चार लव जिहाद वालों के टांग तोड़ देंगे तो जिंदगी में कोई लव जिहाद करने की हिम्मत नहीं करेगा. इस देश के अंदर से जो भी गलत चीजें है, वह खत्म हो सकें, इसके लिए हमें मोदी की सरकार चाहिए. हिमंत ने कहा कि यदि देश हिंदू राष्ट्र हो जाता है तो बहुत सी समस्याओं का अपने आप समाधान हो जाएगा. उन्होंने कहा कि हम तो तीन शादियां नहीं करते हैं. आप देश को हिंदू बना दो, देश की बहुत सारी समस्याएं हिंदू ही हल कर लेगा. हिमंत ने कहा कि धर्म और संप्रदाय का मुद्दा हमारे देश में हमेशा रहा है.

हमारे देश का विभाजन भी धर्म के आधार पर हुआ था. उन्होंने कहा कि जब देश सनातन हो जाएगा तो बेरोजगारी भी अपने आप रास्ता ले लेगी. हाल में सुर्खियों में रही एक रिपोर्ट की ओर इशारा करते हुए हिमंत ने पूछा कि आज किस कौम की आबादी बढ़ रही है? 45 फीसदी आबादी किसकी बढ़ी है? हिंदू की आबादी तो नहीं बढ़ी है.



### पीएम रोड-शो करेंगे,हमने तो जॉब-शो किया : तेजस्वी

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि अच्छी बात है कि वे (पीएम मोदी) रोड शो कर रहे हैं हमने तो 'जॉब-शो' किया और आगे भी 'जॉब-शो' करने का काम करेंगे. अगर उनके रूट प्लान में पटना विवि नहीं है तो जरूर लगवा लें. चाचा जी (नीतीश कुमार) ने कहा था कि पटना विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा दे देंगे. बिहार को खास राज्य का दर्जा तो दूर, स्पेशल पैकेज तो दूर कम से कम पटना विवि को ही केंद्रीय विवि का दर्जा दे देते.

### मल्लिकार्जुन खरगे ने पटना में की बैठक, दो नेताओं ने दिया इस्तीफा

**पटना ।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे. यहां उन्होंने पार्टी के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर भाजपा को मात देने की रणनीति तय की. हालांकि, कांग्रेस की बैठक के बीच ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है. दोनों नेताओं ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है. विनोद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित और राज्यहित में दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. कांग्रेस ने बिहार में जंगलराज-2 की शुरुआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए हैं. भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली में लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है.

# झंझारपुर में सनकी दामाद ने पत्नी और सास सहित चार को मौत के घाट उतारा

**एजेंसी । पटना**

मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक सनकी दामाद ने अपने ही परिवार के 4 लोगों की हत्या ससुराल में कर दी. सनकी दामाद ने अपनी सास, पत्नी और बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है. इस हत्याकांड के बाद शनिवार सुबह से ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है. सनकी युवक ने सास और पत्नी के साथ अपने 6 माह के नवजात बच्चे और 4 साल की मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया है. घटना के बाद युवक फरार है. घटना गोधनपुर गांव की है. दरभंगा निवासी अवाम गांव के पवन महतो की पत्नी पिछले कुछ माह से अपने मायके झंझारपुर के सूखैत में अपने दो बच्चों के साथ रह रही थी. उसका पति के साथ कोई विवाद चल रहा था. शुक्रवार की रात पवन महतो अपने एक साथी के साथ आया और उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी देवी (26), 4 साल की बेटी प्रिया और छह माह की बेटी प्रीति को जांता (अनाज पीसने का पत्थर का बना सामान) और उसके लकड़ी के हैंडल से मार डाला.



# लखीसराय में मतदान से पहले हथियारों का जखीरा बरामद

**संवाददाता । लखीसराय**

मुंगेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लखीसराय जिले के विभिन्न होटलों में पुलिस ने शनिवार को ताबड़तोड़ छापेमारी की. इस दौरान पुलिस को गढ़ी चौक स्थित होटल बुद्धा रेजिडेंट से मोडीफाई हथियार मिले. इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है. सभी लोग नवादा जिले के रहने वाले हैं. पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है. एसडीपीओ शिवम कुमार ने शनिवार को बताया कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत लखीसराय में शुक्रवार की रात एक साथ कई होटलों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गयी. ये छापेमारी दो दिनों के बाद यहां होने वाले मतदान को देखते हुए की गयी है. मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) प्रतीक कुमार ने बताया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार तक वाहन जब्त करने का अभियान चलाया जायेगा. करीब 700 वाहनों की जब्ती अभी तक हो चुकी है.

### मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति की हुई चोरी

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के पताही थाना क्षेत्र के बखरी और नोनफरवा गांव स्थित राम-जानकी मंदिर से शुक्रवार की रात सीता माता की मूर्ति चोरी कर ली गई. चोरी हुई दोनों मंदिरों की मूर्ति अष्टधातु की बताई गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है. इस संबंध में दोनों मंदिर के पुजारी ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है. एक ही रात में इस तरह से दो मंदिर में मूर्तियों की चोरी हो जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. इसके पूर्व पताही के ही बोकाने कला गांव के मंदिर से मूर्ति के चोरी हुई थी.

## कारोबार

### प्रेस्टीज के सीईओ वेंकट ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** यल्टी कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकट नारायण ने निजी हितों को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है. वेंकट ने अगस्त 2017 में प्रेस्टीज एस्टेट्स के सीईओ की जिम्मेदारी संभाली थी. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वेंकट ने 10 मई, 2024 को कंपनी के सीईओ पद और बोर्ड की समितियों से अपना इस्तीफा दे दिया है. बोर्ड ने शुक्रवार को हुई बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया.

### एयर इंडिया ने बनाया रणनीतिक भागीदार

**नयी दिल्ली ।** एयर इंडिया ने बेंगलुरु में रखरखाव सुविधाएं विकसित करने के लिए एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को रणनीतिक भागीदार बनाया है. वर्ष 2026 तक तैयार होने वाली इन सुविधाओं में चौड़े और संकरे आकार वाले विमानों की मरम्मत की जा सकेगी. इससे एयर इंडिया समूह के विमान बेड़े के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी. एयरलाइन ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि साझेदारी के तहत काम करेगी.

### यूबीआई का शुद्ध लाभ 18.36 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने शनिवार को बताया कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 18.36 प्रतिशत बढ़कर 3,328 करोड़ रुपये हो गया. बैंक ने बताया कि फंसे हुए कर्ज के लिए कम प्रावधान के चलते उसका मुनाफा बढ़ा. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का संचयी शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13,797 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 8,512 करोड़ रुपये था. समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का एकल शुद्ध लाभ बढ़कर 3,311 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 2,782 करोड़ रुपये था.

### चीन और भारत के बीच 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ

# भारत और चीन के बीच बढ़ रहा है व्यापार

**भाषा । नयी दिल्ली**

विश्व में जैसे भी हालात रहे हों लेकिन एक दूसरे देश के बीच व्यापार जारी रहता है. इसमें उन देशों के साथ भी व्यापार चलता रहता है जिसके साथ किसी तरह के विवाद को लेकर रिश्ते थोड़े कमजोर पड़ जाते हैं. इसमें अमेरिका, रूस और अरब के साथ चीन भी है. वही चीन जिसके साथ सीमा विवाद भारत का दशकों से कायम है. लेकिन जब द्विपक्षीय व्यापार की बात आती है तो वो बातें पीछे छूट जाती हैं. चीन के साथ कुछ ऐसा ही है. देखा जाया तो वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक चीन और भारत के बीच 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ है. वहीं अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 8 लाख 91 हजार करोड़ रुपये के करीब रहा है. कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, एफवाई23 में 10 लाख 38 हजार 772 करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर था. 9 लाख 13 हजार 705 करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था. वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक भारत से चीन को 1 लाख 25 हजार 47 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट हुआ. वहीं चीन से 7 लाख 78 हजार 161 करोड़ रुपये का इंपोर्ट हुआ. इस तरह सबसे ज्यादा आयात चीन से किया गया.

हालांकि भारत से सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को हुआ है. अप्रैल-फरवरी के दौरान अमेरिका का निर्यात 5 लाख 79 हजार 401 करोड़ रुपये का रहा. वहीं अमेरिका से 3 लाख 11 हजार 464 करोड़ रुपये का आयात किया गया. मार्च के फाइनल डेटा अपडेट होने पर पोजिशन बदल सकती है. एफवाई23 के मुकाबले एफवाई24 में अप्रैल-फरवरी के बीच टॉप पांच ट्रेड पार्टनर देशों के क्रम में एक और बदलाव हुआ. सऊदी अरब को पीछे छोड़कर रूस भारत का चौथा बड़ा ट्रेड पार्टनर बन गया. एफवाई24 (फरवरी तक) में 6 लाख 19 हजार करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ तीसरे नंबर पर यूनाइटेड अरब अमीरात की पोजिशन कायम रही. एफवाई23 में भारत और सऊदी अरब के बीच 4 लाख 23 हजार 843 करोड़ रुपये का ट्रेड हुआ. रूस के साथ आंकड़ा 3 लाख 99 हजार 466 करोड़ रुपये का था. लेकिन एफवाई24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 4 लाख 91 हजार 803 करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ रूस चौथे स्थान पर आ गया. सऊदी अरब के साथ ट्रेड का आंकड़ा 3 लाख 26 हजार 935 करोड़ रुपये का रहा.

जानकारों का मानना है कि भारत पिछले कुछ सालों से दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है. यह सिलसिला आने वाले सालों में जारी रहेगा. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक समेत तमाम संस्थाओं की ओर से भी लगातार इस तरह का भरोसा जताया जा रहा है. इसे सारी दुनिया देख रही है. कई कंपनियां जो पहले चीन में थीं वह अब भारत का रूख कर चुकी हैं. इससे चीन भारत के साथ व्यापारिक संबंध को बढ़ाने में लगा है. इसके पीछे कारण है भारत में संपत्ति बाजार की सेहत अच्छी है. औद्योगिक क्षमता में सुधार हो रहा है. भारत में घरेलू खपत लगातार बढ़ रही है. साथ ही निवेश मांग भी उसी अनुपात में मज़बूत हो रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि भारत पर मंदी का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है. हालांकि मंदी के मामले में ब्रिटेन के हालात सुधर रहे हैं. 2024 की पहली तिमाही जनवरी से मार्च के दौरान ब्रिटेन की इकॉनमी ने 0.6 फीसदी की दर से विकास किया है.



**भारत चीन**

- भारत से सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को हुआ
- रूस भारत का चौथा बड़ा ट्रेड पार्टनर बन गया है

### पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह : आईएमएफ

**इस्लामाबाद ।** अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है. एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई. पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल शुक्रवार को यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है. इस्लामाबाद ने विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था. आईएमएफ का दल इस अनुरोध पर चर्चा के लिए आया है. जियो न्यूज ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान पर जारी अपनी स्टाफ रिपोर्ट में आईएमएफ के हवाले से कहा कि कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता गंभीर जोखिमों के अधीन है, और यह नीतियों को लागू करने तथा समय पर बाहरी वित्तपोषण पर निर्भर है. रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेष रूप से सुधारों को अपनाने में देरी, उच्च सार्वजनिक ऋण और सकल वित्त पोषण की जरूरतें और सामाजिक-राजनीतिक कारक-नीति कार्यान्वयन को खतरे में डाल सकते हैं.

### होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस

# 80.74% हिस्सेदारी अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

▪ प्रेमजी इनवेस्ट 11 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी, जबकि बाकी की हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी

HOME CREDIT

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

टीवीएस होल्डिंग्स लि. कुल 554.06 करोड़ रुपये में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी. इसके अलावा शेष 19.26 प्रतिशत हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी. इस तरह कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ रुपये का है. कुल 686 करोड़ रुपये में से टीवीएस होल्डिंग्स 80.74 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 554.06 करोड़ रुपये भुगतान कर रही है. वहीं प्रेमजी इनवेस्ट 11 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी. टीवीएस होल्डिंग्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस (एचसीआईएफपीएल) के 88,09,45,401 इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी. यह 80.74 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है. कंपनी यह हिस्सेदारी नीदरलैंड स्थित होम क्रेडिट इंडिया बीवी और चेक गणराज्य स्थित होम क्रेडिट इंटरनेशनल एएस से ले रही है. इस हिस्सेदारी अधिग्रहण की कुल लागत 554.06 करोड़ रुपये है. सूचना के अनुसार, होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस कर्ज देने के कारोबार से जुड़ी है और उपभोक्ता वित्तपोषण बाजार तथा व्यक्तिगत ऋण खंड की अग्रणी इकाइयों में से एक है. इसका कारोबार 2022-2023 में 1,720 करोड़ रुपये का था. टीवीएस होल्डिंग्स लि. ने कहा कि यह अधिग्रहण उपभोक्ता वित्त क्षेत्र में विस्तार करने, अपने कारोबार को और मजबूत करने की उसकी रणनीति के अनुरूप है.

**अर्थव्यवस्था**

### 26 अप्रैल को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 637.92 अरब डॉलर था

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़ा

**भाषा । नयी दिल्ली**

किसी देश के अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी मुद्रा काफी अहम होता है. इसमें बढ़ोतरी या कमी उसकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है. इस पर भारत की कड़ी नजर रहती है. इस मामले में भारत की स्थिति बेहतर मानी जा रही है.

पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़ा है. यह बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया है. भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी. इससे पहले 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था. यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था. उधर, 3 मई को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में भी इजाफा हुआ है. यह 1.1 अरब डॉलर बढ़कर 9.1 अरब डॉलर हो गया.

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रहीं. एफसीए का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कर्ज चुकाने और देश की मुद्रा को स्थिर रखने के लिए किया जाता है. यह जितना अधिक होता है, देश के लिए उतना ही अच्छा होता है. इसका मतलब है कि देश के पास अंतरराष्ट्रीय भुगतान करने और आर्थिक झटकों का सामना करने की अधिक क्षमता है. डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है.

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा. केंद्रीय बैंक के मुताबिक, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया. समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 14 करोड़ डॉलर घटकर 4.49 अरब डॉलर रह गई.



**विदेशी मुद्रा**

- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 641.59 अरब डॉलर
- पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 9.1 अरब डॉलर

# अफ्रीकी देशों के साथ चिकित्सा पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

▪ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अफ्रीका के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा मिल सकता है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अफ्रीकी देशों के साथ चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल-कौशांबी ने उद्योग निकाय फिक्की की मदद से यहां एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल-कौशांबी ने एक बयान में कहा कि मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) के बढ़ते क्षेत्र और इसकी संभावनाओं पर विचार करने के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में अफ्रीकी देशों के प्रमुख राजनयिक शामिल हुए. बयान के मुताबिक एमवीटी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अफ्रीका के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा मिल सकता है. कार्यक्रम में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा और प्रबंध निदेशक डॉ उपासना अरोड़ा ने एमवीटी के महत्व और अंतरराष्ट्रीय रोगियों के लिए उसके महत्व के बारे में बताया. इस दौरान मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, अल्जीरिया, युगांडा, मेडागास्कर, इथियोपिया और कई अन्य अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे. डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि हम इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फिक्की और राजदूतों के गहराई से आभारी हैं. हम भारत और अफ्रीकी देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवा सहयोग बढ़ने की आशा करते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### उ. कोरिया ने रॉकेट लांच सिस्टम का परीक्षण किया

**सियोल ।** उत्तर कोरिया ने एक साथ कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण किया, इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन मौजूद रहे. सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी. उत्तर कोरिया की समाचार समिति ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण से कई रॉकेट को लॉन्च करने की प्रणाली और उसमें उपयोग किए जाने वाले गोलों तथा उनकी विनाशकारी शक्ति का पता चला. समिति ने कहा कि इस प्रणाली को 2024 से 2026 तक लड़ाकू इकाइयों में तैनात किया जाएगा.

### सांबा में बीएसएफ ने ड्रोन पर की गोलीबारी

**सांबा/जम्मू ।** बीएसएफ के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर शुक्रवार रात गोलीबारी की. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने देर रात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही देखी और लगभग 24 गोलियां चलाईं. उन्होंने बताया कि ड्रोन वापस पाकिस्तान की सीमा में चला गया. अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.

### पूर्वी कांगो में बमबारी, 35 लोगों की मौत हुई

**गोमा (कांगो) ।** पूर्वी कांगो में विस्थापितों के दो शिविरों पर पिछले सप्ताह हुई बमबारी में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर लगभग 35 हो गई, जबकि दो लोगों की हालत बेहद गंभीर है. उत्तर किवु राज्य में शिविरों पर हमले हुए थे. स्थानीय नेता एरिक बवानापुवा ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में मृतकों की संख्या के बारे में जानकारी दी. पूर्वी कांगो के मुगुंगा और लैक वर्ट शिविरों पर बमबारी के लिए कांगो की सेना और विद्रोही समूह 'एम23' एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं.

### भाजपा नेता देवराजे चित्रदुर्ग से गिरफ्तार

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक) ।** भाजपा नेता और पेशे से वकील जी. देवराजे गौड़ा को हासन से जनता दल सेक्युलर के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर जुड़े एक अश्लील वीडियो को सार्वजनिक करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, पेन ड्राइव के जरिये वीडियो लीक करने के आरोप में देवराजे गौड़ा को हिरियुर पुलिस ने चित्रदुर्ग जिले के गुलिहाल टोल नाका पर गिरफ्तार किया. पुलिस ने बताया कि गौड़ा को हासन पुलिस से मिली सूचना पर गिरफ्तार किया गया.

### उत्तरी अफगानिस्तान में बारिश, 50 की मौत

**इस्लामाबाद ।** अफगानिस्तान के बघलान प्रांत में बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में शुक्रवार को कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई. तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बघलान में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने बताया कि बाढ़ से घरों और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है. उन्होंने कहा कि बाढ़ आने के बाद से अनेक लोग लापता हैं इससे मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है.



## जेल से निकलने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की सभा



# कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन, वन नेशन-वन लीडर

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से निकलने के दूसरे दिन दिल्ली के लोगों को संबोधित किया. उन्होंने कहाः नरेंद्र मोदी तानाशाह हैं. उनका एक ही मिशन है- वन नेशन-वन लीडर. यह बेहद खतरनाक मिशन है. वह देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं. जितने विपक्ष के नेता है, उन्हें जेल भेज देंगे और भाजपा के नेताओं को निपटा देंगे. इन्होंने लालकृष्ण आडवाणी को किनारे किया, मुरली मनोहर जोशी को साइड किया, वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, रमण सिंह, मनोहर लाल खट्टर सबका राजनीतिक कैरियर खत्म कर दिया.

इससे पहले केजरीवाल ने कनॉट पैलेस स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की. फिर सभा को संबोधित किया. करीब 20 मिनट के भाषण में केजरीवाल पूरे फॉर्म में दिखे. उन्हें सुनने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे. वहां मौजूद भीड़ का जोश देख कर यह समझा जा सकता है कि केजरीवाल का क्रेज आज भी बरकरार है. केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद भी इस्तीफा नहीं देने के उठते सवालों पर कहा कि मुख्यमंत्री का पद उनके लिए मायने नहीं रखता.


## प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किया हमला, बोलीं

# भाजपा आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा का सम्मान नहीं करती

**भाषा । नंदूरबार**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी भाषणों को खोखली बातें करार दिया. आरोप लगाया कि वह राजनीति का इस्तेमाल केवल सत्ता हासिल करने के लिए कर रहे हैं, न कि लोगों की सेवा के लिए. वह महाराष्ट्र की नंदूरबार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गोवाल पाडवी के समर्थन में यहां एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं. प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन पहले इस आदिवासी बहुल निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया था.

प्रियंका ने कहा, मोदी जी जो भी बोलते हैं वे खोखली बातें हैं जिनमें कोई वजन नहीं होता. उन्होंने कहा, मुझे नरेंद्र मोदी की किसी आदिवासी के घर जाकर उनकी समस्याएं समझने की एक तस्वीर दिखाइए. प्रियंका ने लोगों से कहा, आपकी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करना राजनीतिक नेताओं का कर्तव्य है. भाजपा आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा का सम्मान नहीं करती. उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नये संसद भवन का उद्घाटन करने और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गयी



### इंदिरा गांधी ने पाक के दो टुकड़े कर दिये

प्रियंका ने कहा कि जब आदिवासियों को वास्तव में सम्मान देने की बात आती है, तो मोदी जी पीछे हट जाते हैं. प्रियंका ने कहा, मोदी जी एक बच्चे की तरह रोते हैं और कहते हैं कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है. यह सार्वजनिक जीवन है इंदिरा से सीखें दुर्गा जैसी महिला, जिसने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये. उनकी बहादुरी, साहस और दृढ़ संकल्प से सीखें, लेकिन आप तो उन्हें राष्ट्रविरोधी कहते हैं, आप उनसे क्या सीख सकते हैं.

## वाईएसआरसीपी, तेदेपा, जनसेना भाजपा की 'बी' टीम : राहुल गांधी



**भाषा । कडप्पा (आंध्र प्रदेश)**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और राज्य के अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना के संस्थापक पवन कल्याण) हैं. कडप्पा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं का 'रिमोट कंट्रोल' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है. पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए प्रेरणा थी. गांधी ने तीनों दलों पर निशाना साधते हुए कहा, आज आंध्र प्रदेश को भारतीय जनता पार्टी की 'बी' टीम चला रही है. भाजपा की 'बी' टीम का मतलब है-बी से बाबू, जे से जगन और पी से पवन. इन तीनों लोगों का 'रिमोट कंट्रोल' नरेन्द्र मोदी के पास है. उन्होंने कहा कि ये नेता मोदी के नियंत्रण में हैं क्योंकि उनके पास ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियां हैं.

## ओडिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले

# कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पायेगी एनडीए लोस में 400 के पार जाएगा

- पीएम ने कहा कि आज ही के दिन 26 साल पहले वाजपेयी सरकार ने पोकरण (परमाणु) परीक्षण किया था

**भाषा । भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा में कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पायेगी. चुनाव के बाद कांग्रेस को विपक्षी पार्टी का दर्जा भी नहीं मिलेगा. पीएम मोदी कंधमाल लोकसभा सीट के फुलबनी में आयोजित रैली में बोल रहे थे. कहा कि भारत ने मन बना लिया है कि एनडीए लोकसभा में 400 के पार जायेगा. उन्होंने ओडिशा के लोगों से कहा कि इस बार राज्य में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री बनेगा, जो उड़िया भाषा, संस्कृति को समझता हो. ओडिशा को पहली बार डबल इंजन सरकार मिलेगी. अपने भाषण के क्रम में पीएम ने कहा कि आज ही के दिन 26 साल पहले वाजपेयी सरकार ने पोकरण (परमाणु) परीक्षण किया था. जिससे दुनिया भर में भारत का कद बढ़ा. अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र कर कहा कि भाजपा ने लोगों का 500 साल का इंतजार खत्म कराया.



### उड़ान में अभद्र बर्ताव को लेकर यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी

**मंगलुरु (कर्नाटक) ।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल की शिकायत के बाद दुबई और मंगलुरु के बीच उड़ान के दौरान अभद्र व्यवहार करने को लेकर एक यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने बताया कि उड़ान के सुरक्षा समन्वयक सिद्धार्थदास ने बाजपे पुलिस थाने में मोहम्मद बी सी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी. उसने कहा कि घटना नौ मई की सुबह हुई और उसी दिन शाम को केस दर्ज की गई. पुलिस के अनुसार मोहम्मद ने आठ मई की रात को एअर इंडिया एक्स. की उड़ान से दुबई से मंगलुरु की यात्रा कर रहे थे.

## तेलंगाना सीएम ने मोदी सरकार से पूछा

# सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट हमला हुआ भी था या नहीं

**एजेंसी । हैदराबाद**

लोकसभा चुनाव के बीच पुलवामा आतंकी हमले और बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर फिर राजनीति शुरू हो गयी है. लगातार विपक्ष के नेता इस पर सवाल उठा रहे हैं. अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है.

रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि पुलवामा हमला आईबी और इंटेलिजेंस के फेल होने की वजह से हुआ. कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उस पर कुछ नहीं किया है. उसके बाद खबर आयी कि सर्जिकल स्ट्राइक की गयी. उन्होंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक हुई भी या नहीं, पता नहीं. आरोप लगाया कि सर्जिकल स्ट्राइक का भाजपा ने फायदा उठाया. रेवंत रेड्डी ने पुलवामा हमले के बाद की गयी बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक पर भी संदेह किया. कहा कि सुरक्षा चूक की वजह से पुलवामा हमला हुआ.

### ममता बनर्जी ने पूछा- राज्यपाल को इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए

**सप्तग्राम (पश्चिम बंगाल)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि उनको यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए. हुगली लोकसभा सीट से उम्मीदवार के समर्थन में यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक बोस राज्यपाल बने रहेंगे तब तक वह राजभवन के अंदर कदम नहीं रखेंगी. उन्होंने कहा कि राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लेकिन, राज्यपाल मैं कहती हूं कि आपकी 'दादागीरी' अब काम नहीं करेगी.

## केजरीवाल के बयान पर अमित शाह ने कहा-

# विपक्ष को खुश होने की जरूरत नहीं, मोदी ही देश का नेतृत्व करेंगे

**एजेंसी । हैदराबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में कहा कि पीएम मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे. एक प्रेस कान्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल के बयान के संदर्भ में पूछे गये सवाल पर अमित शाह ने यह जवाब दिया. कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी सहित इंडी अलायंस को कहना चाहता हूं कि मोदी जी 75 साल के हो जायें, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है. यह भाजपा के संविधान में कहीं नहीं लिखा है. कहा कि मोदी जी ही यह टर्म पूरा करेंगे और आगे भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे. इस मामले में भाजपा में कोई कन्फ्यूजन नहीं है. इससे पहले उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित किया. रैली में अमित शाह ने दावा किया कि इस बार भाजपा तेलंगाना में 10 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी. दरअसल केजरीवाल ने शनिवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था कि मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं. 2014 में मोदीजी ने नियम बनाया था कि भाजपा में जो भी 75 साल का होगा, उसे रिटायर कर दिया जायेगा.

### यूपी में सनकी युवक ने परिवार के पांच को मार डाला, खुद भी जान दी

**लखनऊ ।** यूपी के सीतापुर में दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया है. रामपुर-मथुरा थाना क्षेत्र के पल्हापुर गांव में सनकी युवक ने एक झटके में ही अपने पूरे परिवार को खत्म कर दिया. युवक ने पहले अपनी मां को गोली मारी. फिर अपनी पत्नी की हथौड़े से मारकर जान ले ली. इतना ही नहीं युवक ने अपने तीनों मासूम बच्चों को भी छत से फेंककर मार डाला. इसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली. मृतकों की पहचान अनुरा (45 साल), उसकी मां सावित्री (65 साल), बीवी (40 साल) और तीन बच्चे (उम्र 12, 9 और 6 साल) के रूप में हुई है.

## अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर जिले में रोड शो के दौरान कहा-

# लोगों ने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया

**भाषा । हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर जिले में एक रोड शो किया और कहा कि लोगों के उत्साह से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि उन्होंने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है. हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ठाकुर ने कहा कि लोग केंद्र में भाजपा नीत सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं. हमीरपुर से चार बार सांसद रहे ठाकुर ने सुबह अपना कार्यक्रम शुरू किया और कुलदेवी-अवाहदेवी मंदिर जाकर खुद के लिए और पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगा. उन्होंने अपने माता-पिता से आशीर्वाद भी लिया. अवाहदेवी से हमीरपुर तक निकाले गए रोड शो में ठाकुर खुली जीप में सवार होकर शामिल हुए. उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख राजीव बिंदल और सुजानपुर तथा बड़सर से भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र राणा और आईडी लखनपाल भी थे. उन्होंने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना भी की, जहां पार्टी के सैकड़ों स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. शहर में चारों ओर भाजपा के झंडे, बैनर और होर्डिंग्स लगे नजर आ रहे थे.



## कॅरियर-काउंसिलिंग

# साउंड इंजीनियर : छात्रों को बेसिक से पोस्ट प्रोडक्शन तक सिखाया जाता है

**संवाददाता । रांची**

साउंड इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की एक ऐसी शाखा है, जिसके अंदर साउंड को समझने, सुधारने तथा एक नई किस्म का साउंड तैयार करना सिखाया जाता है. इसमें आपको साउंड की कला (उतार-चढ़ाव) को समझने की आवश्यकता होती है. इसमें म्यूजिक, मूवीज, थिएटर, रिकॉर्डिंग, मिक्सिंग, रिप्रोडक्शन से संबंधित चीजें सिखायी और पढ़ाई जाती है. इसमें म्यूजिक, स्पीच और स्टूडियो के साउंड की क्वालिटी को बेहतर बनाना होता है. इसके लिए फिल्मों, रेडियो, और टेलीविज़न में कई तरह के टेक्निकल इंस्ट्रीमेंट्स का प्रयोग किया जाता है. यह एक कला है, जो किसी भी प्रकार के साउंड को समझने, उन्हें रिकॉर्ड और प्रोड्यूस करने के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जिसे हम प्राय: ऑडियो मिक्सिंग के नाम से भी जानते हैं. साउंड इंजीनियरिंग में छात्रों को बेसिक से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक की पूरी कला सिखाई जाती है.

### कैसे-कैसे साउंड इंजीनियर

- मॉनिटर ऑडियो इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- वायरलेस माइक्रोफोन इंजीनियर
- गेम ऑडियो डिजाइनर इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर
- स्टूडियो रिकॉर्डिंग इंजीनियर



### साउंड इंजीनियर के लिए आवश्यक स्किल्स

- म्यूजिक व ट्यून की समझ होनी चाहिए.
- सुनने की अच्छी शक्ति होनी चाहिए.
- विभिन्न प्रकार के एडिटिंग व मिक्सिंग सॉफ्टवेयर को चलाने में सक्षम होना चाहिए.
- आवाज के वेबलेंथ व फ्रीक्वें सी के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए.
- बेसिक कंप्यूटर नॉलेज
- केबल्स की सोल्डरिंग करनी आनी चाहिए.
- इंग्लिश व कम्यूनिकेशन स्किल का होना जरूरी है.

### साउंड इंजीनियरिंग के कौन से पाठ्यक्रम

- डिप्लोमा कोर्सेज
- सर्टिफिकेट कोर्सेज
- बैचलर कोर्सेज
- मास्टर कोर्सेज

### भारतीय संस्थान

- आईआईटी खड़गपुर
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म एंड फाइन आर्ट्स निफ्फा, कोलकाता
- सरकारी फिल्म और टेलीविजन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे
- एप्लाइड साइंस कॉलेज, वडक्कनचेरी
- रयात बहरा विश्वविद्यालय, मोहाली
- संगीत विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय
- जी इंस्टिट्यूट ऑफ मीडिया आर्ट्स
- मीडिया स्टडीज के देवीप्रसाद गोयनका मैनेजमेंट कॉलेज
- सीएमआर विश्वविद्यालय

### साउंड इंजीनियरिंग में कॅरियर

- मॉनिटर साउंड इंजीनियर
- लाइव कॉन्सर्ट इंजीनियर
- साउंड टेक्नीशियन
- ऑडियो इंजीनियर
- रिकॉर्डिंग इंजीनियर
- ब्रॉडकास्ट इंजीनियर
- साउंड डिजाइनर
- म्यूजिक प्रोड्यूसर
- रीमिक्सिंग इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- डिजिटल रीमास्टरिंग इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)